* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

20 अगस्त, 2025
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 300

पीएम नरेंद्र मोदी से मिले चीन के विदेश मंत्री, दोनों देशों के संबंध मजबूत करने पर की बात












# आइएएस अधिकारी विनय चौबे को मिली सशर्त जमानत

## शराब घोटाला: समय पर चार्जशीट फाइल नहीं होने का मिला फायदा

- 20 मई को एसीबी ने किया था गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के शराब घोटाला मामले में जेल में बंद आइएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे को एसीबी कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने बीएनएसएस की धारा 187(2) के तहत उन्हें डिफॉल्ट जमानत दी है। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि जमानत पर रहने के दौरान चौबे राज्य से बाहर जाने से पहले कोर्ट को सूचना देंगे। साथ ही ट्रायल की अवधि में वे अपना मोबाइल नंबर भी नहीं बदल सकते। जमानत की शर्त के तौर पर कोर्ट ने 25-25 हजार रुपये के दो निजी मुचलके भरने का आदेश भी दिया है।

### 90 दिन हुए पूरे, नहीं दाखिल हुई चार्जशीट

शराब घोटाला मामले में एसीबी ने 90 दिनों की निर्धारित समय सीमा पूरी होने के बावजूद चार्जशीट दाखिल नहीं की। जांच एजेंसी का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति आदेश प्राप्त नहीं होने के कारण चार्जशीट दाखिल नहीं की जा सकी।

कानूनन यदि निर्धारित अवधि में चार्जशीट दाखिल नहीं होती है, तो आरोपी स्वतः डिफॉल्ट जमानत के पात्र हो जाते है। इसी आधार पर कोर्ट ने विनय चौबे को राहत दी है।

### 91 दिन रहे जेल में

एसीबी टीम ने विनय कुमार चौबे को 20 मई को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। गिरफ्तारी के बाद 18 अगस्त को उनके 91 दिन जेल में पूरे हो गये। जबकि कानूनी प्रावधानों के अनुसार किसी भी मामले में आरोपी को जेल में रखते हुए जांच अधिकारी को 60 या 90 दिनों के भीतर चार्जशीट दाखिल करनी होती है। शराब घोटाले में जांच पूरी करने की सीमा 90 दिन तय थी। समय सीमा बीत जाने के बाद चौबे को डिफॉल्ट बेल का हकदार माना गया।



### 77 करोड़ का घोटाला, 10 आरोपी जेल में

राज्य में हुए 77 करोड़ रुपये से अधिक के इस बहुचर्चित शराब घोटाला मामले ने प्रशासनिक और राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है। एसीबी की जांच में अब तक कई अहम खुलासे हो चुके हैं। इस मामले में कुल 10 आरोपी फिलहाल जेल में बंद हैं। चार्जशीट दाखिल न होने से अब अन्य आरोपियों के भी डिफॉल्ट बेल पर बाहर आने का रास्ता खुल सकता है। मामले की अगली सुनवाई में कोर्ट की भूमिका अहम मानी जा रही है।

## साहिबगंज में इडी की टीम ने दी दबिश

# कबाड़ी व्यवसायी संतोष दास के घर हुई छापेमारी

- गोवा कनेक्शन आ रहा है सामने

आजाद सिपाही संवाददाता

**साहिबगंज।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की टीम ने साहिबगंज जिले में बड़ी कार्रवाई करते हुए नगर थाना क्षेत्र के बंगाली टोला स्थित कबाड़ी व्यवसायी संतोष दास उर्फ बबलू गुप्ता के घर पर छापामारी की है। इडी की चार सदस्यीय टीम में एक महिला अधिकारी भी शामिल हैं। सुबह लगभग 7 बजे से कार्रवाई शुरू हुई। टीम घर में मौजूद कागजात, लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की जांच-पड़ताल कर रही है। बताया जा रहा है कि मामला पैसे की अवैध लेनदेन और गोवा से जुड़े एक केस से संबंधित है। खबर लिखे जाने तक छापेमारी कार्रवाई जारी थी।

**सुबह से जारी रेड, इलाके में हड़कंप :** इडी की टीम के अचानक पहुंचने से बंगाली टोला इलाके में हड़कंप मच गया। टीम ने घर पर दस्तक देने के बाद पूरे परिसर को अपने कब्जे में ले लिया और अलग-अलग कमरों में मौजूद कागजात खंगालने लगी। सूत्रों के अनुसार, इडी की कार्रवाई सीधे तौर पर गोवा में दर्ज एक मामले से जुड़ी है। साहिबगंज पहुंची यह टीम विशेष तौर पर इस केस से संबंधित दस्तावेज और सबूत तलाश रही है। खबर लिखे जाने तक छापामारी की कार्रवाई लगातार जारी है।



### आंचल गुप्ता पर जा रही शक की सुई

सूत्रों का कहना है कि बबलू गुप्ता के घर पर हो रही कार्रवाई गोवा में हुए एक बड़े वित्तीय लेनदेन की जांच का हिस्सा है। यह मामला कबाड़ी व्यवसायी बबलू गुप्ता की बड़ी बेटी आंचल गुप्ता से संबंधित है। बताया जाता है कि आंचल करीब एक माह पहले ही गोवा से साहिबगंज लौटी थी। इडी की नजर उसी से जुड़े लेनदेन और आर्थिक गतिविधियों पर है। हालांकि, अभी तक एजेंसी ने आधिकारिक रूप से कुछ भी खुलासा नहीं किया है। जांच अधिकारी आंचल से संबंधित दस्तावेजों और डिजिटल डिवाइस की बारीकी से पड़ताल कर रहे हैं।

# आइपीएस कुलदीप द्विवेदी बने सीबीआइ के संयुक्त निदेशक

- झारखंड कैडर के 2005 बैच के हैं अधिकारी
- रांची के एसएसपी भी रह चुके हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड कैडर के वरिष्ठ आइपीएस अधिकारी कुलदीप द्विवेदी को देश की प्रमुख जांच एजेंसी केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआइ) में संयुक्त निदेशक नियुक्त किया गया है। उनके साथ ही असम-मेघालय कैडर के आइपीएस अधिकारी सी वेंकट सुब्बा रेड्डी को भी इसी पद पर जिम्मेदारी सौंपी गयी है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) की ओर से जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि इन दोनों अधिकारियों की नियुक्ति को कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने भी अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है।



**झारखंड कैडर के अधिकारी हैं कुलदीप द्विवेदी :** कुलदीप द्विवेदी 2005 बैच के आइपीएस अधिकारी हैं और फिलहाल वे सीबीआइ में उप महानिरीक्षक (डीआइजी) के पद पर कार्यरत थे। अपनी ईमानदारी, सूझबूझ और पेशेवराना अंदाज के लिए पहचान बनाने वाले द्विवेदी ने सीबीआइ में रहते हुए कई अहम मामलों की जांच की है। उनकी नियुक्ति संयुक्त निदेशक के रूप में पांच वर्षों की अवधि के लिए की गयी है। आधिकारिक आदेश के अनुसार वे 17 जनवरी 2029 तक इस पद पर कार्यरत रहेंगे।

### सी वेंकट सुब्बा रेड्डी को भी मिली जिम्मेदारी

वहीं असम-मेघालय कैडर के 2007 बैच के आइपीएस अधिकारी सी. वेंकट सुब्बा रेड्डी भी अब सीबीआइ में ज्वाइंट डायरेक्टर की जिम्मेदारी निभायेंगे। रेड्डी इससे पहले भी सीबीआइ में डीआइजी के पद पर काम कर रहे थे और उन्होंने कई जटिल जांचों को अंजाम तक पहुंचाया है। उनकी नियुक्ति की अवधि पांच साल तय की गयी है, जो 29 अक्टूबर 2029 तक प्रभावी रहेगी।

# रिटायर्ड जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी विपक्ष के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार

- गुवाहाटी हाइकोर्ट में चीफ जस्टिस और सुप्रीम कोर्ट में जज रह चुके हैं
- एनडीए के सीपी राधाकृष्णन से मुकाबला

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** आइएनडीआइए ने सुप्रीम कोर्ट से रिटायर्ड जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी को मंगलवार को उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए अपना उम्मीदवार बनाया है। उनका मुकाबला एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन से होगा। 79 साल के रेड्डी गुवाहाटी हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस और गोवा के पहले लोकायुक्त रह चुके हैं। वे आंध्र प्रदेश के रहने वाले हैं। 2007 में सुप्रीम कोर्ट का जज नियुक्त किया गया था। खास बात है कि दोनों उम्मीदवार दक्षिण से हैं। रिटायर्ड जस्टिस रेड्डी आंध्रप्रदेश से, जबकि सीपी राधाकृष्णन तमिलनाडु से हैं। दोनों 21 अगस्त को नामांकन दाखिल करेंगे। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए 9 सितंबर को मतदान होगा। उसी दिन मतगणना भी होगी। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 21 अगस्त है। 25 अगस्त तक उम्मीदवारी वापस ली जा सकती है। बताते चलें कि उपराष्ट्रपति का चुनाव जगदीप धनखड़ के 21 जुलाई की रात अचानक इस्तीफा देने की वजह से हो रहा है। 74 साल के धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था। लोकसभा में कुल सांसदों की संख्या 542 है। एक सीट खाली है। एनडीए के 293 सांसद हैं। इसी तरह राज्यसभा में 245 सांसद हैं। 5 सीट खाली हैं।

एनडीए के पास 129 सांसद हैं। यह मानते हुए कि उपराष्ट्रपति के लिए नामांकित सदस्य भी एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करेंगे। इस तरह, सत्तारूढ़ गठबंधन को कुल 422 सदस्यों का समर्थन प्राप्त है। बहुमत के लिए 391 सांसदों के समर्थन की जरूरत है। अगस्त 2022 में एनडीए उम्मीदवार जगदीप धनखड़ को 528 वोट मिले थे। वहीं विपक्षी उम्मीदवार मार्गेट अल्वा को सिर्फ 182 वोट मिले थे। तब 56 सांसदों ने वोट नहीं डाला था।



### संविधान बचाने विपक्ष एकजुट: खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि जब कभी लोकतंत्र और संविधान खतरे में आता है, विपक्ष उसे बचाने के लिए एकजुट हो जाता है। आइएनडीआइए दलों ने एक साझा उम्मीदवार रखने का फैसला किया है, यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया है। मुझे खुशी है कि सभी विपक्षी दल एक नाम पर सहमत हुए हैं। यह लोकतंत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। टीएमसी सांसद डेरेक ओब्रायन ने कहा कि आम आदमी पार्टी भी हमारे फैसले से सहमत है और जल्द ही वह अपने समर्थन की घोषणा करेगी।

## न्यूज रील्स

### पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में बाढ़ से तबाही, 358 की मौत

पेशवार। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत (केपीके) में पिछले तीन दिनों में भारी बाढ़ और मूसलाधार बारिश के कारण कम से कम 358 लोगों की मौत हो गयी और 181 अन्य घायल हो गये। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सेना ने क्षेत्र में राहत अभियान तेज कर दिया है। खैबर पख्तूनख्वा में 15 अगस्त से शुरू हुई रिकॉर्ड बारिश ने अफगानिस्तान की सीमा से लगे पूरे प्रांत में तबाही मचा दी है। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया कि पीड़ितों में 287 पुरुष, 41 महिलाएं और 30 बच्चे शामिल हैं, जबकि घायलों में 144 पुरुष, 27 महिलाएं और 10 बच्चे शामिल हैं। बाढ़ ने पूरे प्रांत में 780 घरों को भी नुकसान पहुंचाया है, जिनमें से 431 आंशिक रूप से नष्ट हुए हैं जबकि 349 पूरी तरह नष्ट हो गए हैं। बुनेर सबसे बुरी तरह प्रभावित ज़िला है, जहां 225 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि स्वात, बाजौर, मनसेहरा, शांगला, लोअर दीर, बट्टाग्राम और स्वाबी भी बुरी तरह प्रभावित हुए हैं।

## 9 सितंबर से शुरू हो रहा है एशिया कप, भारतीय क्रिकेट टीम का एलान

# सूर्यकुमार कप्तान और गिल उपकप्तान बने

- जायसवाल-सुंदर रिजर्व प्लेयर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** टी-20 एशिया कप 9 सितंबर से शुरू हो रहा है। इसके लिए भारतीय क्रिकेट टीम का ऐलान कर दिया गया। चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर ने मंगलवार दोपहर टीम की घोषणा की। टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव ही करेंगे, जबकि भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल को दौरे के लिए उपकप्तान बनाया गया है। इस साल भारत क्रिकेट एशिया कप का मेजबान है। पाकिस्तान के भारत में खेलने से इनकार के बाद इसे यूएइ में आयोजित किया जा रहा है। टीम इंडिया का पहला मुकाबला 10 सितंबर को यूएइ से होगा।

**भारत को ग्रुप-ए में रखा गया है :** भारतीय टीम को ग्रुप ए में रखा गया है। पाकिस्तान, यूएइ और ओमान की टीमें हैं। ग्रुप-बी में श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हांगकांग हैं। ग्रुप में सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 1-1 मैच खेलेंगी। भारत 10 सितंबर को यूएइ, 14 को पाकिस्तान और 19 को ओमान से भिड़ेगा।

**भारत ने आठ बार जीता एशिया कप :** एशिया कप की शुरुआत 1984 में हुई थी। अब तक 16 बार यह टूर्नामेंट खेला जा चुका है। भारत ने इसे सबसे ज्यादा आठ बार जीता। वहीं श्रीलंका ने छह और पाकिस्तान ने दो बार इस टूर्नामेंट को अपने नाम किया है।



### महिला विश्व कप क्रिकेट के लिए भारतीय टीम घोषित

मुंबई (आजाद सिपाही)। वनडे वर्ल्ड कप के लिए महिला टीम की भी घोषमा की गयी। नीतू डेविड की अध्यक्षता वाली सिलेक्शन कमेटी ने वनडे वर्ल्ड कप के लिए भारतीय महिला टीम का ऐलान भी किया। इस टूर्नामेंट का आयोजन 30 सितंबर से भारत में होगा। टीम इंडिया का पहला मैच श्रीलंका के खिलाफ बेंगलुरु में खेला जायेगा। टीम में हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रॉड्रिग्ज, रेणुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी, ऋचा घोष (विकेटकीपर), क्रांति गौड़, सयाली सतघरे, राधा यादव, श्री चरणी, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), स्नेह राणा शामिल हैं।

## शेखपुरा पहुंची 'वोटर अधिकार यात्रा'

# वोट गया तो राशन और जमीन सब चला जायेगा: राहुल गांधी

- तेजस्वी ने कहा कि 20 साल सहा, अब नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**शेखपुरा।** वोटर लिस्ट रिवीजन (एसआइआर) के खिलाफ 'वोटर अधिकार यात्रा' के तीसरे दिन राहुल गांधी गयाजी से नवादा पहुंचे। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग और भाजपा के बीच पार्टनरशिप है। ये मिलकर वोट चोरी कर रहे हैं। नरेंद्र मोदी, अमित शाह और चुनाव आयुक्त मिलकर आपसे वोट छीन रहे हैं। वहीं, राहुल ने शेखपुरा जिले के बरबीघा में भी लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बरबीघा के बिहार के युवा वोट चोरी नहीं होने देंगे। वोट हम सब का अधिकार है। हिंदुस्तान में गरीबों के पास आज सिर्फ वोट बचा हुआ है। अगर ये चला गया तो सब चला गया जायेगा। महाराष्ट्र, हरियाणा, मध्य प्रदेश के चुनाव में बीजेपी ने वोट चोरी की है। चुनाव आयोग वोट चोरी करवा रहा है। तेजस्वी यादव ने भी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 20 साल हम लोगों ने बहुत सहा है। अब नहीं। शिक्षा-स्वास्थ्य सब चौपट है। अब इन लोगों को हटाने का वक्त का गया है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 20 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in


# राहुल गांधी के लिए अंतिम विकल्प है वोटर अधिकार यात्रा

## ■ बिहार के चुनाव परिणाम पर असर डाल सकेंगे, तो होगा बेड़ा पार
## ■ पहले तीन दिन की यात्रा ने कोई बड़े बदलाव का संकेत नहीं दिया
## ■ बड़ा सवाल: क्या वाकई बदल पायेंगे महागठबंधन का सियासी गणित

आजाद सिपाही विशेष

**लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बिहार में 'वोट अधिकार यात्रा' पर निकले हुए हैं। उनके साथ राजद नेता और बिहार में महागठबंधन के नेता तेजस्वी यादव भी हैं। हाल के वर्षों में राहुल की यह तीसरी यात्रा है। इससे पहले उन्होंने 'भारत जोड़ो यात्रा' और 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' निकाली थी। उन दो यात्राओं से लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का ग्राफ बढ़ा था। उसकी सीटें बढ़ीं और अब एक बार फिर कांग्रेस इस उम्मीद में है कि 'वोट अधिकार यात्रा' से बिहार में उसकी किस्मत बदलेगी। राहुल गांधी की पहली यात्रा तो बिहार नहीं आयी थी, लेकिन 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान तेजस्वी ने राज्य में राजद के नेतृत्व को दिखाया था। अब 'वोट अधिकार यात्रा' के जरिये राहुल गांधी और तेजस्वी यादव उसी संदेश को मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं। यह यात्रा महागठबंधन के महागठबंधन का गढ़ माने जानेवाले क्षेत्रों से होकर गुजरेगी। राहुल की पिछली यात्राएं महागठबंधन के चुनावी प्रदर्शन के लिहाज से सफल रहे थे। शायद उसी सफलता ने राहुल गांधी और बहुत हद तक तेजस्वी यादव को इस बार एकजुट होकर पहल करने के लिए प्रेरित किया है। हालांकि इस पृष्ठभूमि में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) एक सामयिक और प्रासंगिक मुद्दा बन गया। राजनीतिक दृष्टि से देखें, तो राहुल गांधी के लिए यह यात्रा उनके राजनीतिक पुनर्वास का अंतिम विकल्प है, क्योंकि यदि इस बार वह बिहार के चुनाव परिणाम को प्रभावित करने में सफल नहीं हो सके, तो फिर वह राजनीतिक बियाबान में जाने को मजबूर होंगे। क्या है राहुल गांधी की इस यात्रा का सियासी मतलब और तीन दिन की यात्रा का राजनीतिक असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

'भारत जोड़ो यात्रा', 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' और अब 'वोट अधिकार यात्रा', ये वो यात्राएं हैं, जिनमें से दो कांग्रेस सांसद राहुल गांधी निकाल चुके हैं और तीसरी अब तीन दिन पुरानी हो चुकी है। 'भारत जोड़ो यात्रा' और 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को राहुल ने लोकसभा चुनाव से पहले निकाला था, तो 'वोट अधिकार यात्रा' को बिहार चुनाव से पहले निकाल रहे हैं। कांग्रेस ने यात्रा के प्रयोग को लोकसभा चुनाव में हिट माना था, जिसके बाद इसे बिहार विधानसभा चुनाव में इस्तेमाल करने का फैसला किया गया। लेकिन बड़ा सवाल उठता है कि क्या राहुल की यह यात्रा बिहार में महागठबंधन का सियासी गणित बदल पायेगी।

लोकसभा चुनाव को देखें, तो राहुल गांधी जिन सीटों से अपनी यात्रा के दौरान गुजरे, उनमें से 41 सीटें कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल जीतने में कामयाब रहे। 'भारत जोड़ो यात्रा' ने 71 सीटों को कवर किया था, जबकि 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' 82 सीटों से होकर गुजरी थी, यानी कुल 153 सीटों से होकर ये दोनों यात्राएं निकली थीं, जिसमें से इंडिया गठबंधन को 41 सीटों पर जीत मिली थी। राहुल गांधी की ये यात्राएं बिहार से होकर भी गुजरी थीं। राज्य की सात सीटों से होकर ये यात्राएं गुजरी थी। इनमें से कांग्रेस ने तीन सीटों पर चुनाव लड़ा और सभी पर जीत हासिल की। वहीं, उसके सहयोगियों ने दो सीटें जीतीं। कुल मिलाकर ये यात्राएं बिहार में सफल रही थीं। वहीं देश भर में भी इस यात्रा से कांग्रेस की सीटें बढ़ीं। जो पार्टी पिछले दो चुनावों से 50 का आंकड़ा भी नहीं पार कर पा रही थी, वह 2024 के चुनाव में इससे काफी आगे निकलने में सफल हुई और यहां तक कि उससे लोकसभा में विपक्ष का नेता बनने का अधिकार भी मिला।

### 'वोट अधिकार यात्रा' से क्या बदलेगा सियासी गणित

कांग्रेस-आरजेडी के साथ मिलकर इस बार बिहार में सत्ता परिवर्तन का सपना देख रही है।



इसको हकीकत में बदलने का मोर्चा खुद राहुल गांधी ने संभाल लिया है। जन-जन को साधने के लिए वह 'वोट अधिकार यात्रा' पर निकले हुए हैं। राहुल की इस यात्रा का मकसद जनता को उसके वोट के अधिकार के बारे में बताना है। दरअसल कांग्रेस और राहुल गांधी आरोप लगा रहे हैं कि लोकसभा चुनाव और महाराष्ट्र चुनाव में वोटों की चोरी हुई है। बिहार में मतदाताओं के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) को लेकर भी चुनाव आयोग को वह निशाने पर लिये हुए हैं। वोट चोरी पर सरकार और चुनाव आयोग को घेरने के लिए राहुल 'वोट अधिकार यात्रा' पर निकले हुए हैं, जो 23 जिलों से होकर गुजरेगी। इसकी शुरुआत राहुल ने सासाराम से की, जो दलितों का गढ़ है। बाबू जगजीवन राम और फिर उनकी बेटी मीरा कुमार यहीं से सांसद चुनी जाती रहीं। मुस्लिमों की तरह दलित भी बिहार में कांग्रेस का बड़ा वोट बैंक रहा है। बिहार में दुसाध-पासी वोट के साथ अन्य दलित जातियों का 55 से 65 फीसदी वोट एनडीए के पाले में जाता रहा है, लेकिन 2024 के चुनाव में इसमें गिरावट देखी गयी है। सासाराम के बाद ये यात्रा औरंगाबाद, गया, नालंदा-नवादा तक पहुंची है। अब इसे शेखपुरा, लखीसराय, मुंगेर, भागलपुर, पूर्णिया, कटिहार, अररिया, सुपौल, दरभंगा, सीतामढ़ी, मधुबनी, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, छपरा और आरा से गुजरेगी।

### 23 जिलों की 50 सीटों पर यात्रा

राहुल जिन 23 जिलों की 50 विधानसभा सीटों पर जा रहे हैं, 2020 के विधानसभा चुनाव में महागठबंधन ने इनमें से 23 सीटें जीती थीं। कांग्रेस 50 में से 20 सीटों पर लड़ी थी, जिसमें से आठ सीटों पर उसे जीत मिली थी। राहुल और कांग्रेस को पूरी उम्मीद है कि इस यात्रा से बिहार के आसन्न विधानसभा चुनाव में बदलाव देखने को मिलेगा। लेकिन पहले तीन दिन की यात्रा से तो बदलाव का कोई खास संकेत देखने को नहीं मिला है।

### बिहार में वापसी की कांग्रेस की कोशिश

सियासी नजरिये से देखें, तो यह दशकों में बिहार में कांग्रेस का पहला बड़ा जमीनी स्तर का आंदोलन है, जहां लालू प्रसाद यादव और नीतीश कुमार जैसे क्षेत्रीय नेताओं के उभरने के साथ इसका राजनीतिक प्रभाव लगातार कम होता गया। दोनों ही मंडल आंदोलन की उपज हैं, जिसने 1990 के दशक में राज्य के राजनीतिक परिदृश्य को नया आकार दिया था। पिछले 20 साल से बिहार में नीतीश कुमार सत्ता शीर्ष पर हैं। उनसे पहले लालू यादव और राबड़ी देवी ने बिहार का शासन चलाया था। इस साढ़े तीन दशक के कालखंड में कांग्रेस राज्य में सियासी रूप से हाशिये पर रही।

अब राहुल गांधी वापसी की कोशिश में जुटे हैं। इस साल फरवरी से अब तक राहुल आठ बार बिहार का दौरा कर चुके हैं और विरोध मार्च, 'संविधान बचाओ' सम्मेलनों और दलित नायकों पर आधारित फिल्मों की स्क्रीनिंग सहित विभिन्न सार्वजनिक कार्यक्रमों में भाग ले चुके हैं। साथ ही उन्होंने पार्टी के राज्य नेतृत्व के साथ कई दौर की बैठकें भी की हैं।

### कैसा रहा था विधानसभा का पिछला चुनाव

2020 में बिहार में तीन चरणों में वोटिंग हुई थी। 243 सीटों वाली विधानसभा में बीजेपी को 74, जेडीयू को 43, आरजेडी को 75, कांग्रेस को 19, भाकपा माले को 12, एआइएमएम को पांच, भाकपा को दो, माकपा को दो, बसपा को एक, हम को चार, लोकजनशक्ति पार्टी को एक, विकासशील इंसान पार्टी को चार सीटों पर जीत मिली थी। राहुल की कोशिश 2020 के आंकड़े को बदलने की है। यही नहीं, वह इस बार कांग्रेस के लिए ज्यादा से ज्यादा सीटों पर उम्मीदवारों के लिए वोट हासिल करने का भी प्रयास करेंगे।

---

# राहुल गांधी को पीएम बनायेंगे: तेजस्वी

## 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान नवादा में राजद नेता ने दिया नारा



### बिहार में एनडीए सरकार को भी उखाड़ फेंकने का संकल्प

आजाद सिपाही संवाददाता

**नवादा।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने बिहार के लोगों का आह्वान किया कि अगले लोकसभा चुनाव में वे राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनायें। नवादा में कांग्रेस की 'वोटर अधिकार यात्रा' के तीसरे दिन मंगलवार को एक रैली को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने युवाओं से इस वर्ष के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव में राज्य से एनडीए सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, बिहार में राजग सरकार को उखाड़ फेंकना है। आगे जब भी लोकसभा चुनाव होगा, हम लोग राहुल गांधी जी को प्रधानमंत्री बनायेंगे। मौके पर राहुल गांधी के साथ इंडिया गठबंधन के अन्य नेता भी थे। ये सभी यात्रा में शामिल हैं। एक पखवाड़े की यह यात्रा रविवार को शुरू हुई थी।

भीड़ की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच तेजस्वी यादव ने कहा, आगामी विधानसभा चुनाव में हमें राज्य में राजग की 20 साल की 'खटारा सरकार' को उखाड़ फेंकना है और आगे जब भी लोकसभा चुनाव होगा, हम लोग राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनायेंगे। खुले वाहन के ऊपर हाथ में माइक लिये बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा, नये बिहार के लिए हमारे पास नजरिया है।

### राहुल गांधी की गाड़ी के नीचे आया पुलिस का जवान

**नवादा (आजाद सिपाही)। बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान मंगलवार को उस समय एक हादसा हो गया, जब लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी की गाड़ी के नीचे पुलिस का जवान आ गया। वक्त रहते गाड़ी रोक दी गयी। जवान के पैर में चोट आयी है। पुलिसकर्मियों ने गाड़ी के नीचे से तुरंत जवान को निकाला। इसके बाद राहुल गांधी ने उसका हाल जाना, पानी की बोतल दी और फिर अपने साथ गाड़ी में बैठा लिया।। घटना उस वक्त की है, जब राहुल की 'वोटर अधिकार यात्रा' नवादा से गुजर रही थी। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इससे पहले एक और वीडियो राहुल गांधी का वायरल हो रहा है, जिसमें नवादा के हिसुआ से जब यात्रा गुजरती है, तो थाने के अंदर से ही भाजपा समर्थक 'राहुल गांधी मुर्दाबाद' के नारे लगाने लगे। इस दौरान राहुल भी थाने के आगे कुछ देर रुके। उन्होंने नारेबाजी कर रहे बीजेपी के नेताओं को अंगूठा दिखाया और फिर मुस्कुराकर आगे बढ़ जाते हैं।**

---

## बिहार कैबिनेट का फैसला
# सभी भर्ती परीक्षाओं में सौ रुपये का एक समान शुल्क

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार कैबिनेट ने राज्य में सभी भर्ती परीक्षाओं की प्रारंभिक परीक्षा के लिए एक सौ रुपये के एक समान शुल्क के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। इस साल के अंत में प्रस्तावित विधानसभा चुनावों से पहले यह फैसला महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अधिकारी ने बताया कि यह भी निर्णय लिया गया कि प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले और मुख्य परीक्षा में बैठने वाले उम्मीदवारों से कोई शुल्क नहीं लिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने पिछले सप्ताह सोशल मीडिया पर इस संबंध में सरकार की योजनाओं की घोषणा की थी। राज्य सरकार की भर्ती प्रक्रिया बिहार लोक सेवा आयोग, बिहार कर्मचारी चयन आयोग, बिहार तकनीकी सेवा आयोग, बिहार पुलिस अधीनस्थ सेवा आयोग और केंद्रीय कांस्टेबल चयन बोर्ड की ओर से संचालित की जाती है।

### मुख्य परीक्षा होगी मुफ्त

बिहार कैबिनेट ने नालंदा के राजगीर शहर में पांच सितारा दो होटल और वैशाली में सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के तहत पांच सितारा एक रिजॉर्ट के निर्माण के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी। अतिरिक्त मुख्य सचिव (कैबिनेट सचिवालय) एस सिद्धार्थ ने कहा कि सरकार राजगीर और वैशाली में पांच सितारा होटलों के निर्माण के लिए जमीन उपलब्ध करायेगी। मंत्रिमंडल ने शिक्षा विभाग के उस प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी, जिसमें राज्य शिक्षक पुरस्कार की नकद राशि 15 हजार रुपये से बढ़ाकर 30 हजार रुपये करने का प्रस्ताव है। पिछले साल राज्य सरकार ने 42 शिक्षकों को उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया था।

### एनडीए बिहार के सभी विधानसभा क्षेत्रों में करेगा सम्मेलन, 14 टीमें बनायी

**पटना (आजाद सिपाही)। बिहार में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और इंडिया गठबंधन दोनों ही जोर-शोर से तैयारी कर रहे हैं। एनडीए के सहयोगी दल 23 अगस्त से बिहार के सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों में सम्मेलन करेंगे। बिहार में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। एनडीए के सहयोगी दलों ने मिलकर 14 टीमें बनायी हैं। ये टीमें 23 अगस्त से सभी विधानसभा क्षेत्रों में सम्मेलन करेंगी। एनडीए में भाजपा, जनता दल (यूनाइटेड) और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) शामिल हैं।**

---

# पूर्व सांसद आरके सिंह से मिले पवन सिंह
## भोजपुर में उफान पर राजनीतिक सरगर्मी

### सबके मन में एक ही सवाल, ये कैसे हुआ भाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**आरा।** भोजपुर की राजनीति में उस समय अचानक एक हलचल मच गयी, जब भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह पूर्व सांसद और केंद्रीय मंत्री रह चुके आरके सिंह से मिलने पहुंचे। मुलाकात की तस्वीरें खुद पवन सिंह ने सोशल मीडिया पर साझा की और लिखा, एक नयी सोच के साथ, एक नयी मुलाकात। बस इतना लिखना ही काफी था कि शाहाबाद की सियासत में चर्चाओं का तूफान खड़ा हो गया। इस मुलाकात के अब राजनीतिक अर्थ निकाले जाने लगे हैं। इसको लेकर शाहाबाद की राजनीति में एक नये समीकरण को देखा जा रहा है।

हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में पवन सिंह भले ही काराकाट सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर जीत दर्ज नहीं कर पाये, लेकिन उन्होंने पूरे शाहाबाद की राजनीतिक तस्वीर बदल दी थी। उनके चुनावी प्रभाव का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि आरा, काराकाट, बक्सर और सासाराम चारों सीटों पर एनडीए का खाता नहीं खुल पाया। 2024 लोकसभा चुनाव में जब पवन सिंह ने जब चुनावी मैदान में उतरने का एलान किया था, तब आरके सिंह ने खुले तौर पर उनका विरोध किया था और पार्टी से उन्हें निष्कासित कराने की सिफारिश तक कर डाली थी। यही कदम भाजपा के लिए भारी पड़ गया। राजपूत समाज ने इसे अपनी अस्मिता से जोड़ लिया और नाराजगी का असर चुनाव परिणामों में साफ दिखाई दिया। पवन सिंह को हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, काराकाट लोकसभा सीट पर पवन सिंह ने उपेंद्र कुशवाहा और माले के राजाराम सिंह को कड़ी टक्कर दी थी। पवन सिंह का असर बक्सर और सासाराम तक दिखा, जहां भाजपा उम्मीदवार शिकस्त खा गये। राजनीतिक जानकार मानते हैं कि पवन सिंह ने बतौर निर्दलीय उम्मीदवार जितनी मजबूती दिखायी, उसने यह साबित कर दिया कि उनकी पकड़ जमीनी स्तर पर मजबूत होती जा रही है। आरके सिंह से मुलाकात के बाद अब सवाल उठ रहे हैं कि क्या दोनों के बीच पुराने गिले-शिकवे मिटाकर कोई नया समीकरण तैयार हो रहा है। क्या पवन सिंह अब सिर्फ फिल्मों तक सीमित रहने वाले स्टार नहीं, बल्कि राजनीति में बड़ा चेहरा बनने की ओर बढ़ रहे हैं। पवन सिंह के इस कदम से शाहाबाद की राजनीति में सरगर्मी बढ़ गयी है।



भाजपा खेमे के भीतर भी यह चर्चा तेज है कि यदि पवन और आरके सिंह का मेल-मिलाप हो जाता है, तो आने वाले विधानसभा चुनावों में समीकरण पूरी तरह बदल सकते हैं। हालांकि इस मुलाकात पर दोनों नेताओं ने चुप्पी साध रखी है, लेकिन राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा जोरों पर है कि पावर स्टार अब राजनीति की बिसात गंभीरता से बिछाने लगे हैं और इस मुलाकात को उसी से जोड़कर देखा जा रहा है। अचानक लोकसभा चुनाव के बीतने के एक साल बाद पवन सिंह और आरके सिंह एक साथ दिखे हैं, जिसको लेकर अब राजनीतिक सरगर्मी बढ़ने लगी है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 27.1 °c | 22.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.19 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.26 बजे |



### आइएएस अधिकारी विनय चौबे को जमानत दिये जाने पर साधा निशाना

# चार्जशीट नहीं कर जमानत का मार्ग प्रशस्त किया गयाः बाबूलाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शराब घोटाला मामले में आइएएस अधिकारी विनय चौबे को जमानत मिलने पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि इस मामले में राज्य सरकार की कार्रवाई शुरू से शक के घेरे में है। एसीबी ने करीब 1000 करोड़ के शराब घोटाले में हेमंत सोरेन के पूर्व सचिव के खिलाफ जानबूझकर 90 दिनों के भीतर चार्जशीट दाखिल नहीं की, जिससे उनकी जमानत का रास्ता आसान हो गया। बाबूलाल ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने अपने ही पूर्व सचिव की गिरफ्तारी का षड्यंत्र इसलिए रचा था, ताकि इडी की जांच प्रभावित हो सके और सबूतों को मिटाया जा सके। उन्होंने इडी से आग्रह किया कि जनता के हजारों करोड़ की लूट में शामिल इन भ्रष्टाचारियों पर कठोर और विधिसम्मत कार्रवाई करें।

### आज सूर्या हांसदा के परिजनों से मिलने गोड्डा जायेंगे बाबूलाल मरांडी

रांची (आजाद सिपाही)। सूर्या हांसदा एनेकाउंटर मामले में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गयी है। इसी कड़ी में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी 20 अगस्त यानि आज गोड्डा का दौरा करेंगे। इस दौरान वे एनकाउंटर मामले की समीक्षा करेंगे और सूर्या हांसदा के परिजनों से मुलाकात करेंगे। वहीं इससे पहले भाजपा की सात सदस्यीय जांच समिति ने भी गोड्डा पहुंचकर इस मामले की विस्तृत समीक्षा की थी, यह समिति भी बुधवार को मामले की और गहन समीक्षा करेगी। यह समिति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देश पर गठित की गयी थी। समिति में पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही, पूर्व मंत्री रणधीर सिंह, पूर्व सांसद सुनील सोरेन, पूर्व विधायक अमित मंडल और अनिता सोरेन शामिल थे।

# हेमंत सरकार की योजनाओं से घबरायी भाजपा कर रही झूठ की राजनीतिः विनोद कुमार पांडेय



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने भाजपा के बयान को झूठ और भ्रम फैलाने वाला करार दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग जानबूझकर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि सच यह है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गरीबों और वंचितों को अपना पक्का घर देने का जो सपना देखा है, वह राज्य सरकार के दम पर लगातार पूरा हो रहा है। हकीकत यह है कि आज झारखंड के लोगों की पहली पसंद अबुआ आवास है, प्रधानमंत्री आवास से पहले अबुआ आवास की मांग लोग कर रहे हैं। शायद यही वजह है कि भाजपा को मिर्ची लग रही हैं। विनोद पांडेय ने कहा कि केंद्र सरकार ने झारखंड के हिस्से के आवास स्वीकृत नहीं किये। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिस तरह भेदभाव कर झारखंड को आवास से वंचित किया गया, वही भाजपा की मानसिकता को दिखाता है। एक तरफ केंद्र ने गरीबों को छत से वंचित किया और दूसरी तरफ हेमंत सरकार ने अपनी दूरदर्शिता और संवेदनशील सोच से राज्य निधि से अबुआ आवास योजना शुरू कर गरीबों को सम्मानजनक जीवन देने की दिशा में कदम बढ़ाया। उन्होंने कहा कि यह वही भाजपा है, जिसने जानबूझकर चुनी हुई सरकार को बदनाम करने के लिए विकास योजनाओं में अड़ंगे डाले। आज जिस योजना पर सवाल उठाये जा रहे हैं, वह पूरी तरह राज्य सरकार की पहल पर चल रही है। भाजपा के नेता कभी नहीं चाहेंगे कि झारखंड का गरीब खुशहाल हो और उसे पक्का घर मिले। हकीकत यह भी है कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की तरह अबुआ आवास योजना भी हेमंत सरकार की बेहद लोकप्रिय है। योजनाओं की लोकप्रियता से घबरायी भाजपा झूठ के बल पर राजनीति कर रही है, लेकिन ये पब्लिक है सब जानती है।

# अवैध खनन माफियाओं के इशारे पर हुई सूर्या हांसदा की हत्याः आदित्य साहू

### राज्यसभा में सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले को उठाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**दिल्ली /रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री और सांसद आदित्य साहू ने मंगलवार को राज्यसभा में सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले को उठाया। साहू ने कहा कि आदिवासी की हितैषी बनने का ढोंग करने वाली गठबंधन सरकार युवा आदिवासी नेता की हत्या करवाती है। उन्होंने कहा कि सदन में कांग्रेस, राजद के लोग जोर जोर से चिल्लाते हैं, सदन नहीं चलने देते हैं, लेकिन दूसरी ओर इन दलों के समर्थन से चलने वाली राज्य सरकार में अत्याचार अन्याय अवैध उत्खनन के खिलाफ आवाज उठाने वाले सूर्या हांसदा जैसे लोगों की हत्या की जाती है। उन्होंने कहा कि सूर्या हांसदा का परिवार जनजाति समाज की सांस्कृतिक, सामाजिक व्यवस्था का अगुआ है। स्वयं सूर्या हांसदा सैकड़ों अनाथ बच्चों को शिक्षा देते थे। उनके लिए भोजन, आवास की व्यवस्था करते थे। ऐसे समाजसेवी को राज्य की पुलिस प्रशासन ने साजिश के तहत गोलियों से छलनी कर दिया। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि इंडी गठबंधन के लोग अन्याय, अत्याचार को मुखरता से उठाने वाले आदिवासी नेता को कितना बर्दाश्त करते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में हो रहे अवैध खनन में खनन माफियाओं और पुलिस प्रशासन की साठ गांठ है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन की सरकार ने पूरे क्षेत्र को कंगाली के कगार पर पहुंचा दिया है।

# रामदास सोरेन का निधन झारखंड की राजनीति के लिए बड़ी क्षति : सुदिव्य सोनू

### पूर्व शिक्षा मंत्री को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने पूर्व शिक्षा मंत्री स्वर्गीय रामदास सोरेन के आवास पर जाकर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने स्व. सोरेन के पुत्र और परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

मौके पर मंत्री ने कहा कि रामदास सोरेन की सादगी, सहज स्वभाव हमेशा लोगों को प्रेरित करता था। उन्होंने झारखंड की शिक्षा व्यवस्था और आदिवासी समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मंत्री ने कहा कि उनके निधन से केवल झामुमो ही नहीं बल्कि पूरे झारखंड की राजनीति को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने याद करते हुए कहा कि रामदास सोरेन उम्र में बड़े होने के कारण सभी उन्हें दादा कहकर संबोधित करते थे। मंत्रिमंडल में वे हमेशा सहयोगी रहे और विकास को लेकर कई बार चर्चा हुई। मंत्री ने आश्वस्त किया कि झामुमो की परंपरा रही है कि वह अपने नेता के परिवार को कभी अकेला नहीं छोड़ता। ऐसे में संगठन हर परिस्थिति में रामदास सोरेन के परिवार के साथ खड़ा रहेगा।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | सुख-सुविधा के साधन बनेंगे। आर्थिक लाभ, व्यापारिक यात्रा लाभप्रद सिद्ध होगी। |
| वृष | कर्मक्षेत्र में अनुकूल वातावरण, सोचा हुआ काम पूरा होगा, प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति। |
| मिथुन | प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा, मन प्रसन्न रहेगा। |
| कर्क | विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकाश होगा, परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। |
| सिंह | कठिन परिश्रम-प्रयत्न से आजीविका के क्षेत्र में सफलता, आत्मबल एवं कर्मबल में वृद्धि होगी। |
| कन्या | नौकरी-व्यापार की स्थिति में सुधार, नयी आशाओं का उदय होगा,धैर्य से सभी कार्य पूरे होंगे। |
| तुला | परिस्थितियों में सुधार,नौकरी में बदलाव होने की संभावना,विविध समस्याओं का समाधान। |
| वृश्चिक | स्वास्थ्य में सतर्कता आवश्यक है, राजनीतिक संपर्क प्रभाव बढ़ेगा। आर्थिक लाभ होगा। |
| धनु | आत्मविश्वास की वृद्धि, सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का अवसर मिलेगा। |
| मकर | आजीविका संबंधी चिंता दूर होगी,साहसिक कार्य में सफलता विरोधियों पर विजय। |
| कुंभ | लाभकारी प्रयास सफल होगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग, स्वाभिमान और स्वावलंबन बढ़ेगा। |
| मीन | चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी, कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा। |

# बड़बिल से रांची फास्ट मेमू ट्रेन शुरू करने की मांग

### राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा ने रेलमंत्री को लिखा पत्र



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा ने झारखंड और ओड़िशा के ग्रामीण इलाकों के विकास को लेकर एक अहम पहल करते हुए रेलमंत्री को पत्र लिखा है। उन्होंने बड़बिल से रांची के बीच फास्ट मेमू ट्रेन का जल्द परिचालन शुरू करने की मांग की है।

सांसद वर्मा ने अपने पत्र में कहा है कि बड़बील (ओड़िशा के क्योंझर ज़िले में), बड़ा जामदा, गुआ, नोवामुंडी, डोंगवापोशी, झीकपानी, चाइबासा और राजखरसावां जैसे इलाके कोल्हान क्षेत्र में आते हैं और यहां से आयरन-ओर और बॉक्साइट की बड़े पैमाने पर ढुलाई होती है। इससे चक्रधरपुर रेल मंडल भारतीय रेलवे को वर्षों से सबसे अधिक राजस्व देने वाले क्षेत्रों में से एक रहा है। इसके बावजूद, यहां के लाखों ग्रामीणों को अब तक पर्याप्त रेल सेवाएं नहीं मिल पायी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सड़क मार्ग से सफर करना आम लोगों के लिए महंगा साबित हो रहा है, इसलिए रांची से इस क्षेत्र को जोड़ने वाली सीधी ट्रेन सेवा लंबे समय से जरूरी मानी जा रही है। सांसद वर्मा ने रेल मंत्रालय से आग्रह किया है कि बड़बील से रांची फास्ट मेमू ट्रेन के लिए जल्द रैक की व्यवस्था कर ट्रेन का परिचालन शुरू किया जाये, जिससे बड़ी संख्या में यात्रियों को राहत मिल सके।

इस संबंध में जानकारी साझा करते हुए दक्षिण पूर्व रेलवे के जोनल रेलवे उपयोगकर्ता परामर्श समिति ( जेडआर यूसीसी) के सदस्य अरुण जोशी ने राज्य में रेल सुविधाओं के विस्तार के लिए हो रहे प्रयासों की सराहना की और सांसद प्रदीप वर्मा के प्रति आभार जताया।

# सूर्या हांसदा की हत्या की सीबीआइ जांच के लिए जेएलकेएम ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेएलकेएम नेता देवेंद्र महतो ने कहा कि मंगलवार को सूर्या हांसदा का हत्या के खिलाफ राज्यपाल को ज्ञापन को सौंपा गया। उन्होंने कहा कि सूर्या हांसदा का पुलिस मुठभेड़ में निर्मम हत्या कर दी गयी है। इसकी सीबीआइ जांच होनी चाहिए। 10 अगस्त को सूर्या हांसदा की गिरफ्तारी होती है। 11 अगस्त को फर्जी पुलिस मुठभेड़ में हत्या हो जाती है। आज 8 दिन बीत चुका है।

बावजूद इसकी सीबीआइ जांच का आदेश नहीं हो पाया है। सूर्या हांसदा प्रखर नेता थे। सूर्या हांसदा के परिजन को मुआवजा और सुरक्षा मुहैया कराया जाये। आदिवासी आंदोलन को दबाने का प्रयास हो रहा है। इसकी हत्या को सड़क से लेकर संसद तक उठाया जायेगा। शिष्ट मंडली में देवेंद्रनाथ महतो, आलोक उरांव, पार्वती कुमारी, जितेंद्र महतो, राजू महतो शामिल रहे।

## कुख्यात अपराधी बिट्टू सिंह को मिली बेल

रांची। रांची के कुख्यात अपराधी बिट्टू सिंह को रांची सिविल कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अपर न्यायायुक्त-5 की अदालत ने उसे जमानत दे दी है। बिट्टू की ओर से पेश अधिवक्ताओं सुनील पांडेय और जेनी विभा ने कोर्ट में जोरदार पैरवी की, जिसके बाद कोर्ट ने यह फैसला सुनाया। बिट्टू सिंह को 13 जून को पुलिस ने पकड़ा था। उस वक्त उसकी गिरफ्तारी से जुड़े जो तथ्य सामने आये, वे चौंकाने वाले थे। पुलिस ने उसके पास से दो रायफल, 23 जिंदा गोलियां और एक कार समेत कई आपत्तिजनक सामान बरामद किये थे।

### 24 अगस्त को रिम्स-2 की जमीन पर हल चलायेंगे पूर्व मुख्यमंत्री

# सूर्या हांसदा आदिवासी थे इसलिए हुआ एनकाउंटरः चंपाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने राज्य की महागठबंधन सरकार को आदिवासी विरोधी बताते हुए, उसकी कार्यशैली पर कई गंभीर सवाल उठाये हैं। उनके रांची स्थित मोरहाबादी आवास में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने सरकार पर आदिवासियों के हितों की अनदेखी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वे रिम्स 2 के निर्माण के खिलाफ नहीं हैं, बल्कि उनका विरोध आदिवासी किसानों की जमीन को अनुचित तरीके से लेने के खिलाफ है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब सरकार के पास स्मार्ट सिटी में सैकड़ों एकड़ जमीन उपलब्ध है, तो फिर सरकार आदिवासियों की जमीन क्यों छीनना चाहती है? वहां अस्पताल बनाने में क्या समस्या है? उन्होंने आगे कहा, नगड़ी में किसानों ने पिछले साल तक खेती की थी, लेकिन अब उस जमीन पर तार की बाड़ लगाकर उन्हें जाने से रोक दिया गया है। ग्रामीणों के अनुसार, जमीन का कोई अधिग्रहण नहीं हुआ है और न ही उन्हें कोई नोटिस दिया गया है। खेती पर निर्भर किसानों को भूमिहीन नहीं किया जा सकता। अगर कोई अधिग्रहण हुआ है तो संबंधित विभाग उसकी जानकारी सार्वजनिक करे।

नगड़ी के किसानों का समर्थन करते हुए चंपाई सोरेन ने घोषणा की है कि वे 24 अगस्त को ग्रामीणों के 'हल जोतो, रोपा रोपो' आंदोलन में शामिल होंगे और रिम्स 2 के लिए प्रस्तावित जमीन पर हल चलायेंगे। उन्होंने कहा कि इस मामले में 2013 के भूमि अधिग्रहण कानून, सीएनटी एक्ट और ग्राम सभा के नियमों का पालन नहीं किया गया है।

झारखंड आंदोलन के दिनों को याद करते हुए उन्होंने कहा, उस दौरान हमरा लक्ष्य झारखंड के आदिवासियों एवं मूलवासियों के अधिकारों की रक्षा करना था, लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज उसी झारखंड में हमें आदिवासियों की जमीन की रक्षा के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। क्या इसी दिन को देखने के लिए अलग झारखंड राज्य बनाया गया था?

### फर्जी एनकाउंटर की सीबीआइ जांच हो

पिछले दिनों गोड्डा में हुए सूर्या हांसदा के एनकाउंटर पर सवाल उठाते हुए पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, सूर्या आदिवासी था, इसलिए मार दिया। इस मामले की सीबीआइ जांच होनी चाहिए, तभी पीड़ित परिवार को न्याय मिल पायेगा। सूर्या हांसदा को समाजसेवी बताते हुए उन्होंने कहा कि जो शख्स विस्थापितों के अधिकारों के लिए लड़ रहा था, जिसने आदिवासी समाज की अगली पीढ़ी को शिक्षित बनाने का बीड़ा उठाया था, जो अधिकतर मामलों में बरी हो चुका था, उसके फर्जी मुठभेड़ ने झारखंड सरकार की कथनी और करनी का सच पूरी दुनिया के सामने उजागर कर दिया है। उन्होंने आगे कहा, 1770 में बाबा तिलका मांझी, उसके बाद वीर सिदो कान्हू, भगवान बिरसा मुंडा, वीर पोटो हो आदि से लेकर आज दिशोम गुरु तक, हम लोग जल-जंगल-जमीन के लिए लड़ रहे हैं, लेकिन हमारे समाज को क्या मिला?

# सूर्या हांसदा की हत्या के खिलाफ 23 को आदिवासी संगठनों का राजभवन मार्च



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बोरियो निवासी सूर्या हांसदा की एनकाउंटर के खिलाफ विभिन्न सामाजिक आदिवासी संगठनों की बैठक मंगलवार को करम टोली स्थित केंद्रीय धुमकुड़िया में हुई। मुख्य पहान जगलाल पहान की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान बताया कि 23 अगस्त को राजभवन मार्च करने का निर्णय लिया गया है। सूर्या हांसदा एक सामाजिक कार्यकर्ता था। इसके साथ ही वे राजनीतिक व्यक्ति भी थे, जो समाज के हित में हमेशा काम करते थे। चार बार विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार रह चुके थे। राज्य सरकार के गैर कानूनी काम के खिलाफ लगातार आवाज उठाते रहे। इसे कुख्यात अपराधी घोषित कर फर्जी एनकाउंटर में हत्या कर दी गयी। वक्ताओं ने कहा कि यह आदिवासी समाज की हत्या है। यह एक सामाजिक व्यक्ति, राजनीतिक हत्या है और अबुआ राज्य में जिन्होंने भी गलत के खिलाफ आवाज उठाया है उसकी हत्या कर दी गयी है। हमेशा समाज पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने वाले की आवाज को दबाने का प्रयास हो रहा है। बैठक में बबलू मुंडा, महादेव टोप्पो, संदीप उराव, आरती कुजूर, पिंकी खोया, सोमा उरांव, अनीता गाड़ी, रवि मुंडा, नमित हेमरोम, सनी टोप्पो, सोनी हेंब्रम, रितेश उरांव, कमलेश राम, मुन्ना टोप्पो, रोशन मुंडा, सत्यदेव मुंडा, आशीष मुंडा, संतोष मुंडा, मुकेश भगत, नीलकंठ मुंडा, बुधराम बेदिया, उर्मिला उरांव, रूपन कुजूर, सुनीता तिर्की, बंधन तिर्की सहित अन्य उपस्थित थे।

## झारखंड कांग्रेस नेताओं का काफिला बिहार रवाना, कार्यकर्ताओं ने बरही में किया स्वागत



**बरही (आजाद सिपाही)।** लोकसभा प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में बिहार में चल रहे वोट अधिकार यात्रा में शामिल होने के लिए झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ताओं का काफिला मंगलवार को बिहार नवादा के लिए रवाना हुआ। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में निकले इस काफिले का बरही चौक पर जोरदार स्वागत किया गया। ढोल – नगाड़ों और नारों के बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, ग्रामीण और पंचायती विकास मंत्री दीपिका सिंह पांडे, स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व अध्यक्ष प्रदीप बालमुचू, कांग्रेस विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप, कांके विधायक सुरेश बैठा, सिमडेगा विधायक विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, सिमडेगा विधायक भूषण बारा, जगरनाथपुर विधायक सोना राम सिंकु, पूर्व मंत्री जेपी पटेल, ओबीसी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अभिलाष साहू, एससी सेल के अध्यक्ष केदार पासवान, आयोग के अध्यक्ष जय शंकर पाठक समेत कई वरिष्ठ नेता, मंत्री और प्रदेश – जिला कांग्रेस सहित कई नेताओं का स्वागत हुआ। नेताओं ने कहा कि यह यात्रा लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने और मताधिकार के प्रति जनता को जागरूक करने का अभियान है। कार्यक्रम का देखरेख में ओबीसी कांग्रेस जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष व स्थानीय मंडल अध्यक्ष बबलू साहू ने योगदान दिया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, प्रमुख मनोज रजक, युवा कांग्रेस नेता फिरदौस खान, चंदवारा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद वर्णवाल, पदमा प्रखंड अध्यक्ष गौतम मेहता, छोटन ठाकुर, विकास साहू, तौकीर रजा, रिजवान अंसारी, मनोज रविदास, मंडल अध्यक्ष बब्बू साव व जितेंद्र गिरी, बीरबल साहू, गौतम चंद्रवंशी, मनोज यादव, विनोद यादव, पसस तयब अंसारी, मो. यूसुफ, मो. सगीर, प्रकाश राम, प्रकाश विश्वकर्मा, आशीष गुप्ता, हेलाल अख्तर, जमीर उद्दीन, विजय रविदास, राधेश्याम सिंह, सोनू रविदास, बंटी ओझा, मुकेश पासवान, पंकज पासवान, पप्पू कुमार, अल्ताफ कुरैशी, मिनहाज खान, मो. गुलजार आदि शामिल थे।

## ऋत्विक कंपनी के कोऑर्डिनेटर रिजवान शरीफ की हार्ट अटैक से हुई मौत



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी की अधीनस्थ कार्य कर ऋत्विक कंपनी के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर रिजवान शरीफ उम्र (48) की मौत हार्ट अटेक से हो गया। रिजवान शरीफ की मृत्यु की खबर सुनकर एनटीपीसी के अधिकारी रित्विक के अधिकारी रित्विक सभी कर्मचारी काफी ग्रामीण ममहित है क्योंकि रिजवान शरीफ काफी सरल और मिलनसार व्यक्ति थे। रित्विक कंपनी में तीन साल से कार्य कर रहे थे। ऋतिक कंपनी के अधिकारी ने बताया कि रिजवान शरीफ को कुछ दिन पहले एक माननीय के द्वारा काफी भदी-भदी गालियां व जान से मारने की धमकी और जाति सूचक का इस्तेमाल किया गया था जिससे काफी चिंतित रहने लगे थे। मंगलवार सुबह फ्रेश होने के बाद हर दिन की भांती ऋत्विक प्रोजेक्ट आने के लिए तैयार हो रहे थे इसी दरमियान हार्ट अटैक आया तुरंत आनंद फानन में आरोग्यं अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## तीन दिवसीय राजस्व कैंप का आयोजन



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के अंचल कार्यालय में उपायुक्त ऋतुराज के निर्देशानुसार तीन दिवसीय दिनांक 19, 20 और 21 अगस्त को विशेष राजस्व कैंप का आयोजन शुरू हुआ। जिसमें दाखिल खारिज, भूमि सुधार और राजस्व विभाग से संबंधित मामलों का निष्पादन किया जा रहा है। जिसमें मुख्य रूप से अंचल निरीक्षक आलोक शर्मा, राजस्व उप निरीक्षक उमेश कुमार, सरोज कुमार यादव, रामदेव हांसदा, तालेवर राम, बिनोद कुमार, अभिषेक पांडेय, आदित्य कुमार, सुभाष पासवान, कन्हैया कुमार, रंधीर कुमार सहित दर्जनों के संख्या में ग्रामीण शामिल थे। ग्रामीणों ने बताया कि बकास जमीन का रजिस्ट्री हो रहा है लेकिन रसीद काटने का ऑप्शन नहीं दिया जा रहा है। इससे ग्रामीण परेशान हैं। जमीन का रसीद नहीं काटने से सरकार को राजस्व का घाटा हो रहा है। झारखंड सरकार इस पर पुनः विचार करें।

## मशीन लगाने का ग्रामीणों ने किया विरोध



**डोमचांच (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मसनोडीह पंचायत में पंचगावा में बनने वाली एएसएफटी लगने वाली मशीन को लेकर ग्रामीणों ने विरोध किया। मंगलवार को नगर पंचायत डोमचांच के द्वारा मशीन लगाने को लेकर जगह का चयन डोमचांच सीओ रविंदर पांडे के द्वारा किया गया जिसका वहां के ग्रामीणों ने भारी विरोध किया। ग्रामीणों का कहना है कि यह जमीन 1978 में सरकार के द्वारा दिया गया और उक्त जमीन पर हमलोग खेती करते हुए आ रहे हैं। 2008 तक अंचल पदाधिकारी के द्वारा रसीद भी निर्गत किया गया है उसके बाजूद डोमचांच सीओ रविंदर पांडे रसीद गलत बता रहे हैं। जब ग्रामीणों का यह भी कहना है कि डोमचांच नगर पंचायत के कचड़ा यहां डंप क्यू करने दे। वही सीओ के द्वारा 2022 में ग्रामीणों को सूचना दिया गया था। अगर किसी के पास जमीन का पेपर है तो कार्यालय में जमा करने के लिए कहा गया था। उस समय कोई पेपर नहीं दिखाया और अब पेपर दिखा रहा है तो गलत है। ग्रामीणों को शुक्रवार तक समय दिया गया है अगर शुक्रवार तक कार्यालय में पेपर जमा नहीं होता है तो कार्य चालू हो जायेगा।

## फुलवरिया गांव में पहली बार पहुंचेगी बिजली



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय से सटे और कोडरमा नगर पंचायत का हिस्सा वार्ड 1 फुलवरिया गांव में पहली बार बिजली पहुंचेगी। कई सालों से गांव में बिजली की मांग की जा रही थी। वहीं स्थानीय विधायक डॉ नीरा यादव भी पिछले कई सालों से बिजली गांव में पहुंचे इसके लिए प्रयासरत थी। अब ग्रामीणों का सपना पूरा होता दिख रहा है। मंगलवार को फुलवरिया गांव में बिजली पहुंचाने के लिए बिजली पोल गाड़े जाने की शुरुआत की गयी। स्थानीय विधायक डॉ नीरा यादव ने पूजा-अर्चना कर और नारियल फोड़कर इस कार्य की शुरुआत की। इस मौके पर विधायक के साथ उनके पति विजय यादव, संजीव समीर, विनोद कुमार मुन्ना, दिनेश सिंह, सुनील यादव, विजय सिंह, नरेंद्र सिंह, पंकज कुमार सिंह, दिलीप कुमार, निवर्तमान वार्ड पार्षद सचिन कुमार के अलावा काफी संख्या में महिलाएं और गांव के लोग मौजूद थे।

### आधा दर्जन होटलों में चल रहा था देह व्यापार का धंधा

# दर्जनों युवक-युवतियां हिरासत में, छह होटल किये गये सील

आजाद सिपाही संवाददाता







**हजारीबाग।** हजारीबाग जिला प्रशासन मंगलवार को पूरे एक्टिव मोड में दिखी। बड़ी कार्रवाई करते हुए आधे दर्जन होटल में छापेमारी करते हुए उन्हें सील कर दिया। जिला प्रशासन को गुप्त सूचना मिली थी कि हजारीबाग के फोरलेन पर विभिन्न होटल और रेस्टोरेंट में जिस्मफरोशी का गोरख धंधा चल रहा है। इस सूचना पर मंगलवार सुबह 10 बजे से ऑपरेशन शुरू किया गया, जो लगभग 5 बजे शाम तक चला। इस ऑपरेशन में कई संदिग्ध युवक-युवती को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। वही होटल मालिकों से पूछताछ भी की जा रही है। इन होटलों में जिस्मफरोशी का गोरखधंधा चलने की सूचना हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन को मिली थी। सूचना पर सदर एसडीओ बैजनाथ कामती और सदर एसडीपीओ अमित आनंद के नेतृत्व में एक साथ छह होटल पर अलग-अलग टीम बनाकर छापेमारी की गयी। जिसमें दर्जन से अधिक युवक युवती संदिग्ध अवस्था में मिले, जिन्हें हिरासत में ले लिया गया है। वहीं सभी 6 रेस्टोरेंट को सील कर दिया गया है। इस पूरे कार्रवाई के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का भी पुख्ता इंतजाम किया गया था। कई थाना प्रभारी को इस कार्रवाई में शामिल किया गया। एक साथ सभी रेस्तरां और होटल में छापेमारी से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। कई लोग भागते हुए भी देखे गये। फोरलेन पर एक दर्जन से अधिक रेस्टोरेंट संचालित है। जिन होटल को सील किया गया उनमें होटल रेस्टोरेंट 7 डेज, होटल रुक्मणी, होटल टू इट, होटल स्पाइसी, होटल सिद्धिविनायक और होटल रेस्टोरेंट वर्णिका शामिल है।

# ट्रक पलटने से एक की मौत, दो घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** कोडरमा थाना अंतर्गत रांची-पटना मुख्य मार्ग के एनएच 20 पर कोडरमा घाटी में मंगलवार की सुबह एक ट्रक के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। मृतक की पहचान ट्रक मालिक के साले नालंदा (बिहार) निवासी कुंदन यादव (18, पिता इंद्रदेव यादव) के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार उक्त ट्रक पर लोहे का शीट लोड था, जो बोकारो से कोडरमा के रास्ते पटना जा रही थी। इसी दरम्यान कोडरमा घाटी में प्रवेश करते ही जमसौती नाला के समीप एक तीखे मोड़ पर सामने से अचानक से एक गैस टैंकर आ रही थी। जिसे देख ट्रक चालक संतुलन खो बैठा और ट्रक अनियंत्रित होकर पहले गैस टैंकर से टकराई और इसके पश्चात सड़क किनारे खायी में जा गिरी। ट्रक के खाई में जाने से पूर्व ही ट्रक का चालक व खलासी ट्रक से छलांग लगाकर बाहर कूद गया। किन्तु कुंदन ट्रक के अंदर ही दब गया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। इधर दूसरी ओर गैस टैंकर का चालक भी ट्रक से टकराने के कारण बुरी तरह से जख्मी हो गया। जिसे स्थानीय लोगों द्वारा सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। ट्रक चालक की पहचान गोविंदपुर (बिहार) निवासी उमेश यादव के रूप में हुई है। वहीं गैस टैंकर के चालक की पहचान जमुई (बिहार) निवासी 25 वर्षीय प्रदीप कुमार पिता थानु यादव के रूप में हुई है। इधर घटना की सूचना मिलते ही कोडरमा पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक के खलासी को ट्रक के नीचे से निकला। वहीं पुलिस द्वारा गैस टैंकर को घटनास्थल से हटाकर घाटी के बाहर ले जाया गया ताकि घाटी में जाम न लग सके। इधर घटना की जानकारी देते हुए मृतक के भाई राजबल्लव यादव ने बताया कि उक्त ट्रक बोकारो निवासी उनके जीजा मुन्ना यादव का है। उन्होंने बताया कि उक्त ट्रक में लोहे का शीट लोड था और वह बोकारो से कोडरमा होते हुए पटना (बिहार) की ओर जा रहा था।

### पूर्व विधायक अंबा प्रसाद मामले में ऋत्विक प्रबंधन ने रखा अपना पक्ष

# पूर्व मंत्री ने साइट कार्यालय में हुड़दंग मचाने की सूचना पर गुस्से में कही थी जेल भेजने की बात

आजाद सिपाही संवाददाता

**केरेडारी।** पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा ऋत्विक कंपनी के डायरेक्टर सीएम राजेश के साथ बातचीत का दस सेकेंड का ऑडियो क्लिप शोशल मीडिया में जारी किया गया। जिसमें पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने सीएम रमेश के द्वारा योगेंद्र साव को जेल भेज कर करियर बर्बाद करने का बात की जा रही। वायरल ऑडियो क्लिप पर रित्विक कंपनी प्रबंधन ने खंडन करते हुए अधूरा ऑडियो क्लिप वायरल करने का आरोप लगाया। कहा कि अंबा प्रसाद के साथ एक्सक्यूटिव डायरेक्टर सीएम राजेश का 3 से चार मिनट बात चीत हुई है। उन्हें बातचीत के पूरा ऑडियो क्लिप वायरल करना चाहिये। साथ ही ऋत्विक के कॉर्डिनेटर रवि सिन्हा, संतोष सिंह ने पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, बेटी पूर्व विधायक अंबा प्रसाद व बेटा सुमित कुमार साव पर निजी लाभ के लिए आंदोलन करने और लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया हैं। इन्होंने आगे बताया कि अगर ऋत्विक कंपनी सचमुच गुंडा है तो कंपनी के डायरेक्टर सीएम राजेश व सीएम रमेश (सांसद) से मिलने दिल्ली और हैदराबाद क्यों गये थे। योगेंद्र साव एक तरफ धरने पर बैठे हैं और धरने के दौरान ही बेटी अंबा प्रसाद व बेटा अंकित राज गत सात अगस्त को दिल्ली सिंधु स्थित एमपी आवास में सीएम राजेश व सीएम रमेश के साथ बैठक की। यहां गाड़ी में बैठकर भी बात चीत होती है, बात नहीं बनी तो पुनः 13 अगस्त को योगेंद्र साव, बेटी अम्बा प्रसाद व पुत्र सुमित कुमार साव रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से समय शाम 9:40 बजे के इंडिगो फ्लाईट से हैदराबाद पहुंचते हैं, हैदराबाद के चर्चित व्यंजन बन मस्का नील ऑफर रेस्टोरेंट में खाते हैं। 14 अगस्त को सुबह 8:30 बजे सीएम राजेश से दो बार मीटिंग होती है, परंतु उनके मांगो पर वार्ता सफल नहीं होती है फिर 14 अगस्त को दिन में 11:20 बजे के एयर इंडिया की फ्लाईट से हैदराबाद से रांची लौट जाते हैं। यह भी बताया गया कि डिमांड पूरा नहीं हुआ तो गुस्सा से 16 अगस्त को लगभग 3:30 बजे पूर्व मंत्री योगेंद्र साव अपने 60 समर्थकों के साथ लाठी डंडे से लैस होकर ऋत्विक कंपनी के साइट ऑफिस में घुसकर अधिकारियों को धमकाते हैं और तोड़फोड़ करते हैं। उनके धमकी से दो अधिकारी भी रिजाइन मार कर काम छोड़ कर चले गये। वहीं उसी शाम 4:20 में अंबा प्रसाद फोन से सीएम राजेश से बात करती है तब तक उन्हें साइट ऑफिस में उत्पात मचाने की सूचना मिलने पर गुस्से में कोर्ट से बेल तुड़वा कर जेल भेजवाने की बात कहा। आगे उन्होंने कहा कि कंपनी कभी भी उनकी गैरकानूनी डिमांड को पूरा नहीं करेगी। पूर्व मंत्री का यह निजी मामला है। कंपनी अगर गलती की है तो माइंस को खुले चार साल हो गया इस बीच वे कहां थे।

### विधायक रोशन लाल चौधरी ने हजारीबाग एसपी से की मुलाकात

# बड़कागांव-केरेडारी के निर्दोष ग्रामीणों पर कार्रवाई बंद करे पुलिस : विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने बड़कागांव और केरेडारी प्रखंड के जनप्रतिनिधियों के साथ हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन से मुलाकात किया। इस दौरान विधायक रोशन लाल चौधरी ने पुलिस अधीक्षक को बड़कागांव पुलिस के द्वारा कांड संख्या 207 और 208/25 में बड़कागांव हरली, बादम, गोंदलपूरा, महुगाई कला सहित अन्य गांव के निर्दोष ग्रामीणों पर झूठे केस मुकदमा में फंसाए जाने को लेकर कड़ी निंदा की है साथ ही उन्होंने पुलिस अधीक्षक से कहा कि बड़कागांव की जनता कानून का सम्मान करता है और कानून के दायरे में ही रहकर अपनी बातों को जिला प्रशासन के समझ रख रहा है। बावजूद इसके निर्दोष लोगों को झूठे मुकदमे में फसना अनुचित है आगे उन्होंने पुलिस अधीक्षक से कहा कि किसी भी निर्दोष पर कोई कानूनी कार्रवाई बिना सबूत के नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा उन्होंने केरेडारी के ओपी पागार थाना क्षेत्र के पांडू गांव की भी घटना का चर्चा किया। उन्होंने कहा कि मृतक के परिजनों के द्वारा शव को रखकर मुआवजे की मांग की गयी थी। जो बिल्कुल जायज मांग था। तत्पश्चात समझौता में किसी भी व्यक्ति पर मुकदमा दर्ज नहीं करने का बात लिखित दिया गया था। बावजूद इसके पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों और ग्रामीणों के ऊपर मुकदमा दर्ज कर दिया जो सरासर गलत है। जिसे हम कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। इस मुकदमे को पुलिस जल्द से जल्द निरस्त करने का काम करें। इन सभी मामलों पर पुलिस अधीक्षक ने विधायक रोशन लाल चौधरी को अस्वस्थ किया है कि किसी भी निर्दोष को पुलिस के द्वारा कार्रवाई नहीं किया जायेगा। मौके पर मुख्य रूप से बड़कागांव के पूर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद, पूर्व मुखिया राकेश रंजन दुबे, भोला महतो, उप मुखिया प्रतिनिधि अनिल राम, विनोद राम,लक्ष्मण राम सहित अन्य लोग मौके पर मौजूद थे।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल और मिशन होस्पिटल द्वारा चुरचु के जरबा पंचायत भवन में मंगलवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। इसमें सामान्य स्वास्थ्य, दांत, नेत्र, सुगर, क्लोस्ट्रोल और रक्त का जांच जरूरतमंदों को मुफ्त प्रदान की गयी। कई जरूरतमंद मरीजों ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। जिसमें डेंटल 30 और सामान्य 40 जनों का जांच व उपचार हुआ। चिकित्सकों ने जरूरतमंदों को उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श दिया। ग्रामीणों ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर की सरहाना कर चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों के प्रति आभार जताया। मौके पर हजारीबाग डेंटल कॉलेज के सचिव सह मिशन होस्पिटल के संचालक डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि बुनियादी उपचार जरूरतमंदों को निःशुल्क उपलब्ध कराना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना मुख्य उद्देश्य है। मुख्य रूप से डॉ दीपांशु, प्रशिक्षु आकांक्षा, साजिया अली, निकिता जायसवाल और पीआरओ राज कुमार ने सहरानीय योगदान दिया।

## पारस फूड दुकान में हुई चोरी



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सदर थाना गली स्थित पारस फूड दुकान को चोरों ने सोमवार रात निशाना बनाया है। यह दुकान सदर थाना से चंद कदम दूरी पर स्थित है। इस चोरी की घटना से यही प्रतीत होता है कि चोरों के हिम्मत कितने बुलंद है कि, थाना के बगल के दुकान को भी नहीं छोड़ रहे। चोरों ने दुकान के शटर को काट दुकान में प्रवेश किये उसके बाद सीसीटीवी के डीबीआर को अपने कब्जे में ले चलते बने। ताकि सीसी टीवी से कोई फुटेज न मिल सके। चोरी की घटना से यह अंदाज लगाया जा रहा है कि यह घटना कोई शातिर चोर के द्वारा किया गया है। चोरों ने दुकान से नगद और ड्राई फ्रूट भी अपने साथ उड़ा ले गये। घटना के बाद सदर थाना की पुलिस मौके पर पहुंच जांच में जुट गयी है। साथ ही घटना के बाद फेडरेशन ऑफ चेंबर के सदस्य भी दुकान पहुंच पुलिस से चोरों की गिरफ्तारी और बढ़ती चोरी की घटना पर रोक लगाने की मांग की है।

## फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का निरीक्षण करने राज्य की टीम पहुंची बरकट्ठा



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में चल रहे फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का निरीक्षण करने के लिए राज्य की टीम बरकट्ठा और चलकुशा पहुंची। ज्ञात हो कि 10 से 25 अगस्त तक चलने वाला यह अभियान में डोर टू डोर जाकर लोगों को फाइलेरिया रोकथाम को लेकर जागरूक करना और दवा खिलाना है। 15 दिनों तक चलने वाला फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के लिए भारत सरकार और राज्य की टीम ने सीएचसी बरकट्ठा के तहत चल रहे अभियान का गांव निरीक्षण किया। इसमें टीम चलकुशा प्रखंड के मनैया में डोर टू डोर भ्रमण किया। इस टीम में आरएचओडब्ल्यू के असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ स्वप्निल आखड़े, छत्तीसगढ़, स्टेट आईसी कंसल्टेंट नीलम कुमार, बीबीडी पदाधिकारी हजारीबाग कपिलमुनि प्रसाद, सीएचसी बरकट्ठा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रत्ना रानी कुंज, जिला वीबीडी कंसल्टेंट मैमूर सुल्तान, बीपीएम रंजीत कुमार सिंह, एचएम पंकज कुमार शर्मा, बीडीएम सत्यनारायण कुमार, एमपीडब्ल्यू अनिल कुमार, परिमल फाउंडेशन के साहिल गुप्ता, प्रमोद कुमार, डबल्यूएचओ के निलेश सिंह शामिल थे। टीम के सदस्यों ने फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर घर-घर जाकर जांच किया कि लोगों ने फाइलेरिया रोधी की दवा का सेवन की स्थिति को जाना। टीम ने प्रखंड में चल रहे फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की सराहना की। कहा कि सीएचसी की स्वास्थ्यकर्मी टीम क्षेत्र में बेहतर ढंग से काम कर रही है।

## ऑटो स्टैंड संचालकों की मनमानी पर जिला प्रशासन की सख्ती



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** नगर निगम क्षेत्र के खिरगांव में ऑटो स्टैंड संचालकों द्वारा टोटो रिक्शा को जबरन रोककर यात्रियों को परेशान किये जाने की सूचना प्राप्त होते ही उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने तत्काल संज्ञान लिया। उपायुक्त के निर्देश पर जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। मौके पर जिला प्रशासन की टीम ने ऑटो संघ के अध्यक्ष और ऑटो संचालकों से पूछताछ की। गलत तरीके से टोटो रिक्शा के संचालन पर रोक लगाने को लेकर ऑटो संचालकों को कड़ी फटकार लगायी गयी और भविष्य में ऐसी हरकत पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गयी। इस दौरान ऑटो संघ के अध्यक्ष और संचालकों ने अपनी गलती स्वीकार की और आश्वासन दिया कि ऐसी पुनरावृति नहीं होगी। परिवहन विभाग की टीम द्वारा मौके पर कई ऑटो के परमिट और कागजातों की जांच की गयी। टैक्स फेल पाये गये ऑटो चालकों को सात दिनों के अंदर सभी दस्तावेज अद्यतन करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी ऑटो चालकों को अनिवार्य रूप से खाकी वर्दी पहनकर वाहन चलाने का आदेश दिया गया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि टोटो और ऑटो का संचालन पूर्ववर्ती प्रणाली से ही होगा और किसी भी प्रकार की मनमानी बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

## मरकच्चो में सेविका-सहिया को मिला प्रशिक्षण

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार मरकच्चो में प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण 11 अगस्त से 23 सितंबर तक रोस्टर अनुसार दिया जायेगा। इस क्रम में दिन सोमवार से द्वितीय बैच का प्रशिक्षण में आंगनवाड़ी सेविका, सहिया को प्रशिक्षित किया जायेगा। इस प्रशिक्षण के तहत टीकाकरण और प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल से संबंधित जानकारी दी जायेगी। इस प्रशिक्षण में प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो ने प्रशिक्षुओं को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण ले कर क्षेत्र में अच्छे से कार्य करने को कहा। इस मौके पर आंगनबाड़ी सेविका और सहिया प्रशिक्षण में भाग लिया।

## तोपा में सरकारी नमक फेंके जाने का वीडियो वायरल, जांच की मांग





**कुजू (आजाद सिपाही)।** खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा गरीब जनता के लिए आवंटित नमक की बड़ी खेप तोपा सीसीएल रेस्ट हाउस के सामने एक गली में फेंके जाने का मामला विगत दो दिनों से सोशल मीडिया बहुत तेजी से वायरल हो रहा है। इस मामले को लेकर पास के जन वितरण प्रणाली डीलर गोविंद राम से दूरभाष पर पूछे जाने पर कहा कि फेंके गये उक्त नमक के पैकटों से हमारा कोई लेना देना नहीं है। वहीं, ओरला मुखिया गुड़िया देवी ने कहा कि गरीब जनता के लिए आवंटित सरकारी नमक का फेंका जाना काफी निंदनीय है। इस मामले में उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। साथ ही, संबंधित डीलर पर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी विमल बेदिया ने कहा कि संबंधित वीडियो मेरे पास भी आया है। इसको लेकर एक दो दिनों के अंदर घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच की जायेगी।

## ढाई लाख के गहनों की चोरी, दो गिरफ्तार



**चतरा (आजाद सिपाही)।** शहर के पुरैनिया तालाब स्थित नेहा ज्वेलर्स नामक दुकान में अपराधियों ने रविवार को चोरी की घटना को अंजाम दिया था। चोरों ने दुकान से ढाई लाख रुपये के सोने के गहने की चोरी की थी और फरार हो गये थे। बताया जाता है कि अपराधी ज्वेलरी की दूकान में ग्राहक बनकर आए थे। इसी दौरान गहनों की चोरी कर फरार हो गये। इसकी जानकारी दूकान के संचालक अमित सोनी ने सदर पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस अवर निरीक्षक टीपू अंसारी दल बल के साथ दुकान पहुंचे और मामले की जानकारी ली। साथ ही सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। रविवार की रात सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दो लोगों को टाटीझरिया से पकड़ कर थाना लाया गया। जहां पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार पकड़े गये आरोपी चतरा जिले के कई दुकानों में पूर्व में चोरी की घटना को अंजाम दे चुके हैं।

## दिव्यांगता शिविर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग




**प्रतापपुर / चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मिडिल स्कूल में बच्चों के लिए आयोजित दिव्यांगता शिविर में शॉर्ट सर्किट से भयंकर आग लग गयी। जिससे विद्यालय को भारी नुकसान हुआ है, जिसमें लगभग लाख रुपये के उपकरण जलकर खाक हो गये। आग से गोदाम में रखे एमडीएम का चावल, बैट्री, इनवर्टर, तार व हारमोनियम आदि उपकरण पूरी तरह जल गये। विद्यालय के सहायक अध्यापक मिथलेश कुमार सोनू और विजय कुमार आदि की सूझबूझ से आग पर काबू पाया गया। इसके अलावा प्रतापपुर थाना और प्रखंड कार्यालय से अग्निरोधक यंत्र की मदद से आग को पूरी तरह बुझाया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए बीपीओ अजय कुमार दास ने कहा कि विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक श्यामपद बाउरी छुट्टी पर चले गये। इससे प्रखंड भर के स्कूलों से आए दिव्यांग बच्चे, उनके गार्जियन और स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक सह सचिव को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आग की वजह से स्कूल को काफी नुकसान हुआ है। शॉर्ट सर्किट से लगी आग ने स्कूल के उपकरणों को जलाकर खाक कर दिया। इससे स्कूल की संपत्ति को काफी नुकसान पहुंचा है। ऐसी घटनाएं भविष्य में रोकने के लिए स्कूल प्रशासन को आवश्यक कदम उठाने होंगे ।

## हंटरगंज थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक, ट्रक चुराकर हुए फरार



**हंटरगंज /चतरा (आजाद सिपाही)।** हंटरगंज थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक बढ़ता नजर आ रहा है। ताजा मामला सोमवार की मध्यरात्रि का है। अज्ञात चोरों द्वारा बोड़ा मोड़ स्थित मस्जिद के पास खड़ी एक ट्रक को चोरी कर चंपत हो गये। इसकी जानकारी सुबह तब हुई, जब बरही के टॉल प्लाजा फास्ट टैग से वाहन मालिक के खाते से पैसा कटा। वाहन मालिक राजीव नयन उर्फ राजू सिंह ने तुरंत आनन फानन में इसकी जानकारी अपने ड्राइवर को दी। जब ड्राइवर ने मस्जिद के पास देखा तो ट्रक गायब पाया। इसके बाद वाहन मालिक ने थाने में लिखित आवेदन दी है। पुलिस ट्रक की खोजबीन में जुटी है। जानकारी के अनुसार सोमवार को हंटरगंज में ट्रक से सीमेंट खाली कर ड्राइवर अपने घर बोड़ा मोड़ ट्रक को लेकर चला गया था। रात को ड्राइवर बोड़ा मोड़ स्थित मस्जिद के पास ट्रक खड़ी कर अपने घर खाना खा पीकर सोने चला गया। तब तक ट्रक वहीं खड़ी थी। मंगलवार अहले सुबह करीब 4 बजे ट्रक मालिक हंटरगंज निवासी राजीव नयन सिंह के फास्ट टैग से पैसा निकासी का मैसेज आया। जिसके बाद आनन फानन में ट्रक मालिक ने ड्राइवर से बात किया और कहा गाड़ी कहा लेकर जा रहे हो। बस ड्राइवर की नींद उड़ गयी और वह तुरंत आनन फानन में मस्जिद के पास गया, जहां ट्रक गायब पाया। जिसके बाद इसकी जानकारी ट्रक मालिक को दिया। वाहन मालिक ने मंगलवार को हंटरगंज थाना में लिखित आवेदन देकर खोजबीन की गुहार लगाई है। फिलहाल हंटरगंज पुलिस खोजबीन में जुटी है। ज्ञात हो की चोरी की घटनाओं पर हंटरगंज थाना क्षेत्र में रोक नहीं लग पा रही है। चोर आए दिन वारदात अंजाम दे रहे हैं। बीते दो माह में करीब आधा दर्जन से अधिक चोरी की वारदात हो चुकीं हैं। पुलिस मामले कु खुलासा के नाम पर सिर्फ घटनास्थल का निरीक्षण करती है। पुलिस ने तो चोर का पता लगा पा रही है न हीं वारदात पर रोक लगा पा रही है।

## टायर फटने से पलटा ट्रक, चालक गंभीर

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रांची-पटना मुख्यमार्ग अंतर्गत फोरलेन के सैनी होटल के निकट टायर फटने से सड़क के बीचो-बीच ट्रक पलट गया। घटना के बाद रांची से रामगढ़ आने वाली मार्ग कुछ देर के लिए बाधित हो गयी। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने हाइड्रा के माध्यम से सड़क पर पड़ी ट्रक को हटवाया। जिसके बाद यातायात सुचारू रूप से चालू हो सकी। जानकारी के अनुसार उड़ीसा से दिल्ली जा रही सीट लदा ट्रक संख्या यूपी 82टी 7936 का अचानक टायर फट गया। जिससे ट्रक अनियंत्रित हो गयी और डिवाइडर से टकराते हुए सड़क के बीचों बीच पलट गयी। इस घटना में चालक यशपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल भेजवाया। वहीं, खलासी मामली रूप से घायल हो गया।

## रामगढ़ में कोयला तस्करों का आतंक : सिस्टम को ललकारा

# सीसीएल टीम पर हमला कर कोयला लदे दो हाइवा को छुड़ाया, वाहन का शीशा तोड़ा

- सीसीएल ने तीन हाइवा को पकड़ा, जंगल में खड़ी है तीनों वाहन
- थार पर सवार कोयला तस्करों ने मचाया उत्पात, पुलिस के इशारे पर होती है तस्करी
- रजरप्पा क्षेत्र के जीएम कल्याणजी प्रसाद के नेतृत्व में हुई छापेमारी







### क्या है मामला

जानकारी के अनुसार रजरप्पा प्रक्षेत्र के जीएम कल्याणजी प्रसाद के नेतृत्व में एक टीम ने सोमवार की रात अवैध कोयला लदा पांच हाईवा पकड़ा। टीम ने गाड़ी संख्या ओडी 09 वी 1734, जेएच 02 बीआर 2487, जेएच 02 बीएम 7942, जेएच 09 बीडी 6790, और जेएच 02 बीएन 7942 को पकड़ा। जिसमें अवैध कोयला लदा हुआ था। ब्लैक थार पर सवार लोगों ने टीम पर किया हमला, दो हाईवा चालक भागे जीएम के नेतृत्व में सीसीएल के अधिकारी और कर्मचारी अवैध कोयला तस्करों पर कार्रवाई कर रहे थे। जब जंगल में पांच गाड़ियों को टीम ने रोका तो उन पर हमला भी हुआ। इस दौरान वहां ब्लैक थार कार पर सवार लोग भी पहुंचे। कोयला माफियाओं ने वहां माहौल बिगड़ने की कोशिश की। उन लोगों ने छापेमारी टीम में शामिल चंद्रशेखर आजाद की गाड़ी पर हमला किया और उनके शीशे तो डालें। टीम ने उस थार कार का नंबर 0013 नोट भी किया है। जिसका जिक्र पुलिस के समक्ष भी हुआ है।इसी अफरा-तफरी में दो हाइवा चालक कोयला बीच सड़क पर गिराकर भाग निकले। तीन हाइवा अब भी लहरी टुंगरी जंगल क्षेत्र में खड़े हैं।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ में कोयला तस्कर का मन बढ़ गया है। सिस्टम को ललकार कर कोयला तस्करी कर रहा है। पुलिस को लगातार चैलेंज कर रहा है। कोयला तस्करी बेरोकटोक जारी है। सबकुछ स्थानीय पुलिस के मिली भगत से होने की आशंका है।

**कोयला तस्करों ने की हदे पार, टीम पर किया हमला :** हद तो सोमवार की रात हुई। जब कोयला तस्कर मारकाट पर उतारू हो गया। सीसीएल की टीम अवैध कोयला तस्करी के विरुद्ध छापामारी करने निकली। इसी दौरान लाह टूनगरी जंगल के समीप पांच हाईवा को रुकवाया। जिसपर अवैध कोयला लदा था। लेकिन इसकी भनक तस्करों को लग गयी। जिसके बाद तस्करों ने थार पर सवार होकर पहुंचे और सीसीएल टीम पर हमला कर दिया। जिस वाहन पर सवार था छापामारी दल, उसका शीशा तोड़ा एक बेलोनो का शीशा तोड़कर दो हाईवा को भगाकर ले गया। जबकि तीन हाईवा अभी सीसीएल के निगरानी में जंगल में खड़ी है। सीसीएल ने मामले को लेकर रजरप्पा थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज करने को गुहार लगायी है।

**जंगल में मिला अवैध कोयले का भंडार :** रजरप्पा क्षेत्र के जीएम कल्याण जी प्रसाद ने बताया कि छापेमारी के दौरान जंगल में छुपा कर रखे गये कोयले के विशाल भंडार को भी जप्त किया गया है। रॉ कॉल साइडिंग के पास ही जंगल में कोयला तस्करों के द्वारा इसे जमा किया गया था। उस स्थान पर गाड़ियों की आवाजाही के लिए रास्ते भी बनाये गये थे। बड़ी आसानी से रात के अंधेरे में कोयला तस्कर वहां से गाड़ी में कोयला लोड करते थे और बाहर निकल जाते थे।

## 'इको आर्ट' पोस्टर और फोटो क्लिक प्रतियोगिता का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विज्ञान संकाय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्यूपल एंड प्लांट विषय पर आधारित 'इको आर्ट' पोस्टर निर्माण और फोटो क्लिक प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस रचनात्मक कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में प्रकृति, पौधों और पारिस्थितिकी तंत्र के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बड़ी उत्सुकता और रचनात्मकता के साथ भाग लिया। इको आर्ट प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने प्राकृतिक सामग्री का उपयोग कर कलात्मक अभिव्यक्ति दी। जबकि पोस्टर प्रतियोगिता में पौधों और मानव जीवन के बीच संबंधों को सुंदर ढंग से दर्शाया गया। फोटो क्लिक प्रतियोगिता में छात्रों ने पौधों से जुड़े विभिन्न दृष्टिकोणों को अपने कैमरे में कैद किया।

यह कार्यक्रम युवाओं के उत्साह जागरूकता और रचनात्मकता का सशक्त उदाहरण रहा। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की और हार्दिक बधाई दीं। सचिव प्रियंका कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं के उत्साह, जागरूकता और रचनात्मकता का सशक्त उदाहरण रहा। कार्यक्रम में विज्ञान संकाय की संकायाध्यक्ष डॉ प्रतिभा गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं न केवल रचनात्मकता को प्रोत्साहित करती हैं, बल्कि पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी उत्पन्न करती हैं। भौतिक विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ धीरज कुमार कुशवाहा ने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा की पौधे न केवल हमारे पर्यावरण की शान है बल्कि हमारे अस्तित्व की आधार भी है ऐसी प्रतियोगिताएं युवाओं में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता जगाने का सशक्त माध्यम है।

**इन्होंने प्रतियोगिता में मारी बाजी :** इको प्रतियोगिता में प्रथम कुमारी साक्षी, पोस्टर प्रतियोगिता में सुदीप्ता, द्वितीय शिवांगी कुमारी और तृतीय विजेता साधना कुमारी रही। फोटो क्लिक प्रतियोगिता में प्रथम सेजल कुमारी द्वितीय विजेता राहुल निषाद रहे। प्रतियोगिता का निर्णायक बीके पांडेय ने किया। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त और लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार, विज्ञान संकाय के शिक्षकगण और छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

## 72 घंटे बाद भी सीसीएल कर्मी का सुराग नहीं



**कुजू(आजाद सिपाही)।** कुजू ओपी क्षेत्र से कार सहित गायब हुए सीसीएल कुजू कोलियरी में इलेक्ट्रीशियन के पद पर कार्यरत बड़गांव निवासी 55 वर्षीय सीसीएल कर्मी मंशु साव का अबतक 72 घंटे बाद भी कोई सुराग नहीं मिल पाया है। वहीं, पुलिस मामले की गहन छानबीन में जुटी है। अनहोनी की आशंका से पूरा परिवार आशंकित है। इधर, गुमशुदगी के 72 घंटे बाद भी सुराग नहीं मिलने से पुलिस मामले की गंभीरता को समझते हुए गहन छानबीन में जुटी है। बताया जाता है कि शनिवार की रात 11 बजे कुजू कोलियरी से ड्यूटी करने के बाद सीसीएलकर्मी मंशु साव ने श्रीराम चौक कुजू स्थित रॉक होटल से पनीर की सब्जी खरीदी थी। साथ ही, उनका मोबाइल अंतिम बार आरा-सारूबेड़ा तक लोकेशन ट्रेस हुआ है। जिसके बाद मोबाइल स्विच आफ हो गया। वहीं, कुजू पुलिस सभी बिंदुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है। साथ ही, विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। इस सम्बन्ध में कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने जल्द ही गुमशुदा को दूंढ निकालने की बात कही। मालूम हो कि बड़गांव निवासी मनोज कुमार साव ने पिता मंशु साव के लापता होने के मामले में कुजू ओपी में आवेदन दिया था। उन्होंने लिखा है कि पिता गत 16 अगस्त से वैगनआर कार संख्या जेएच 24 ए 9030 समेत गायब है।

## शराब तस्करी का रामगढ़ एसपी ने किया खुलासा

# मुरी का सुरेश सप्लाई करता है नकली शराब, दो भाई गिरफ्तार





आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** पुष्पा राज मूवी से इंस्पायर्ड होकर बिहार राज्य के जहानाबाद जिला निवासी मोहम्मद खलील अहमद और नजीर हुसैन ने शराब तस्करी का नया तरीका आजमाया था। वे दोनों जहानाबाद जिले में नकली शराब का बड़ा कारोबार करते हैं। उन्हें झारखंड की राजधानी रांची जिले के मुरी इलाके से नकली शराब की सप्लाई की जाती थी। इस बात का खुलासा रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने किया है। मंगलवार को उन्होंने बताया कि नकली शराब की तस्करी के दौरान जब पिकअप वैन को पकड़ा गया, तो कई खुलासे हुए। गाड़ी संख्या जेएच 03 एएस 0790 के मालिक सह चालक मो खलील अहमद ने पूरा राज पुलिस को बयां किया। दोनों भाइयों को मंगलवार को पुलिस ने जेल भेज दिया है।

**सुरेश करता है नकली शराब की सप्लाई :** बिहार राज्य के जहानाबाद शहर के पीजी रोड, न्यू मोहल्ला निवासी खलील अहमद अपने छोटे भाई नजीर हुसैन के साथ मिलकर यह कारोबार चल रहा था। रांची जिले के मुरी से सुरेश नामक व्यक्ति उसे शराब की सप्लाई करता है। जब भी बिहार में उन्हें नकली शराब मंगाना होता है, वे लोग मुरी पहुंचते हैं। सुरेश से मिलकर वे लोग उसे पैसे देते हैं सुरेश उनकी गाड़ी में नकली शराब लोड करवा देता है। सोमवार को भी वे लोग मुरी से ही अपने पिकअप वैन में नकली शराब लेकर जहानाबाद के लिए निकले थे। उनकी गाड़ी में रॉयल स्टैग का 500 एमएल वाली 175 बोतल और 600 पीस कैन बियर छुपा कर रखा गया था। इस मामले में खलील अहमद, नजीर हुसैन और सुरेश के खिलाफ रामगढ़ थाने में कांड संख्या 224/25 दर्ज किया गया है।

## श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा सीमिति की बैठक संपन्न



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा सीमिति थाना चौक आगामी दुर्गा पूजा को धूमधाम से मनाने को लेकर बैठक आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता सीमिति के अध्यक्ष सतीश गुप्ता ने किया। बैठक में दस लोगों को संरक्षक बनाया गया। जिसमें अमरेश गणक, किशोरी गुप्ता, दामोदर रजक, डॉ रविन्द्र कुमार, मुकेश तिवारी, सत्यनारायण साव, मुकेश सिंह, पवन शर्मा, उदय प्रताप सिंह और कृष्ण रवानी शामिल हैं। बैठक में अध्यक्ष सतीश गुप्ता ने कहा कि इस बार थाना चौक का दुर्गा पूजा का पंडाल और लाइट का काम बहुत आकर्षक रहेगा। बैठक में राजीव गुप्ता, लालबिहारी रजक, संतोष सिंह, रूपेश गुप्ता, मनीष वर्मा, अभिषेक गुप्ता, रोशन गुप्ता, रवि गुप्ता, प्रकाश और राजेश मौजूद थे।

## प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन




**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** सीसीएल रजरप्पा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर,रजरप्पा प्रोजेक्ट में विद्या विकास समिति झारखंड के तत्वावधान में संकुल स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, उत्तरी सेवई मुखिया कुलदीप सिंह, स्थानीय विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद तथा रामगढ़ संकुल अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों के प्रधानचार्य– सिरका के शंभु कुमार सिंह, कुंदरिया सरूबेड़ा के दिनेश कुमार मिश्र और लारी के सुमित कुमार सिन्हा ने भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किया। गणमान्य अतिथियों का परिचय प्राचार्य उमेश प्रसाद के द्वारा कराया गया। प्रश्न मंच की प्रस्तावना आचार्या ज्योति राजहंस के द्वारा रखी गयी। मुख्य अतिथि कुलदीप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रश्न मंच प्रतियोगिता न केवल बौद्धिक क्षमता का विकास करती है शिशु, बाल, किशोर और तरुण वर्ग के भैया–बहनों के बीच छः विषयों के प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाता है। इस निमित्त रजरप्पा विद्यालय में चार विषयों के प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि और सभी विद्यालय के प्रधानाचार्यों ने शुभकामना दी और प्रश्न मंच के प्रतिभागियों के पुरस्कार वितरण समारोह में विद्यालय के अध्यक्ष सह परियोजना पदाधिकारी ललन कुमार राय, सीएसआर आशीष झा, और उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी उपस्थित हुए। अध्यक्ष ललन कुमार ने कहा कि जो जितना परिश्रम करता है परिणाम उसी के अनुरूप मिलता है इसलिए सभी प्रतिभागी लक्ष्य पर पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत करें। यहां आयोजित चार विषयों विज्ञान, वैदिक गणित, अंग्रेजी और संगणक का आयोजन किया गया। जिसमें रामगढ़ संकुल के पतरातू बाजार, पतरातू थर्मल, गिद्दी बस्ती, सिरका, सारुबेड़ा –कुंदरिया, लारी, रामगढ़ और रजरप्पा प्रोजेक्ट से कुल 293 प्रतिभागी भैया–बहन और संरक्षक आचार्य दीदी जी सम्मिलित हुए। इस प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहन आगे होने वाले विभाग स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित होंगे। विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों के द्वारा मेडल और ट्रॉफी देकर उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का संचालन आचार्या डॉ गायत्री कुमारी ने किया। विद्यालय के संरक्षक आचार्य व दीदी जी उपस्थित हुए। प्रश्नमंच प्रतियोगिता को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्य, बंधु भगिनी का सहयोग सराहनीय रहा। शांति मंत्र के उपरांत यह प्रश्नमंच प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता में स्थान लाने वाले विद्यालयों के नाम–रजरप्पा विद्यालय शिशु वर्ग अंग्रेजी, वैदिक गणित बाल वर्ग में प्रथम, पतरातू थर्मल विद्यालय तरुण वर्ग विज्ञान, बाल और किशोर वर्ग संगणक, वैदिक गणित शिशु वर्ग में प्रथम और रामगढ़ विद्यालय शिशु वर्ग, बाल वर्ग, किशोर वर्ग विज्ञान, किशोर वर्ग वैदिक गणित में प्रथम रही।


### दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनकी तरफ से कार्य करते हुए, मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची - 834003 द्वारा खुली निविदा के अंतर्गत ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। **क्रम संख्याः** 1; **सूचना संख्याः डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-91-2025; कार्य का नामः** झारखंड के राँची जिले के अंतर्गत आने वाले राँची मंडल के पूरे क्षेत्राधिकार के साथ स्टेशन यार्ड, रेलवे कॉलोनी के लिए रेलवे भूमि का दाखिल-खारिज। **निविदा मूल्यः** ₹9,09,79,913.44; **बयाना राशिः** ₹ 6,04,900.00; **निविदा बंद होने की तिथि और समयः** 08.09.2025 को 15.00 बजे। निविदाकर्ता ऑनलाइन निविदा के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जा सकते हैं।

(PR-537)


### कोर्ट नोटीस

न्यायालय में

श्रीमान् कमलेश बेहरा, सिविल जज, सिनियर डिविजन, नगर उंटारी, जिला- गढ़वा ।

O.S. No- 18/2024

गोपाल प्रजापति....................वादी

प्रति

राज्य व अन्य वगैरह.......प्रतिवादीगण

नोटिस बनाम्

1. श्रीमान बंदोबस्त पदाधिकारी पलामू, ग्राम व पो. मेदिनीनगर थाना - मेदिनीनगर, जिला - पलामू ।
2. श्रीमान् उपायुक्त महोदय, गढ़वा ग्राम • पो - गढ़वा, थाना व जिला - गढ़वा, 3. श्रीमान् अपर समाहर्ता, गढ़वा ग्राम व पो०- गढ़वा, थाना गढ़वा, जिला- गढ़वा । 4. श्रीमान् अनुमंडल पदाधिकारी, नगर उंटारी ग्राम व पो० व थाना नगर उंटारी, जिला
5. श्रीमान् उप समाहर्ता, भूमि सुधार, गढ़वा । ग्राम व पो० व थाना गढ़वा जिला- गढ़वा। 6. श्रीमान् अंचल पदाधिकारी, धुरकी ग्राम व पो० व थाना- धुरकी, जिला गढ़वा, राज्य झारखण्ड
7. परमात्मा घासी
8. आत्मा घासी
9. जवाहीर घासी } तीनों के पिता - हरख घासी
10. भागवत प्रसाद उर्फ महतो
11. देवराज महतो उफ प्रसाद } **दोनों के पिता - स्व0 तुलसी महतो**

रक्सी, पो. व थाना - धुरकी, जिला - गढ़वा, राज्य - झारखण्ड

चूं बजरियें आपलोगो को इस नोटिस के जरिये अगाह किया जाता है कि वादि गोपाल प्रजापति ने मेरे न्यायालय में ओ. एस. 18/2024 दाखिल किया है जो सुनवाई हेतु लंबित है। अतः आपलोग दिनांक 12/08/25 को समय 10:30 बजे पूर्वाहन स्वयं या अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे, अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में वाद की सुनवाई एकपक्षीय की जाएगी। इसे ताकिद से जाने

यह नोटिस आज दिनांक 12/08/2025 को मेरे न्यायालय में मुहर एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया ।

**श्रीमान् कमलेश बेहरा**
**सिविल जज सिनियर डिविजन**
**नगर उंटारी, जिला - गढ़वा ।**


### पूर्व तट रेलवे

**ई-निविदा सूचना सं.: Sr.DMM/SBP/Stores/Tender Publication/2025, दिनांक: 18.04.2025**

**निविदा सं. 40255942**

**सामग्रियों का विवरण : TWS के लिए वेज (Wedge) T-6305/A, मात्रा : 43,000 संख्यक।**

**निविदा मूल्य : ₹ 66,21,570.00, EMD @ 2% : ₹ 1,32,430/-**

**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : दिनांक 08.09.2025 को 1500 बजे ।**

**ई-निविदा हस्तांतरणीय नहीं है और इसे निविदाकार के पूर्व अधिकृत कार्मिक द्वारा DSC के पास जमा किया जाना चाहिए, जो पहले से ही वेबसाइट में पंजीकृत हैं।**

**किसी भी कारण दर्शाए बिना किसी अथवा सभी निविदा को निरस्त करने का अधिकार रेलवे के पास संरक्षित है।**

**संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।**

**वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबंधक/सम्बलपुर**

PR-496/Q/25-26


### AFFIDAVIT

As per Affidavit Ref. No. 107 date 19.08.2025. I, Jayauddin Khan S/o. Ale Rasul Khan Resident of Ward No.09 Vill Sonpurwa, P.o. Harigawan, P.S.- Manjhiaon, Dist. Garhwa, Jharkhand - 822114 do hereby solemnly affirm and declare as follows :- 1. That I am an indan citizen and living in abouve mentioned address :

2. that in my daughter Aadhar Card no. 8109 3320 7667 my daughter's name is mentioned as Tabbasum Khatoon, which is wrong.

3. That my daughter correct name is Reshmi Farhat according to school certificate from Jhakhand academic council, Ranchi.

4. That this affidavit is sworn for the purpose of correction my daughter's name RESHMI FARHAT in place of Tabbasum Khatoon in my daughter's Aadhar Card.

5. That my above statement are true & Correct. sworn & signed this affidavit on 19/08/2025 at ranchi

# मुंबई में आयी आसमानी आफत

कई राज्यों में बारिश का कहर जारी है, लेकिन इन दिनों महाराष्ट्र सबसे ज्यादा प्रभावित नजर आ रहा है। जहां अब तक सात लोगों की मौत हो गयी और 200 से अधिक लोग मौसमी तबाही में फंसे हुए हैं। मायानगरी मुंबई की रफ्तार भी बारिश से थम सी गयी है, जिसके चलते नगर निगम को स्कूलों और कॉलेजों में छुट्टी घोषित करनी पड़ी। देश की आर्थिक राजधानी के कई हिस्सों में जम कर बरसात हो रही है। कभी न थमने वाले शहर की रफ्तार पानी ने रोक दी है। स्थिति यह है कि मुंबई की सड़कों पर सैलाब है। इतना पानी भरा हुआ है कि गाड़ियां जहां-तहां फंस गई है। अपनी चमक धमक पर इतराने वाला शहर पानी की मार से बिलख रहा है और ये पहली बार नहीं है। मुंबई में हर साल बारिश होती है और हर साल मुंबई इसी परेशानी से जूझती है। मुंबई के अंधेरी सबवे में तेज बारिश के बाद पानी भर गया है, जिसके चलते अंधेरी सबवे को बंद कर दिया गया है। मुंबई में लगातार बारिश के कारण जलभराव से प्रभावित चेंबूर के एक अस्पताल में भर्ती होने वालों को भी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। कई लोगों को अपने बीमार परिजनों को पीठ पर लादकर बृहन्मुंबई नगर निगम द्वारा संचालित मां जनरल अस्पताल तक पहुंचने के लिए जाते देखा गया। मुंबई में खराब मौसम के कारण कई उड़ानें भी प्रभावित रहीं। एयरपोर्ट तक जाने वाले कई रास्तों पर अब भी जलभराव है, जिससे यातायात धीमा पड़ गया है।

**बीएमसी ने शहर में दूसरी पाली में संचालित होने वाले सभी स्कूलों और कॉलेजों में अवकाश घोषित कर दिया है। बाद में नगर निकाय ने भारी बारिश के पूवार्नुमान के बीच मंगलवार को महानगर के सभी स्कूलों और कॉलेजों में अवकाश की घोषणा की।**

इंडिगो के मुताबिक बारिश के चलते अराइवल और डिपार्चर दोनों में देरी हो रही है। इंडिगो ने यात्रा करने वाले लोगों को थोड़ा पहले निकलने और ऐप या वेबसाइट के माध्यम से अपनी उड़ान की स्थिति पर नजर रखने की सलाह दी है। मुंबई में भारी बारिश के कारण कई इलाकों में जलभराव हो गया, जिससे यातायात जाम हो गया। बीएमसी ने शहर में दूसरी पाली में संचालित होने वाले सभी स्कूलों और कॉलेजों में अवकाश घोषित कर दिया है। बाद में नगर निकाय ने भारी बारिश के पूवार्नुमान के बीच मंगलवार को महानगर के सभी स्कूलों और कॉलेजों में अवकाश की घोषणा की। इसके साथ ही आज यहां बहुत भारी से बेहद भारी बारिश की संभावना है। साथ ही कभी-कभी 45-55 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की भी संभावना है। मौसम विभाग ने हाई टाइड का भी अलर्ट जारी किया है। अधिकारियों ने बताया कि ठाणे जिले में कल्याण के पहाड़ी इलाके में भारी बारिश के कारण भूस्खलन हुआ जिससे चार घर क्षतिग्रस्त हो गये हालांकि कोई घायल नहीं हुआ। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा ठाणे और पालघर जिलों में 18-19 अगस्त के लिए रेड अलर्ट के बाद अधिकारियों ने मंगलवार को स्कूलों और कॉलेजों में अवकाश घोषित कर दिया है। वहीं मुंबई में मौसम विभाग ने 21 अगस्त तक भारी बारिश की चेतावनी दी है और पूरी तरह सतर्क रहने के निर्देश दिये गये हैं। नांदेड़ जिले में लगातार बारिश के कारण 200 से अधिक लोग बाढ़ में फंस गये, जिसके कारण अधिकारियों को बचाव और राहत कार्यों के लिए सेना को बुलाना पड़ा।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**लाल किले की प्राचीर से घोषित ऐतिहासिक राष्ट्रीय गहरे जल अन्वेषण मिशन, बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में एक महत्वाकांक्षी दूरदर्शी एजेंडा निर्धारित करता है। इस मिशन का लक्ष्य लगभग 40 वाइल्डकैट कुओं की ड्रिलिंग के माध्यम से 600-1200 मिलियन मीट्रिक टन तेल और गैस भंडारों का पता लगाना है। पहली बार, बंगाल की खाड़ी से लेकर अरब सागर तक भारत अपनी जटिल अपतटीय सीमाओं को व्यवस्थित रूप से खोलेगा।**

# विकसित भारत के लिए मोदी का सुधारों का ब्रह्मास्त्र



**हरदीप एस पुरी**




मुझे अपने स्कूल के दिनों से ही 15 अगस्त के भाषणों में भाग लेने का सौभाग्य प्राप्त होता रहा है, लेकिन शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी का 12वें स्वतंत्रता दिवस का भाषण अभूतपूर्व और असाधारण था। इसमें विकसित भारत के पथ पर भारत की गति बढ़ाने के दिशा में सीधे तौर पर लक्षित ब्रह्मास्त्र- अर्जुन का अकाट्य पौराणिक अस्त्र-छोड़ा गया।

वैश्विक अर्थव्यवस्था में व्याप्त असामान्य उथल-पुथल के दौर के बीच, विकसित भारत का सपना संजोए भारत सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में निरंतर आगे बढ़ना जारी रखे हुए है। यह भाषण केवल अपनी व्यापकता के लिए ही नहीं, बल्कि अपने दायरे– साहसिक, भविष्योन्मुखी और 1.4 बिलियन लोगों के भाग्य को नया आकार देने में सक्षम अगली पीढ़ी के सुधारों और उस विजन के प्रति स्पष्टता के लिए भी उल्लेखनीय है, जिसका यह राष्ट्र इससे पहले कभी साक्षी नहीं रहा।

उदाहरण के लिए डिजिटल इंडिया स्टैक को ही लें, यूपीआइ दुनिया के आधे रीयल-टाइम लेनदेन के लिए उत्तरदायी है और साल के अंत तक होने वाला, पहली मेड-इन-इंडिया चिप का लॉन्च, वैश्विक डिजिटल अर्थव्यवस्था में भारत की अग्रणी स्थिति को दशार्ता है। ऐसे समय में जब राष्ट्रों की नियति सेमीकंडक्टर निर्धारित करते हैं, महत्वपूर्ण तकनीकों पर संप्रभुता का भारत का यह दावा किसी डिजिटल स्वराज से कम नहीं है।

**पीएम विकसित भारत रोजगार योजना 1 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ लॉन्च की गयी है।**

ऊर्जा सुरक्षा लंबे समय से भारत के विकास की राह की सबसे बड़ी कमजोरी रही है। दशकों तक, झिझक और नो गो क्षेत्रों ने अन्वेषण को बाधित किया और आयात पर निर्भरता बढ़ा दी। वह दौर अब बीत चुका है।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने इइजेड में नो गो क्षेत्रों को लगभग 99% तक कम कर दिया है, जिससे 10 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र इएंडपी के लिए मुक्त हो गया है।

ओएएलपी के साथ इसने भारतीय और वैश्विक दिग्गजों, दोनों के लिए समान रूप से एक विशाल क्षेत्र खोल दिया है–हमारे हाइड्रोकार्बन बेसिन अब निष्क्रिय नहीं रहेंगे, बल्कि राष्ट्रीय प्रगति के लिए उपयोग में लाये जायेंगे।

लाल किले की प्राचीर से घोषित ऐतिहासिक राष्ट्रीय गहरे जल अन्वेषण मिशन, बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में एक महत्वाकांक्षी दूरदर्शी एजेंडा निर्धारित करता है। इस मिशन का लक्ष्य लगभग 40 वाइल्डकैट कुओं की ड्रिलिंग के माध्यम से 600-1200 मिलियन मीट्रिक टन तेल और गैस भंडारों का पता लगाना है। पहली बार, बंगाल की खाड़ी से लेकर अरब सागर तक भारत अपनी जटिल अपतटीय सीमाओं को व्यवस्थित रूप से खोलेगा। एक ऐसे ढांचे के साथ जो सूखे कुओं की स्थिति में 80 प्रतिशत तक और व्यावसायिक खोज पर 40 प्रतिशत तक लागत की वसूली की अनुमति देकर निवेश के जोखिम को कम करता है।

यह पहल एक व्यापक योजना का हिस्सा है, जिसके तहत 2032 तक घरेलू तेल और गैस उत्पादन को तिगुना बढ़ा कर 85 मिलियन टन और राष्ट्रीय भंडार को दोगुना करके एक से दो बिलियन टन के बीच किया जा सकता है।

लगभग 8 मिलियन टन उत्पादन के बराबर, अतिरिक्त 100-250 बिलियन क्यूबिक मीटर गैस उपलब्ध कराने के लिए प्लग-एंड-प्ले आधार पर अपतटीय साझा बुनियादी ढांचा बनाया जायेगा। ये सभी उपाय न केवल पहले से अटकी हुई खोजों का मुद्रीकरण करेंगे, बल्कि एक आत्मनिर्भर ईएंडपी इकोसिस्टम का निर्माण भी करेंगे, जहां स्थानीय आपूर्ति श्रृंखलाओं की हिस्सेदारी आज के 25-30 प्रतिशत से बढ़ कर 70 प्रतिशत से अधिक हो जायेगी। यह आजादी के बाद से भारत का सबसे व्यापक अपस्ट्रीम सुधार है।

साथ ही, ऊर्जा परिवर्तन के क्षेत्र में भारत वैश्विक स्तर पर अग्रणी बन कर उभरा है। भारत 2030 के लक्ष्य से पांच साल पहले ही 2025 तक 50% स्वच्छ ऊर्जा के लक्ष्य तक पहुँच गया है। जैव ईंधन और हरित हाइड्रोजन प्रायोगिक स्तर से उत्पादन की ओर बढ़ रहे हैं। इथेनॉल मिश्रण और सीबीजी स्केल-अप एक नये ग्रामीण-औद्योगिक आधार का निर्माण कर रहे हैं। एलएनजी के बुनियादी ढांचे का विस्तार जारी है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि असैन्य परमाणु ऊर्जा को निजी भागीदारी के लिए खोल दिया गया है। वर्तमान में 10 नये परमाणु रिएक्टर चालू हैं, और भारत का लक्ष्य अपनी स्वतंत्रता के 100वें वर्ष तक अपनी परमाणु ऊर्जा क्षमता को दस गुना बढ़ाना है। यह महत्वाकांक्षी लक्ष्य 2047 तक ऊर्जा स्वतंत्रता प्राप्त करने की भव्य योजना का हिस्सा है।

प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन की घोषणा हमारी औद्योगिक रणनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। ऐसे समय में जब दुनिया लिथियम, दुर्लभ मृदा तत्व, निकल और कोबाल्ट के सामरिक महत्व को पहचान रही है, भारत ने 1,200 से अधिक स्थलों पर अन्वेषण शुरू किया है और साझेदारी, प्रसंस्करण और पुनर्चक्रण का ढांचा तैयार कर रहा है ताकि नवीकरणीय ऊर्जा, सेमीकंडक्टर, ईवी और उन्नत रक्षा क्षेत्र कभी भी बाहरी अवरोधों के अधीन न रहें।

राष्ट्रीय सुरक्षा लाल किला चार्टर का एक अन्य स्तंभ था। ऑपरेशन सिंदूर ने परमाणु ब्लैकमेल के युग का अंत करते हुए वास्तविक समय में भारत की सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया और यह संदेश दिया कि आक्रमण का जवाब तेजी और कुशलता से दिया जाएगा। सिंधु जल संधि को स्थगित करना संप्रभुता का साहसिक दावा है। सबसे बढ़कर, मिशन सुदर्शन चक्र का अनावरण, युद्धभूमि में भगवान श्री कृष्ण द्वारा अर्जुन की रक्षा से प्रेरित है, जो मोदी की शैली– सभ्यतागत प्रतीकवाद के अत्याधुनिक तकनीक से मेल का प्रतीक है।

एक बहुस्तरीय स्वदेशी सुरक्षा कवच भारत के महत्वपूर्ण संस्थानों की साइबर, भौतिक और हाइब्रिड खतरों से रक्षा करेगा। प्रधानमंत्री ने हमारे लड़ाकू विमानों को शक्ति प्रदान करने वाले इंजनों के डिजाइन और निर्माण के लिए एक राष्ट्रीय चुनौती जारी की है और वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और संस्थानों से संयोजन या असेंबली से ऑथरशिप तक की छलांग लगाने का आह्वान किया है।

प्रधानमंत्री ने कठोर सत्यों से भी परहेज नहीं किया। उन्होंने उद्योग जगत और किसानों से आत्मनिर्भरता अपनाने और उर्वरकों का संतुलित उपयोग करने का आग्रह किया। हालांकि भारत दुनिया की फामेर्सी है, जो वैश्विक टीकों का 60% का उत्पादन करता है, अब इसे नयी दवाओं, टीकों और उपकरणों के क्षेत्र में भी अग्रणी बनने की दिशा में अग्रसर होना चाहिए। यह बायोई3 नीति के तहत बायोफार्मा को निर्णायक बल देने के साथ-साथ है, जहां हमारी महत्वाकांक्षा ऐसी दवाओं का पेटेंट और उत्पादन करना है, जो किफायती और विश्वस्तरीय दोनों हों। घोषित किये गये कर और कानूनी सुधार भी उतने ही साहसिक हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि 1961 का आयकर अधिनियम, जो स्वयं उस युग का अवशेष है, अब बदला जा रहा है।

नया आयकर विधेयक जटिलता को कम कर रहा है, 280 अनावश्यक धाराओं को समाप्त कर रहा है और 12 लाख रुपये तक की राहत प्रदान कर रहा है। फेसलेस मूल्यांकन की शुरुआत ने प्रणाली को पारदर्शी, कुशल और भ्रष्टाचार-मुक्त बना दिया है। दिवाली तक लॉन्च किया जाने वाला अगली पीढ़ी का जीएसटी 2.0, दरों को और अधिक तर्कसंगत बनायेगा और अनुपालन को बढ़ावा देगा। 40,000 से ज्यादा अनावश्यक अनुपालनों को समाप्त करने, 1,500 से ज्यादा पुराने कानूनों को निरस्त करने और दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता के साथ, यह नेहरू के आर्थिक पिंजरे को तोड़ने जैसा है। ये सुधार केवल बैलेंस शीट में ही नहीं, बल्कि जीवन में भी सुधार लाते हैं। 25 करोड़ से ज्यादा लाभार्थियों तक पहुंच कर प्रत्यक्ष लाभ अंतरण ने कल्याण में जवाबदेही को अंतर्निहित किया है और 25 करोड़ से ज्यादा भारतीयों को गरीबी से बाहर निकाला है। रोजगार पर फोकस को भी केंद्र में लाया गया है। पीएम विकसित भारत रोजगार योजना 1 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ लॉन्च की गयी है। नये रोजगार पाने वाले युवाओं को 15,000 रुपये प्रति माह मिलेंगे, नये रोजगार के अवसरों का सृजन करने वाली कंपनियों को प्रोत्साहन दिया जायेगा और इस कार्यक्रम का लक्ष्य लगभग 3.5 करोड़ युवा भारतीयों तक पहुंचना है।

महत्वाकांक्षा को वास्तविकता में बदलने के लिए प्रधानमंत्री ने अगली पीढ़ी के सुधारों के लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया है–इस निकाय को आर्थिक गतिविधियों के पूरे इकोसिस्टम को नया रूप देने के लिए बनाया गया है। इसका अधिदेश जितना साहसिक है, उतना ही लंबे अर्से से अपेक्षित भी है: हमारे स्टार्टअप्स और एमएसएमइ पर बोझ डालने वाली अनुपालन लागत में कटौती करना, उद्यमों को निरंतर मनमानी कार्रवाई की छाया में रहने से छुटकारा दिलाना, तथा जटिल कानूनों को सरल, पूवार्नुमानित और व्यवस्थित ढांचे में ढालना। 15 अगस्त को घोषित सुधार, केवल अगले दिन की सुर्खियों के लिए नहीं, बल्कि 2047 के भारत से संबंधित हैं। जैसा कि प्रधानमंत्री ने हमें याद दिलाया, दुनिया एक प्राचीन सभ्यता को - अपनी जड़ों को त्यागकर नहीं, बल्कि उनसे शक्ति प्राप्त करके आधुनिक शक्ति में तब्दील होते हुए देख रही है।

**(लेखक : केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### जमशेदपुर में लागू होगा, हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत जमशेदपुर के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देशानुसार प्रवर्तन विभाग (इनफोर्समेंट डिपार्टमेंट) के पदाधिकारियों ने पेट्रोल पंप संचालकों के साथ बैठक कर ह्यनो हेलमेटझ्रनो पेट्रोलह्ण आदेश के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। डीटीओ धनंजय एवं ट्रैफिक डीएसपी नीरज कुमार ने पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश दिया कि दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल केवल तभी दिया जाये जब वे हेलमेट पहनकर आएं। इसी तरह चारपहिया वाहनों में चालक और सहयात्रियों को सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य करने पर बल दिया गया। पंप परिसरों में नो हेलमेट – नो फ्यूल (हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं) जैसे स्पष्ट साइनबोर्ड लगाने का भी निर्देश दिया गया। ट्रैफिक डीएसपी ने पेट्रोल पंपों के बाहर सीसीटीवी कैमरा लगाने और नियम तोड़ने वाले वाहनों का विवरण उपलब्ध कराने की अपील की, ताकि उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जा सके। बैठक में मोटरयान निरीक्षक सूरज हेम्ब्रम, सड़क सुरक्षा टीम और जिला अंतर्गत पेट्रोल पंप संचालक व प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### 329 शराब की बोतल से लदा टेंपो जब्त

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** उलीडीह थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के प्रयास को विफल करते हुए मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की। थाना प्रभारी कुमार अभिषेक के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर शंकोसाई रोड नंबर 1 स्थित दुर्गा मंदिर के पास छापामारी की। इस दौरान एक संदिग्ध टेम्पो को रोका गया, जिसकी तलाशी लेने पर वाहन से सात पेटियों में रखी कुल 329 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुई, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। जब्त शराब में रॉयल स्टैग, मैक डॉनल्ड, स्टर्लिंग बी–7 और आइकॉनिक वाइट ब्रांड की 180 एमएल की बोतलें शामिल हैं। पुलिस ने टेम्पो (संख्या जेएच05एक्स–9410) को भी जब्त कर लिया है। हालांकि चालक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने इस मामले में उलीडीह थाना में प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है। जांच अधिकारियों का मानना है कि इस तस्करी में किसी संगठित गिरोह का हाथ हो सकता है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस इसके विभिन्न पहलुओं की जांच कर रही है। इस छापामारी अभियान में थाना प्रभारी कुमार अभिषेक के साथ सहायक अवर निरीक्षक मुकेश दुबे, नागवंत पासवान और अजीत कुमार शामिल थे। थाना प्रभारी ने कहा कि इलाके में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और इसमें संलिप्त किसी को भी बख्शा नहीं जायेगा।

### पश्चिम सिंहभूम जिला पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई

# सात लाख रुपये की कफ सिरप जब्त, तीन गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला पुलिस ने जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए 702000 रुपये का अवैध कफ सिरप जब्त किया है। पुलिस ने एक 407 मालवाहक वाहन से 3600 वनरेक्स कफ सिरप बरामद किया, जिसे रांची से लोड कर जैंतगढ़ ले जाया जा रहा था। जब्त कफ सिरप की कीमत 7 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया है, जिनमें राजेंद्र प्रधान, अमरदीप लागुरी और सुनील तिर्की शामिल हैं।

गिरफ्तार तीनों आरोपियों में राजेंद्र प्रधान (37 वर्ष) आनंदपुर निवासी केसर प्रधान का पुत्र है, जबकि अमरदीप लागुरी (31 वर्ष), जगन्नाथपुर थानांतर्गत तोड़ांगहातु निवासी बुधराम लागुरी का पुत्र और सुनील तिर्की (28 वर्ष) आनंदपुर थाना क्षेत्र के चारबंदिया गांव निवासी प्रेम तिर्की का पुत्र हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जगन्नाथपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में गठित छापामार दल ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया. पुलिस मामले की अग्रेतर जांच में जुट गयी है।

# पोटका में विक्षिप्त महिला ने सड़क पर दिया बच्ची को जन्म

**महिला की मदद को आगे आया पूरा गांव**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के ग्रामीण क्षेत्र, पोटका से एक सनसनीखेज मार्मिक खबर सामने आई है, जहां पोटका के झरिया गांव में मंगलवार सुबह एक अज्ञात विक्षिप्त महिला ने खुले आसमान के नीचे एक बच्ची को जन्म दिया। महिला ने नौ महीने तक बच्ची को पेट में रखा और कठिन परिस्थितियों में जन्म दिया। स्थानीय लोगों की मदद से महिला को यूसिल के एम्बुलेंस से जमशेदपुर सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित हैं।

महिला खुद को जमशेदपुर के पारडीह की निवासी बता रही है, जबकि बच्चे के पिता का नाम और पता अज्ञात है। नवजात बच्ची की मदद के लिए पूरा गांव आगे आया। सूचना पाते ही जादूगोड़ा थाना के सहायक अवर निरीक्षक नारायण मिश्रा दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और आवश्यक सहायता उपलब्ध करायी। पुलिस अब महिला के पति और बच्चे के पिता को खोजने और उसे सजा दिलाने के लिए मामले की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों की निगाहें पुलिस की कार्रवाई पर टिकी हैं।

### ठनका की चपेट में आने से महिला की मौत

**चक्रधरपुर(आजाद सिपाही)। चक्रधरपुर प्रखंड के टोकलो थाना अंतर्गत रोलाडीह गांव में आसमानी बिजली (ठनका) गिरने से महिला की मौत हो गयी। महिला खेत में काम कर रही थी। इस दौरान आकाशीय बिजली गिरी, जिसकी चपेट में महिला आ गयी और इलाज के दौरान महिला की मौत हो गयी। चंचला महतो( 45) नामक महिला दो अन्य महिलाओं के साथ खेत में काम कर रही थी। मृतक महिला के पति का नाम परेश चंद्र महतो है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि इस वक्त खेतों में काम चल रहा है। चंचला महतो भी अन्य महिलाओं के साथ खेतों में काम करने गयी थी। काम के दौरान आकाशीय बिजली गिरी, जिसकी चपेट में चंचला महतो आ गयी। बगल के खेत में काम कर रही महिलाएं सुरक्षित है।**

### डीसी ने सुनी आम लोगों की समस्याएं



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला–खरसावां जिले के डीसी नितिश कुमार सिंह ने साप्ताहिक जनता दरबार में विभिन्न प्रखंडों और अंचलों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनकर तड़ित कार्रवाई का आश्वासन दिया। मौके पर डीसी ने व्यक्तिगत और सामुदायिक समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त की। प्रत्येक आवेदन की गंभीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को त्वरित, पारदर्शी एवं विधिसम्मत समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में म्यूटेशन एवं सीमांकन संबंधी विवाद, रैयती जमीन पर अवैध कब्जा, जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने से जुड़ी समस्याएं, वृद्धा पेंशन योजना का लंबित भुगतान, शिविर आयोजित करने की मांग शामिल रहा। डीसी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित कर पेंशन योजना से संबंधित लंबित मामलों का निष्पादन करे व वंचित लाभुकों को शीघ्र योजना से जोड़े। मौके पर डीसी ने कहा जनता दरबार का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं को सुनना और उनका त्वरित समाधान करना। इस पहल से जिले के प्रशासन और नागरिकों के बीच संवाद और सहयोग को और अधिक मजबूती मिलती है।

### मुसाबनी के शिशु विद्या मंदिर में पूर्व शिक्षा मंत्री स्व.रामदास सोरेन को श्रद्धांजलि दी गयी



**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** शिक्षा मंत्री सह विधायक रामदास सोरेन के निधन पर शिशु विद्या मंदिर कुइलीसुता मुसाबनी में सामूहिक शोक सभा का आयोजन किया गया। मंगलवार को विद्यालय के सचिव संजीवन पातर एवं प्रधानाचार्य दुर्गा पद के नेतृत्व में शिक्षक–शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों ने अपने जन नेता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।सभा के दौरान सभी ने दो मिनट का मौन धारण कर मंत्री के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वातावरण गमगीन हो उठा। बच्चों ने ्ररामदास सोरेन अमर रहें, जब तक सूरज चांद रहेगा, रामदास सोरेन का नाम रहेगा नारे लगाये। सचिव संजीवन पातर ने कहा शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का इस विद्यालय से विशेष लगाव था। उन्होंने विधायक निधि से विद्यालय में शिक्षा हेतु कंप्यूटर उपलब्ध कराने और सुरक्षा के लिए बाउंड्री वॉल निर्माण कराने का कार्य किया था। वे हमेशा विद्यालय और विद्यार्थियों के प्रति संवेदनशील रहे। विद्यालय परिवार ने उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया। श्रद्धांजलि सभा में विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी और छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## यूरिया खाद की कालाबाजारी और अनियमितता को लेकर उपायुक्त ने कहा

# बिना रसीद खाद बिक्री करने पर होगी कार्रवाई

**उपायुक्त ने की सभी सीओ और एसडीओ के संग वीडियो कॉन्फ्रेंस**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने कहा है कि धान की फसल में खाद डालने के समय किसानों द्वारा यूरिया खाद की बढ़ती मांग को देखते हुए जिले में इसकी कालाबाजारी की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। किसानों का आरोप है कि थोक एवं खुदरा विक्रेता एमआरपी से अधिक दर पर यूरिया खाद बेच रहे हैं तथा यूरिया के साथ अन्य सामग्री (एंजाइम/बाल्टी) खरीदने हेतु भी बाध्य कर रहे हैं।

इसी क्रम में उपायुक्त-सह-जिला देडाधिकारी दिनेश कुमार यादव ने जिले के सभी अंचल अधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यूरिया खाद का अधिकतम खुदरा मूल्य 266 रुपये प्रति पैकेट निर्धारित है। लेकिन जिले के कई दुकानदार इससे अधिक दर पर बिक्री कर रहे हैं, जो गंभीर मामला है।

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी थोक एवं खुदरा दुकानों का औचक निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। साथ ही उन्होंने कहा कि दुकानदार अपने स्टॉक एवं दर सूची को दुकान के बाहर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करें। जो विक्रेता निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर खाद बेचेंगे या अनुचित तरीके से बिक्री करेंगे, उनकी अनुज्ञप्ति रद्द करने की कार्रवाई की जायेगी।

इस दौरान जिला कृषि पदाधिकारी खुशबू ने बताया कि जिले में लगभग 280 खाद-बीज के अनुज्ञप्ति धारी दुकानदार हैं। इनमें से कई दुकानदार यूरिया खाद की बिक्री एमआरपी से अधिक दर पर कर रहे हैं, जो किसानों के लिए परेशानी का विषय है।

उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि खाद-बीज विक्रेता केवल प्राधिकृत थोक दुकानों से ही खरीदारी करें तथा प्रति किसान केवल एक पैकेट यूरिया खाद की बिक्री सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने किसानों से भी अपील की है कि यदि कहीं भी यूरिया खाद एमआरपी से अधिक दर पर बिकता है या जबरन अन्य सामग्री खरीदने हेतु बाध्य किया जाता है, तो इसकी सूचना तुरंत जिला प्रशासन को दें।



## यूरिया खाद संकट से किसान बेहाल कालाबाजारी पर कार्रवाई की मांग

कांडी(आजाद सिपाही)। एक ओर जहां जिले के कई क्षेत्रों में किसानों में यूरिया खाद को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। लगातार अभाव झेल रहे किसानों ने सरकार और जिला प्रशासन को कई बार समस्या से अवगत कराया, लेकिन अब तक समाधान नहीं हुआ। किसान संगठनों का आरोप है कि यूरिया खाद खुलेआम ऊंचे दामों पर यूपी और बिहार भेजा जा रहा है तथा कुछ डीलर खाद छिपाकर महंगे दामों में बेच रहे हैं। इतना ही नहीं, किसानों पर जबरन जिंक और जैम बाल्टी जैसे सामान भी थोपे जा रहे हैं, जिनकी उन्हें आवश्यकता नहीं है। भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामलला दुबे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि अन्नदाता किसानों की समस्याओं पर गंभीरता से विचार किया जाये। उन्होंने जिला प्रशासन और सरकार से मांग की है कि अतिवृष्टि से हुए नुकसान का सर्वे कराकर किसानों को शीघ्र मुआवजा दिया जाए तथा सरकारी दर पर पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद उपलब्ध कराया जाये।

## रारो में कालाबाजारी के लिए रखी 35 बोरी खाद जब्त, दुकान सील



डंडई (आजाद सिपाही)। प्रखंड के रारो गांव में कालाबाजारी की नीयत से लाये गये यूरिया खाद के मामले में पुलिस और प्रशासन ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार, रारो निवासी जमील अंसारी पिता इशाक अंसारी पिकअप वाहन से बाहर से यूरिया खाद लाकर अपने घर दुकान में जमा कर रहे थे। सूचना पर डंडई थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक वाहन खाद उतारकर निकल चुका था। इसके बाद घर की तलाशी ली गयी, जहां यूरिया की बोरियां मिलीं। इसके बाद थाना प्रभारी ने पूरे मामले की जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) देवलाल करमाली और प्रखंड कृषि पदाधिकारी रमेश सिंह को दी। दोनों अधिकारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दुकान की जांच की। जांच में 35 बोरी यूरिया खाद मिला। अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दुकान को सील कर दिया। बीडीओ देवलाल करमाली ने बताया कि दुकान संचालक से जब खाद का लाइसेंस और खरीद का बिल मांगा गया तो उन्होंने कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया और न ही खाद के स्रोत की जानकारी दी। बीडीओ ने कहा कि दस्तावेज न मिलने और स्रोत की जानकारी छिपाने से यह मामला पूरी तरह कालाबाजारी का प्रतीत होता है।

## एसडीएम ने अस्पताल का किया औचक निरीक्षण, मिली घोर विसंगतियां, कहा

# स्वास्थ्य सेवा में कोताही बर्दाश्त नहीं

**सिविल सर्जन के स्तर से जांच होने के बाद होगी कार्रवाई**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मझिआंव।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने सोमवार शाम में मझिआंव स्थित राधा कृष्ण हॉस्पिटल एवं अल्ट्रासाउंड सेंटर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें कई गंभीर अनियमिततायें मिलीं।

निरीक्षण के समय अस्पताल के संचालक राजनीकांत वर्मा की पत्नी कविता कुमारी को ऑपरेशन करते हुए पाया गया, जबकि एक व्यक्ति निरीक्षण दल को देखकर पिछली ओर के रास्ते से खेतों की ओर भाग गया। मौके पर आधा दर्जन से अधिक मरीज ऑपरेशन करा कर लेटे हुए मिले। जबकि दर्जनों लोग इंतजार में बैठे थे। प्रथम तल पर भर्ती एक मरीज के परिजन ने बताया कि वे बच्चेदानी का ऑपरेशन कराने आये थे और उनके मरीज का ऑपरेशन कुछ मिनट पहले ही हुआ है।

कविता कुमारी ने एसडीएम की पूछताछ में बताया कि वे बीएएमएस की डिग्रीधारी हैं और अनुभव के आधार पर स्वयं ऑपरेशन एवं एनेस्थीसिया का कार्य करती हैं। जब एसडीएम ने संचालक राजनीकांत वर्मा से पूछा कि किस प्रकार एक बीएएमएस डिग्रीधारी डॉक्टर बड़े ऑपरेशन और एनेस्थीसिया दे सकते हैं, तो वे कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके।

मरीज को दिये जाने वाले मेडिकल पर्चे में डॉक्टर कविता कुमारी ने अपने नाम के साथ स्त्री रोग विशेषज्ञ और चिकित्सा पदाधिकारी झारखंड सरकार लिखा हुआ था। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह स्त्री रोग विशेषज्ञ हैं तो चुप रहीं, किंतु चिकित्सा पदाधिकारी होने के दावे पर उन्होंने कहा कि वह मझिआंव सामुदायिक अस्पताल में प्रतिनियुक्त हैं। किंतु उनकी मूल नियुक्ति कहां है इस बारे में उन्होंने कुछ नहीं बताया।

अस्पताल में भर्ती मरीजों से संबंधित कोई रजिस्टर नहीं पाया गया, यहां तक कि पूर्व की तिथियों की भी कोई एंट्री नहीं पायी गयी, न ही कोई दस्तावेज संधारित मिले।

मौके पर ही एसडीएम ने सिविल सर्जन को फोन कर पूरे मामले की जानकारी दी तथा विस्तृत जांच हेतु यथाशीघ्र इस अस्पताल पहुंच कर मामले की गहराई से जांच करने को कहा। उन्होंने कहा कि निजी स्वार्थ में इस तरह के अस्पताल और अप्रशिक्षित चिकित्सक लोग भोले-भाले एवं कम पढ़े-लिखे मरीजों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं, जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। स्वास्थ्य विभाग को इस प्रकार के अस्पतालों एवं चिकित्सकों के विरुद्ध तत्काल रोकथामात्मक एवं दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करनी होगी। एसडीएम ने सभी को आश्वस्त किया कि किसी भी प्रकार की अनाधिकृत गतिविधियों में संलिप्त अस्पतालों एवं अप्रशिक्षित चिकित्सकों पर अभियान चलाकर कार्रवाई होगी।

## हाथी से नुकसान पर पीड़ित परिवार को मिला मुआवजा

रंका (आजाद सिपाही)। रंका थाना वन क्षेत्र अंतर्गत कटरा पंचायत के ग्राम - बरवाही निवासी सुनील केरकेट्टा पिता बेगिन उरांव को हाथी के द्वारा गिराये गये घर की मुआवजा के रूप में 1 लाख 45 हजार रुपये का चेक वन विभाग के द्वारा प्रदान किया गया। यह मुआवजा राशि वनपाल ललन जी के द्वारा पूर्व प्रमुख सह बीडीसी हेमंत लकड़ा, समाजसेवी सुनिल बाखला एवं वन समिति के अध्यक्ष पुष्पाधारिणी केरकेट्टा की उपस्थिति में दिया गया।

## गुजरात से शव पहुंचने पर गांव में मचा कोहराम

मेराल (आजाद सिपाही)। रोजी रोटी के लिए गुजरात में पोकलेन चलाने गये मेराल थाना के गोंदा गांव निवासी ड्राइवर उपेंद्र कुमार साह 26 वर्ष पिता मनराज साव का शव मंगलवार को घर पहुंचने पर गांव में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार सुरेंद्र का संदेहास्पद मौत विगत रविवार को काम के दौरान हो गयी थी। उपेंद्र का शव जैसे ही घर गोंदा पहुंचा इसके बाद परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है वहीं दूसरी ओर काम कराने वाला ठेकेदार द्वारा उचित मुआवजा नहीं दिए जाने से लोग काफी आक्रोशित हैं तथा खबर लिखे जाने तक एंबुलेंस को रोक रखा था। उपेंद्र का शव आने तथा आक्रोशित लोगों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा जब तक उचित मुआवजा नहीं दिया जाता है तब तक शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। इसकी जानकारी मिलने के बाद मेराल थाना प्रभारी विष्णु कांत पुलिस बल के साथ पहुंच कर मामले की छानबीन शुरू कर दिया, खबर लिखे जाने तक बाद विवाद चल रहा था।

## पनघटवा डैम में डुबने से युवक की मौत

धुरकी (आजाद सिपाही)। धुरकी थाना क्षेत्र अंतर्गत भंडार गांव निवासी शिवपुजन कोरवा के 38 वर्षीय पुत्र विरेंद्र कोरवा की मृत्यु पनघटवा डैम में डूबने से हो गयी। घटना मंगलवार की सुबह की है। परिजनों द्वारा प्राप्त जानकारी के वीरेंद्र कोरवा मंगलवार की सुबह डैम के पश्चिमी छोर में शौच करने गया था, जहां पैर फिसलने से डैम में गिर गया, जिससे उसकी मौत पानी में डूबने से हो गयी। घटनास्थल पर बरसात यादव, रामप्रवेश राम, सुचित कुमार, मनोज सिंह एवं काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## लापता वृद्ध व्यक्ति का शव बरामद, छानबीन में जुटी पुलिस

मेराल (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के कमरमा गांव के लापता राजेश्वर शर्मा 62 वर्ष का शव सोमवार को जीर्ण शीर्ण अवस्था में पाया गया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राजेश्वर शर्मा विगत कुछ दिनों से घर से गायब थे। घटना के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पायी है। गांव वालों के अनुसार कुछ लोग बिजली की करंट से राजेश्वर की मौत बात रहे हैं, तो कुछ लोग हत्या का संदेह व्यक्त कर रहे हैं। इस संबंध में थाना प्रभारी विष्णु कांत ने बताया कि राजेश्वर शर्मा के शव का पंचनामा के बाद अंत्य परीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया गया है। परिजनों तथा स्थानीय लोगों से मामले की जानकारी ली जा रही है, सभी बिंदुओं पर छानबीन की जायेगी।

## इस सप्ताह 'कॉफी विद एसडीएम' गुरुवार को

गढ़वा (आजाद सिपाही)। सदर अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय की ओर से नियमित आयोजित होने वाले साप्ताहिक संवाद कार्यक्रम कॉफी विद एसडीएम में इस बार क्षेत्र के गो-पालकों व गौशाला समितियों के सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। **यह कार्यक्रम सामान्यतः** प्रत्येक बुधवार को आयोजित होता है, किंतु अपरिहार्य कारणवश इस बार यह आयोजन आगामी 21 अगस्त, गुरुवार को किया जायेगा। उक्त संवाद कार्यक्रम में सहभागिता निभाना चाहते हों वे आगामी गुरुवार 21 अगस्त को पूर्वाह्न 11:00 बजे सदर अनुमंडल कार्यालय जरूर पधारें।

## गांजा तस्करी के आरोप में पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह के नेतृत्व में रंका थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह ने गांजा स्मगलिंग के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया है। इनमें अभियुक्त सुमित कुमार उम्र 19 वर्ष पिता स्व० कृष्णा राम एवं राहुल कुमार सिन्हा उम्र 25 वर्ष पिता ललन किशोर सिंह दोनों का पता ग्राम रंकाकला, थाना रंका, जिला गढ़वा का नाम शामिल है। रंका थाना कांड संख्या - 102/2025 दिनांक - 18/08/2025 धारा 21/22 एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत दोनों अभियुक्तों को 11 किलो गांजा स्मगलिंग करने का आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया और एक पल्सर मोटरसाइकिल ( बी.आर. 26 डी. 6351) को जब्त किया गया है।अग्रीम कार्रवाई की जा रही है तथा यह कांड अन्य विंदुओं पर अनुसंधान अंतर्गत है।



## मंझिआंव: आरके पब्लिक स्कूल में अंतर सदनीय सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मंझिआंव।** आरके पब्लिक स्कूल, उचरी, मझिआंव में मंगलवार को नर्सरी से दसवीं कक्षा तक के छात्रों के लिए अंतर-सदनीय सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सभी आयु वर्ग के छात्रों ने हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में सुलेख कौशल का प्रदर्शन करते हुए उत्साहपूर्वक भाग लिया।



प्रतियोगिता में आयु-उपयुक्त विषय रखे गये थे, जिनका उद्देश्य लेखन के मूलभूत कौशल को प्रोत्साहित करना था। नर्सरी से एल.के.जी तक के छात्रों ने अंग्रेजी और हिंदी वर्णमाला पर ध्यान केंद्रित किया, जबकि यू.के.जी के छात्रों ने दोनों भाषाओं में दस दो अक्षर वाले शब्द लिखकर अपनी क्षमताओं को निखारा। कक्षा 1 से 10 तक के बड़े छात्रों को अपनी स्कूल डायरी से स्कूल की प्रार्थना और शपथ की प्रतिलिपि बनाने का कार्य सौंपा गया था, जिसमें सटीकता और स्वच्छता पर जोर दिया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य, केआर झा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए अच्छी लिखावट के गहन महत्व पर जोर दिया। उन्होंने रेखांकित किया कि लिखावट व्यक्ति के व्यक्तित्व का प्रतिबिंब है और छात्रों को अपनी लिखावट में लगातार सुधार करने के लिए प्रोत्साहित किया।

प्रसिद्ध शिक्षाविद् और विद्यालय के निदेशक अलख नाथ पांडे ने प्रतियोगिता के आयोजन की पहल की सराहना की। उन्होंने इस प्रयास के लिए अपनी प्रशंसा व्यक्त की और ऐसे मूल्यवान आयोजनों की निरंतर सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।


**अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्**
(भारत सरकार का सांविधिक निकाय)
नेल्सन मंडेला मार्ग, वसंत कुंज, नई दिल्ली–110070
फोन नं0 011–26131577, 78, 80 एवं 011–29581000
ईमेल : pubgrv@aicte-india.org
वेबसाईट : www.aicte-india.org

AICTE
Government of India

**सार्वजनिक सूचना**

**अभातशिप अनुमोदित तकनीकी संस्थाओं में रैगिंग की रोकथाम**

अभातशिप अनुमोदित सभी संस्थाओं, विद्यार्थियों तथा अन्य विभिन्न पणधारियों को सूचित किया जाता है कि रैगिंग एक दण्डनीय अपराध है तथा अभातशिप द्वारा रैगिंग के निवारण, रोकथाम एवं इसे समाप्त करने के क्रम में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (तकनीकी शिक्षा प्रदान करने वाली तकनीकी संस्थाओं, मानित विश्वविद्यालयों सहित विश्वविद्यालयों में रैगिंग का निवारण तथा रोकथाम) विनियम, 2009, एफ० सं० 37-3 / विधिक / अभातशिप /2009, दिनांक 01 जुलाई, 2009 तथा इसके पश्चात् समय-समय पर संशोधनों को अधिसूचित किया गया है।

उपरोक्त विनियम अनिवार्य हैं तथा ये अभातशिप द्वारा अनुमोदित सभी संस्थाओं पर लागू होते हैं। अतएव, ये सभी संस्थाएं इनके समुचित अनुपालन हेतु निम्नलिखित आवश्यक कदम उठाएं

- रैगिंग-रोधी समिति तथा रैगिंग-रोधी दस्तों का गठन,
- संस्थान में प्रवेश के समय एवं छात्रावास आवंटित करते समय वचनबंध प्राप्त करना,
- वार्डनों का समर्पित कैडर, तथा छात्रावासों का नियमित दौरा,
- जागरूकता पैदा करने के लिए विद्यार्थियों के साथ नियमित बैठकें,
- नए प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए व्यावसायिक परामर्शकों की नियुक्ति,

रैगिंग के कृत्यों के विरूद्ध बनाए गए कानून के प्रावधानों, दण्ड इत्यादि को प्रदर्शित करने हेतु पोस्टर / बैनर लगाना।

उपरोक्त विनियमों का किसी भी प्रकार से उल्लंघन करने अथवा किसी भी संस्था द्वारा रैगिंग की रोकथाम हेतु उपयुक्त उपाय करने में असफल रहने अथवा इन विनियमों के अनुरूप कार्यवाही करने में असफल रहने अथवा दोषियों के उपयुक्त दण्ड देने में असफल रहने की घटनाएं पाई जाने पर संस्थाओं के विरूद्ध अनुमोदन प्रक्रिया पुस्तिका में दिए गए प्रावधानों के अनुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

विद्यार्थी, रैगिंग की घटनाओं के कारण हुई किसी भी प्रकार की परेशानी की सूचना टोल फ्री हेल्पलाईन नं 1800-180-5522 अथवा ई-मेल **helpline@antiragging.in, www.antiragging.in** पर दे सकते हैं अथव सदस्य-सचिव, अभातशिप, नेल्सन मंडेला मार्ग, वसंत कुंज, नई दिल्ली-110070 को लिख कर भेज सकते हैं।

**विज्ञापन क्रमांकः**
**पीजीआरसी/एआईसीटीई/08(01)/2025**

**सदस्य सचिव, अभातशिप**

cbc21300/12/0009/2526


## गढ़वा जिला अंतर स्कूल टेबल टेनिस प्रतियोगिता संपन्न

# गोविंद विद्यालय, बीएंटी संत मैरी और सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बालिका विद्यालय की टीम बनी चैंपियन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा जिला टेबल टेनिस चैंपियनशिप एवं अंतर स्कूल प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में गर्ल्स हाई स्कूल ने शांति निवास को हराकर चैंपियन बनी। वहीं जूनियर बालक वर्ग में बीएनटी संत मेरी ने शांति निवास को ही हराकर चैंपियन बना। सीनियर बालक वर्ग में गोविंद हाई स्कूल ने राम साहू को हराकर चैम्पियन बना। ओपन बालिका वर्ग में सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बालिका उच्च विद्यालय की अंजलि कुमारी ने सद्गुरु जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय की आयुषी पांडये को हराकर, ओपेन बालक वर्ग में के नीतीश कुमार मेहता ने आदित्य बिड़ला के कार्तिक मिश्रा को हराकर चैंपियन बना। व्यक्तिगत स्पर्धा के बालक वर्ग के अंडर 11 में एनटीसीए के अर्णव कुमार दुबे, केंद्रीय





विद्यालय के आनंद पासवान और आदित्य बिरला के ऋषु तिवारी सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमी फाइनल मैच में आदित्य बिड़ला स्कूल के रिशु तिवारी ने ज्ञान निकेतन स्कूल के कार्तिक कुमार को दूसरे सेमीफाइनल में केंद्रीय विद्यालय के आनंद पासवान ने एनटीसीए के अर्णव कुमार को हराकर फाईनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में आदित्य बिरला के रिशु तिवारी में केंद्रीय विद्यालय का आनंद पासवान को हराया चैंपियन बना। अंडर 13 बालक वर्ग के रोमांचक मुकाबले में बीएंटी संत मैरी के रोहन पाल ने सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस रामा साहू के कार्तिक पाल को 3-2 से हराकर चैंपियन बना। वहीं अंडर 13 बालिका वर्ग में सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बालिका उच्च विद्यालय के वर्षा रानी ने शांति निवास को 3-0 से हराकर चैंपियन बनी। सेमीफाइनल में सीएमएसओई के वर्षा रानी ने आदित्य बिरला के अनन्या चौधरी को (3-0) से हराकर, जबकि शांति निवास की पलक भारती ने आदित्य बिरला के ही आकृति मिश्रा को (3-0) से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। अंडर 15 बालिका वर्ग में एनटी सीए की आयुषी कुमारी ने बीपीडीएवी के रिद्धि सिंह को 3-1 से हराकर चैंपियन बनीं। अंडर 15 बालक वर्ग में गोविंद हाई स्कूल के सचिन कुमार ने हर्षित कुमार पांडे को हराकर चैंपियन बनें। गोविंद उच्च विद्यालय के हर्षित कुमार पांडेय, बीएनटी संत मैरी के विवेक पाल ज्ञान निकेतन के दिव्यांशु धर दुबे, आरके पब्लिक के हिमांशु पाल, साउथ पॉइंट के शिवम कुमार पटेल, राम साहू के मयंक राज, आदित्य बिरला के अंश कुमार कुशवाहा और गोविंद उच्च विद्यालय के सचिन कुमार अपने-अपने प्रतिद्वंदी को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किये। हर्षित कुमार पांडे ने आरके पब्लिक के विवेक पाल को, ज्ञान निकेतन के दिव्यांशु घर दुबे ने आरके पब्लिक स्कूल के हिमांशु पाल को रामा साहू के मयंक ने साउथ पॉइंट के शिवम पटेल को गोविंद के सचिन कुमार ने आदित्य बिड़ला के अंश कुमार कुशवाहा को हराकर सेमी फाल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में गोविंद स्कूल के हर्षित कुमार पांडे ने ज्ञान निकेतन स्कूल के दिव्यांशु धर दुबे को, वहीं दूसरे मैच में गोविंद हाई स्कूल के सचिन कुमार ने राम साहू स्कूल के मयंक राज को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह, नंद कुमार गुप्ता सिस्टर रोशना, सचिव आनंद सिन्हा, सह सचिव प्रिंस सोनी, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे, संजय कुमार, विश्व विजय सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता, चंद्रभूषण सिन्हा, आमोद पांडेय, अजय ठाकुर, मिथिलेश कुमार सिंह, प्रिंस दुबे, रोशन धर दुबे सहित कई लोग शामिल थे।


**जिला परिवहन पदाधिकारी का कार्यालय, चतरा**

**कर प्रमादी वाहनों के वाहन स्वामियों को अद्यतन कर भुगतान हेतु आवश्यक**
**प्रेस विज्ञप्ति**

जिला परिवहन कार्यालय, चतरा में निबंधित निम्न कर प्रमादी (Tax Defaulter)वाहनों का बकाया पथ कर एवं अतिरिक्त कर का भुगतान वाहन स्वामी द्वारा नहीं किया जा रहा है।

अतः इस समाचार पत्र के माध्यम से निम्न वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि वे अपने नाम के सामने अंकित बकाया पथकर, अतिरिक्त कर एवं दण्ड की राशि का भुगतान एक पक्ष के अंदर ई–पेमेंट के माध्यम से निश्चित रूप से जमा करना सुनिश्चित करें अन्यथा झारखण्ड मोटरवाहन करारोपन (संशोधित) अधिनियम 2011 की धारा–21(क), 22(3) के तहत जब्ती एवं कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

| S. No | Regn No | Owner Name | Father Name | Vehicle Class | Tax Arrear From | Tax Arrear UpTo | Total Tax Arrear Amount in (Rs) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JH13D1103 | MD IQBAL | S/O ABDUL ZABBAR | Bus | 05-Jun-2024 | 04-Sep-2025 | 42250 |
| 2 | JH13F4984 | MD IQBAL | ABDUL JABBAR | Bus | 13-Feb-2024 | 12-Aug-2025 | 58500 |
| 3 | JH13K1789 | MD.ABDAL MUNSHRI | ABDUL JABBAR MUNSHRI | Bus | 27-Mar-2025 | 26-Sep-2025 | 20910 |
| 4 | JH13K2942 | MD.ABDAL MUNSHRI | ABDUL JABBAR MUNSHRI | Bus | 27-Mar-2025 | 26-Sep-2025 | 20910 |
| 5 | BR13H9299 | MD.AZIMUDDIN | S/OMD.SULTAN AHMAD | Bus | 17-Oct-2009 | 23-Jul-2025 | |
| 6 | BR13P9299 | MD.AZIMUDDIN | S/O SULTAN AHMAD | Bus | 06-Nov-2014 | 12-Aug-2025 | |
| 7 | BR475621 | NEERAJ KUMAR SINHA | NA | Bus | 01-Jan-2007 | 24-Jul-2025 | |
| 8 | JH13J0751 | NEERAJ KUMAR SINHA | VIRENDRA PRASAD | Bus | 15-Apr-2024 | 14-Oct-2025 | 24750 |
| 9 | JH13F4267 | PRAWEEN KUMAR SATYARTHI | RAMJATAN THAKUR | Bus | 28-Feb-2021 | 27-Aug-2025 | 171126 |
| 10 | JH13F9028 | PRAWEEN KUMAR SATYARTHI | RAMJATAN THAKUR | Bus | 10-Jun-2022 | 09-Sep-2025 | 123591 |
| 11 | JH13F9343 | PRAWEEN KUMAR SATYARTHI | RAMJATAN THAKUR | Bus | 04-Jul-2025 | 03-Oct-2025 | 9507 |
| 12 | JH13B6189 | SANJAY KUMAR | S/O LATE MITHLESH YADAV | Bus | 14-Jul-2025 | 13-Oct-2025 | 8613 |
| 13 | JH13D1178 | SANJAY KUMAR | S/O RAM SWARUP RAM | Bus | 06-Jun-2018 | 05-Sep-2025 | 174735 |
| 14 | JH13A2252 | WELFARE DEPT. JH. GOVT. CHATRA | I/C RAM GULAB RAM AND OTHERS | Bus | 13-Jun-2019 | 12-Sep-2025 | 106575 |
| 15 | JH13A2253 | WELFARE DEPT. JH. GOVT. CHATRA | I/C RAJENDRA PASWAN AND OTHERS | Bus | 14-Mar-2013 | 13-Sep-2025 | 545108 |

PR 359824 Transport (25-26)_D

जिला परिवहन पदाधिकारी
चतरा

# उपायुक्त ने बैंकों से गांवों में हर माह वित्तीय साक्षरता शिविर लगाने को कहा

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैंकर्स समन्वय समिति की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में बैंकों द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रथम तिमाही में हासिल की गयी उपलब्धि व द्वितीय तिमाही में हुई प्रगति पर चर्चा की गयी और आवश्यक निर्देश बैंकों को दिये गये। इसमें कृषि, एमएसएमइ, कुल अग्रिम, प्राथमिक क्षेत्र में एसीपी उपलब्धि, कृषि में अग्रिम, शिक्षा ऋण, बचत और निकासी अनुपात, केसीसी ऋण, एसएचजी लिंकेज, मुद्रा ऋण, एनपीए व रिकवरी मामलों, आकांक्षी जिला अंतर्गत वित्तीय समावेषण की स्थिति, जनसुरक्षा अभियान अंतर्गत उपलब्धि और री-केवाइसी के विषय पर विस्तृत चर्चा की गयी और आवश्यक निर्देश दिये गये। सीडी अनुपात बढ़ाये जाने के लिए सभी बैंकों को गांवों में फाइनेंसियल लिटरेसी कैंप का आयोजन करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि यह अनुसूचित जनजातीय बहुल क्षेत्र है। आप सभी को गांवों में जाकर बैंकिंग सेवाओं का लाभ उन्हें दिये जाने की आवश्यकता है। लोगों के साथ संवेदनशील होकर कार्य करें। किसी भी प्रकार के ऋण के आवेदन लंबित नहीं रखें। केसीसी के ऋण में किसानों का क्रेडिट लिमिट बढ़ाने हेतु किसानों को दूसरे केसीसी ऋण भी लिये जाने के लिए प्रेरित करें और ऋण स्वीकृत करें। सौ फीसदी लोगों तक अपनी पहुंच बनायें। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से किसानों को जोड़ा जाये। बैठक में आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, रिजर्व बैंक के एजीएम अरविंद एक्का, उद्योग महाप्रबंधक रघुबर सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो, जिला परिवहन पदाधिकारी जया शंखी मुर्मू, जिला सहकारिता पदाधिकारी विजय तिर्की, एलडीएम नितिन किशोर, जेएसएलपीएस डीपीएम, बैंकों के महाप्रबंधक आदि उपस्थित थे।



**बैंक समन्वयकों को उपायुक्त ने दिये निर्देश**

उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में सभी संबंधित बैंकों के जिला समन्वयकों को प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) और पीएम विश्वकर्मा योजना अंतर्गत प्राप्त आवेदनों को निष्पदित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में बैंकवार आवेदनों की स्थिति की भी समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने कहा कि बैंक के गठन का उद्देश्य का पालन करें और लोगों के बीच जाएं। यह कृषि बहुल जिला है इसलिए किसानों को कृषि अवसंरचना कोष के जरिए प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने के लिए जानकारी देते हुए प्रेरित करें।

# विधायक की पहल पर देवी स्थान के पास लगा ट्रांसफार्मर

**बारियातू (आजाद सिपाही)।** क्षेत्रीय विधायक प्रकाश राम के पहल पर बस्ती स्थित देवी स्थान के समीप 200 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। नए ट्रांसफार्मर की स्थापना से ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गयी है। ग्रामीणों ने बताया कि पहले यहां 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा था, जिससे लगभग 90 घरों में रोशनी पहुंचती थी। लेकिन अधिक लोड होने के कारण वह बार-बार खराब हो जाता था। इस समस्या से परेशान ग्रामीणों ने विधायक प्रकाश राम से शिकायत की। विधायक ने तत्काल संज्ञान लेते हुए विद्युत विभाग के सहयोग से नया 200 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया।ग्रामीण बजरंग प्रसाद, सागर, राहुल, गोलू, गजेन्द्र पासवान, बिक्की प्रसाद, मुकेश प्रसाद, प्रदीप साव सहित कई लोगों ने विधायक का आभार जताते हुए कहा कि अब गांव में बिना रुकावट बिजली की आपूर्ति संभव हो सकेगी।

# जमीन संबंधी सर्वे में त्रुटि सुधार बेहद जरूरी : प्रतुल शाहदेव

**सर्वे में त्रुटि के कारण गहराता जा रहा है विवाद, अंचल और कोर्ट कचहरी का चक्कर काट रहे हैं लोग**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा लातेहार जिले में हुए जमीन संबंधी हाल में हुए सर्वे में व्यापक पैमाने पर त्रुटियों के कारण जिले वासियों को हो रही परेशानी पर भाजपा के प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने गहरी चिंता व्यक्त की है। साथ ही जिले के उपायुक्त से सर्वे में त्रुटि व विसंगतियों को दूर करने की दिशा में समुचित पहल करने की मांग भी की है। श्री शाहदेव कहा कि गत लंबे समय से चंदवा अंचल समेत संपूर्ण लातेहार जिले के रैयत व आम लोग हाल सर्वे में हुई त्रुटि के कारण परेशान हैं। पूर्वजों की खतियानी जमीन भी सर्वे में आनाबाद बिहार सरकार में चली गई है, लोगों के जमीन का रकबा में त्रुटि है। जिस कारण लोगो के बीच विवाद भी बढ़ता जा रहा है व जमीन संबंधी विसंगतियों को दूर करने को लेकर आमलोग अंचल व कोर्ट कहचरी का चक्कर काटते काटते थक रहे हैं। प्रतुल ने कहा कि जिनके पूर्वजों का नाम भी रजिस्टर टू में अंकित है उनके जमीन को भी सरकारी बता दिया जा रहा है।प्रतुल ने कहा कि सर्व में हुई त्रुटि का फायदा उठाकर भू माफिया जमीन की हेरा फेरी भी कर रहे हैं, जो गंभीर समस्या बनती जा रही है।प्रतुल शाहदेव ने आगे कहा कि लातेहार जिले में हिंडाल्को चकला कोल परियोजना, बनहरदी कोल परियोजना, रजवार कोल परियोजना, एनएच 39 फोरलेन सड़क चौड़ीकरण योजना से प्रभावित हो रहे रैयतों के माध्यम से भी त्रुटि से संबंधित मामले लगातार सामने आ रहे हैं। हाल सर्वे में त्रुटि के कारण रैयत जमीन के बदले मिलने वाले मुआवजे व हक से भी वंचित हो रहे है। लगातार विरोध के कारण कोल परियोजनाएं शुरू होने में भी देरी हो रही है व क्षेत्र का विकास भी प्रभावित हो रहा है। प्रतुल शाहदेव ने जिले के उपायुक्त से उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए जमीन संबंधित त्रुटि के मामलों के सुलभ निष्पादन में पहल की मांग की है।

# ट्रैफिक नियमों के अनुपालन से हादसों में होगी कमी : डीटीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से अनुपालन करने और सड़क हादसों में कमी लाने को लेकर परिवहन विभाग लगातार वाहन चेकिंग अभियान चला रहा है। इस क्रम में मंगलवार को शहरी क्षेत्र के कचहरी मोड़ चौराहा एवं समाहरणालय चौराहा में वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी जयाशंखी मुर्मू, एमवीआइ रोबिन सिंह एवं डीआरएसएम अमृतेश्वर गिरी ने जांच अभियान चलाकर ट्रिपल लोडिंग, बिना हेलमेट एवं ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले बाइक सवारों से लगभग 2 लाख फाइन राजस्व की वसूली किया। इस दौरान लगभग 79 बाइक की गहन जांच पड़ताल किया गया। इस संदर्भ में डीटीओ जया शंखी मुर्मू ने कहा कि, उपायुक्त डॉ कुमार ताराचंद के निर्देश पर परिवहन विभाग जिले के विभिन्न प्रखंडों और शहरी क्षेत्र में अभियान चला रहा ह कहा कि, इन दिनों ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने से सड़क हादसों में वृद्धि हो रही थी। परिवहन विभाग के अभियान के तहत बाइक चालकों को सुरक्षा के नियमों का अनुपालन करने का निर्देश दिया गया। वाहन संबंधी कागजातों को दुरुस्त करने के साथ शराब पीकर व बिना हेलमेट के बाइक नहीं चलाने की कड़ी चेतावनी दी गयी। एमवीआइ रोबिन सिंह ने कहा, जागरूकता से सड़क हादसों में कमी आयेगी। बाइकर्स के परिवार प्रतीक्षा करते रहते हैं।लापरवाही और जल्दबाजी में हादसा हो जाता है। इस पर नियंत्रण लगाने की नितांत आवश्यकता है। डीआरएसएम अमृतेश्वर गिरी ने इस दौरान कहा कि परिवहन विभाग ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से अनुपालन करने को लेकर प्रतिबद्ध है। इससे अप्रिय घटनाओं में कमी आयेगी। जागरूकता और सामूहिक प्रयास से सड़क हादसों में निश्चित कमी आयेगी।



# विद्यालय, पुलिया निर्माण और खाद आपूर्ति की समस्या को लेकर ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल डीसी से मिला

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** पेशरार प्रखंड की कई गंभीर समस्याओं को लेकर ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में बुधवार को जिला उपायुक्त डॉ ताराचंद से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने विद्यालय, पुलिया निर्माण और खाद आपूर्ति संबंधी मुद्दों पर डीसी को अवगत कराते हुए आवश्यक कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि राजकीयकृत उन्नकर्मित मध्य विद्यालय हेन्हें में मात्र एक शिक्षक होने के कारण पठन-पाठन कार्य महीनों से प्रभावित है। सहायक शिक्षक के प्रतिनियोजन और कार्यरत शिक्षक दशरथ असुर के सड़क दुर्घटना में घायल हो जाने से विद्यालय संचालन मुश्किल हो गया है। इस संदर्भ में 14 अगस्त को विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं के अभिभावक, जनप्रतिनिधि, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य और विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों की बैठक भी की गयी थी, जिसमें व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। ग्रामीणों ने पुलिया निर्माण का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने बताया कि ग्राम हेन्हें स्कूल के पास चार वर्ष पूर्व ठेकेदार द्वारा मापी और ले-आउट के बाद विधिवत पूजा कर कार्य शुरू कराया गया था, लेकिन कार्य अधूरा छोड़ दिया गया। परिणामस्वरूप 8 से 10 गांवों के लोग बरसात के मौसम में आवागमन के दौरान भारी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। ग्रामीणों ने पुलिया निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराने की मांग की। साथ ही किसानों ने कहा कि यूरिया खाद की आपूर्ति समय पर और उचित मूल्य पर उपलब्ध नहीं हो रही है, जिससे खेती-किसानी प्रभावित हो रही है। प्रतिनिधिमंडल ने इन सभी समस्याओं पर जिला शिक्षा विभाग और उपायुक्त को आवेदन सौंपा। मौके पर भाजपा जिला महामंत्री पशुपति नाथ पारस, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष रामकुमार खेरवार, इसरार, लालू सिंह, विनोद खेरवार, सहिन्दर खेरवार, देवमोहन खेसार, सीताराम खेरवार, लालजीत उरांव सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।



# डीसी ने शिकायतों के समाधान का दिया भरोसा

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जांच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जायेगा। जन शिकायत निवारण में मुख्य रूप से भूमि विवाद, जमीन अधिग्रहण, पेंशन संबंधित कार्य पूर्ण न होने के संबंध में, काम करवाकर पैसा नहीं देने के संबंध में, नव निर्मित पीसीसी सड़क पर घर का गंदा पानी के बहाव पर रोक लगाने संबंधित, सहायता राशि प्रदान करने से संबधित जुड़े आवेदन आये। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए, समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करें। उपायुक्त के निर्देशानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को जन शिकायत निवारण का आयोजन किया जाता है।




## सीओ से मिला बारह पड़हा समाज



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** अंचल क्षेत्र के बारह पड़हा सेन्हा राजा बेल शिवचरण पाहन और भीखराम उरांव के नेतृत्व में बारह पड़हा समाज के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने नवनियुक्त अंचलाधिकारी पंकज कुमार भगत से औपचारिक मुलाकात कर पड़हा व्यवस्था के बारे में चर्चा किया और अंचल क्षेत्र में पड़हा व्यवस्था के बारे में जानकारी दिया गया। साथ ही आदिवासी समुदाय का विभिन्न समस्याओं से अंचलाधिकारी को अवगत कराते हुए पारम्परिक स्वशासन पड़हा व्यवस्था के तहत बेटी माटी बचने के बारे में भी अंचलाधिकारी से सहयोग करने के लिये अपील किया गया तथा अंचल क्षेत्र में आदिवासी समुदाय के लिये बारह पड़हा भवन निर्माण का मांग किया गया। वही मुर्की तोड़ार पंचायत के पूर्व मुखिया रंथु उरांव द्वारा मुर्की ग्राम स्थित चौक में सड़क अतिक्रमण के बारे में जानकारी देते हुए अविलंब अतिक्रमण मुक्त कराने के लिये अनुरोध किया गया। साथ ही लोगों ने छात्र छात्रओं का जाति, आय और आवासीय प्रमाण पत्र ससमय निर्गत करने के लिये अनुरोध किया गया। वही आदिवासियों का जमीन को दखिलखरीज करने से पूर्व राजसी कर्मचारी से जांच करा कर सत्यता का पूर्ण जांच कराने के लिये अपील किया गया। अंचलाधिकारी से मिलने वालों में करमचंद उरांव, राजेन्द्र उरांव, चैतू मुंडा, दुखिया उरांव, गंगा उरांव, मनीराम उरांव, रीना, उरांव, शिला उरांव समेत आदिवासी समुदाय और पड़हा समाज के अन्य लोग शामिल थे।

## श्रम विभाग ने कार्यशाला का किया आयोजन



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में मंगलवार को श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को लेकर बीडीओ प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रवासी मजदूर, दूसरे राज्य में काम करने जाने वाले मजदूरों को झारखंड सरकार द्वारा प्रदत योजनाओं की विस्तृत जानकारी देने को लेकर जन प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर जिला श्रम अधीक्षक अंद्रेश कुल्लू ने कहा कि राज्य सरकार श्रमिकों को निबंधन कराने पर जोर दे रही है, ताकि प्रवासी मजदूरों को कार्य के दौरान किसी भी तरह की कोई घटना या मजदूर की मौत हो जाती है, तो श्रम विभाग उसके परिवार को मदद कर सकें। उन्होंने कहा कि कोई मजदूर ठेकेदार या एजेंट के माध्यम से दूसरे प्रदेश काम करने जाते है, तो मजदूर संबंधित पंचायत के पंचायत सचिव के पास जाकर निबंधन करा लें। निबंधन कराने के बाद नि:शुल्क हरा रंग का परिचय पत्र प्राप्त करें। इसी तरह कोई मजदूर स्वयं अपने इच्छा से बगैर कोई एजेंट के दूसरे प्रदेश काम करने जा रहा है, तो वैसे मजदूर भी पंचायत सचिव से मिलकर अपना निबंधन कराना सुनिश्चित करे। जिसे नि:शुल्क लाल रंग का परिचय कार्ड मिलेगा। इससे जिले में बाहर जाने वाले मजदूरों की आंकड़ा जिला में रहेगी। मौके पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी, दयानंद यादव, रूपेश सिंह, नागेंद्र गोप, ममता कुमारी, इंद्रदेव उरांव, सुमंति तिग्गा सहित जन प्रतिनिधि मौजूद थे।

# बेतला में डेढ़ करोड़ की लागत से डाक बंगला का होगा निर्माण

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** जिला परिषद की बैठक में बरवाडीह प्रखंड में डाक बंगला निर्माण को विभाग के द्वारा मंजूरी मिलने के बाद प्रस्ताव विभाग को भेज दिया गया जहां बरवाडीह के बेतला में लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से डाक बंगला निर्माण कराया जायेगा। जिला परिषद की बैठक के दौरान जिला परिषद संतोषी शेखर के द्वारा प्रखंड के प्रभारी आपूर्ति अधिकारी रामनाथ यादव की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करते हुए लगातार विवादो में रहने का मामला उठाते हुए उन्हें प्रभार मुक्त कर दूसरे अधिकारी को प्रभार देने की मांग की गयी जिसके बाद जिला परिषद के सचिव सह उप विकास आयुक्त के द्वारा मामले की जांच के आदेश दिये गये। वही इसके अलावे संतोषी शेखर ने मोरवाई के मंडल में हाइ स्कूल बनाने, पुराने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में उप स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण करने, प्रखंड मुख्यालय के प्लस टू विद्यालय के जर्जर भवन के जीर्णोद्धार करने, प्लस टू स्कूल की भूमि का सीमांकन करवा कर चारदीवारी निर्माण करने, मंगरा के डोरामी में अधूरे मॉडल स्कूल के भवन का निर्माण कार्य पूरा करने, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अतिरिक्त चालक की बहाली करने, प्रखंड मुख्यालय के बाजार में बाजार समिति के माध्यम से संचालित दुकान के दिवंगत दुकानदारों के आश्रितो को कैंप लगाकर हस्तांतरित करने के साथ स्वर्जित आय से बाजार क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट लगाने, के साथ साथ राजस्व कर्मी और जन सेवकों की कमी को दूर करने का मामला उठाया।

# रोहित उरांव ने चेहल्लुम मेले का किया उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**कुड़ु/ लोहरदगा।** कुड़ु प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चीरी आजाद बस्ती चेहल्लुम खेल नुमाइश सह मेला प्रोग्राम का उद्घाटन समाजसेवी सह कांग्रेसी नेता रोहित उरांव द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि चेहल्लुम बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। उन्होंने मुस्लिम जवानों को इमाम हसन और इमाम हुसैन के बताए रास्ते पर चलने की अपील की और कहा कि मेले के आयोजन से मनोरंजन के साथ साथ सामाजिक सौहार्द बना रहता है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मौके पर विधायक प्रतिनिधि सह चहल्लुम कमिटी चीरी के संयोजक निशिथ जायसवाल, युवा जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग ,रेहान अख्तर, मुख्य संरक्षक ऐनुल अंसारी, कमरूल इस्लाम, हलीम, अंसारी,परवेज आलम, रेहान अंसारी, संकर उरांव,,खुर्शीद खान, अफरोज आलम, दिलदार अंसारी, महमूद अंसारी, शहजाद अंसारी, संजू तुरी नजीबुल अंसारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## शिविर में 57 यूनिट रक्त का संग्रह



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन (दावत-ए-इस्लामी इंडिया) के सौजन्य से अंजुमन इस्लामिया अस्पताल, इदगाह रोड, लोहरदगा में रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में कुल 57 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।जिसे बाद में सदर हॉस्पिटल के ब्लड बैंक को सुपुर्द किया गया। सदर हॉस्पिटल ब्लड बैंक की टीम ने अंजुमन हॉस्पिटल के डॉक्टरों और दावत–ए–इस्लामी के सदस्यों के साथ मिलकर शिविर को सफल बनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सिविल सर्जन, सदर अस्पताल डॉ राजू कच्छप एवं थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर उपस्थित रहे। मौके पर सिविल सर्जन डॉ. राजू कच्छप ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान करने से न केवल जरूरतमंद मरीजों की जान बचायी जा सकती है, बल्कि यह दान करने वाले के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है। नियमित रक्तदान से शरीर में नई रक्त कोशिकाओं का निर्माण होता है और व्यक्ति स्वस्थ बना रहता है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से स्वेच्छा से रक्तदान करने की अपील की। शिविर को सफल बनाने में अंजुमन इस्लामिया के सदर अब्दुल रऊफ अंसारी, सचिव शाहिद अहमद बेलू,नाइब सदर आरिफ हुसैन बब्लू, सहसचिव अनवर अंसारी, अल्ताफ कुरैशी, इरशाद आलम, फारूक कुरैशी, सलीम पाले, जीएनआरएफ टीम लोहरदगा के मोहम्मद मुन्सफ कुरैशी, हाजी शमशेर कुरैशी, सलमान अंसारी, इरफान अत्तारी, शादाब खान, मोहम्मद एहसान खान, मोहम्मद कैस अत्तारी, साजिद अत्तारी, असद रेहान फारूक अत्तारी और शहनवाज अत्तारी का विशेष योगदान रहा।

# लोकतंत्र में मतदाताओं के अधिकारों का हनन बर्दाश्त नहीं : धीरज प्रसाद साहू

**मतदाता अधिकार रैली में शामिल होने बिहार पहुंचे पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के द्वारा आयोजित मतदाता अधिकार रैली में शामिल होने एवं राहुल गांधी के संकल्प को मजबूती प्रदान करने के लिए झारखंड कांग्रेस के दिग्गज नेता पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू मंगलवार की सुबह बिहार राज्य के नवादा जिला पहुंचे। जहां महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा, बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम एवं युवा नेता कन्हैया कुमार से मुलाकात कर मतदाता अधिकार रैली की समस्त जानकारी से अवगत होते हुए संगठनात्मक मुद्दों पर विचार विमर्श किया। इस निमित महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा से झारखंड में संगठन की मजबूती और महिला कांग्रेस की सशक्त भागीदारी पर गहन चर्चा हुई। इन नेताओं के बीच लगभग एक घंटे तक अहम राजनीतिक चर्चा हुई। मौके पर धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के इस मतदाता अधिकार रैली को पूरे देश में सफल बनाना एवं मतदाताओं के अधिकार के लिए केंद्र की मोदी सरकार के इशारों पर चलने वाली निर्वाचन आयोग से लड़ाई लड़कर उनका हक दिलाना कांग्रेस पार्टी की प्रथमिक जिम्मेदारी है। जिस प्रकार देश की भोली-भाली जनता को गुमराह करने का कार्य केंद्र सरकार ने निर्वाचन आयोग के साथ मिलकर किया है। इसका जवाब उन्हें देश की जनता को देना पड़ेगा। हमारे नेता राहुल गांधी के द्वारा इस भ्रष्टाचार के खिलाफ जो कदम बढ़ाया गया है। उसमें हम सभी साथी राहुल गांधी के नेतृत्व में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ खड़े हैं। जब तक हमारे देश के मतदाताओं के अधिकार से खेलना निर्वाचन आयोग बंद नहीं करती है, तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। यह यात्रा केवल राजनीतिक कार्यक्रम नहीं बल्कि लोकतंत्र को मजबूत करने जनता की आवाज बुलंद करने और हर नागरिक के अधिकार की रक्षा करने का संकल्प है। इस मौके पर झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के साथ पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार बालमुचू, मंत्री दीपिका पांडे सिंह, उप नेता राजेश कच्छप, विधायक रामचंद्र सिंह, भूषण बाडा, नमन विकसल, सोनाराम सिंकू, रविंद्र सिंह, सतीश पॉल मुजनी, केदार पासवान, जयशंकर पाठक, ज्योति सिंह माथारू, किशोर सहदेव, आलोक दुबे, शांतनु मिश्रा, एम तौसीफ, अभिलाष साहू सहित सैकड़ों नेतागण उपस्थित रहे।



## मेगा ब्लड डोनेशन कैंप में 102 लोगों ने किया रक्तदान



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** शहर में रक्त की बढ़ती जरूरत को पूरा करने के उद्देश्य से इमर्जेंसी केयर और सेफ शॉप के संयुक्त तत्वावधान में होटल अमृत पैलेस, पावरगंज में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 102 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ। यह दूसरी बार है जब संस्था द्वारा आयोजित शिविर में 100 से अधिक लोगों ने एक ही दिन रक्तदान किया। इससे पूर्व 125 यूनिट रक्तदान का रिकॉर्ड भी बनाया जा चुका है।निमन मिंज और ओम प्रकाश साहू ने कार्यक्रम संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। एचआर हेड सजल कुमार ने बताया कि जल्द ही लोहरदगा में राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन होगा, जिसमें रक्तदान क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं और प्रतिनिधियों को सम्मानित किया जायेगा। मौके पर मुकेश जायसवाल, इमर्जेंसी केयर अध्यक्ष विक्रम चौहान, सचिव देशराज गोयल, उपाध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा, एचआर हेड सजल कुमार, निखिल बर्मन मौजूद, डॉ बारला, शिवांगी मिश्रा, ब्लड बैंक संचालक उमेश कुमार, उमेश उरांव, राजेश उरांव, राजेश्वर चिक बड़ाइक सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित



देवघर (आजाद सिपाही)। देवघर में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा ने सभी संबंधित पदाधिकारियों की कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा की और प्रदर्शन में सुधार के निर्देश दिए। बैठक में दिए गए निर्देश सभी संबंधित पदाधिकारियों को आजीविका संवर्द्धन हेतु अभिनव प्रयासों को अपनाने और उनके विपणन (मार्केटिंग) को मजबूत करने का निर्देश दिया गया। जेंडर रिसोर्स सेंटर 'गरिमा' को लैंगिक संवेदनशीलता बढ़ाने के लिए और अधिक सशक्त बनाने का निर्देश दिया गया। आगामी समीक्षा बैठक 28 अगस्त 2025 को आयोजित की जायेगी, जिसको लेकर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया गया है कि वे आगामी बैठक से पूर्व सभी लो-इंडिकेटर वाले क्षेत्रों में आवश्यक सुधार सुनिश्चित करें।

## एसबीएस कॉलेज में 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य कम पर परीक्षा फार्म नहीं भर सकेंगे छात्र : प्राचार्य



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। स्थानीय शहीद भगत सिंह महाविद्यालय जपला प्रशासन ने छात्र-छात्राओं के लिए 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य कर दी है। इस संबंध में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रेमनाथ ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर स्पष्ट किया कि निर्धारित उपस्थिति पूरी नही करने वाले छात्र-छात्राओं को पंजीयन तथा परीक्षा फार्म भरने से वंचित कर दिया जाएगा।उन्होंने बताया कि फार्म भरने के लिए छात्रों को वर्ग कक्ष में 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य कर दी गयी है। उन्होंने छात्रों से अपील करते हुए कहा कि अभी भी छात्रों के पास पर्याप्त समय है।इसलिए महाविद्यालय में पढ़ने वाले 11वीं तथा 12वीं के तीनों संकाय के छात्र-छात्राएं वर्ग कक्ष में पहुंचकर पढ़ाई करें। अन्यथा परीक्षा से वंचित होने पर सारी जवाब देही छात्रों व अभिभावकों की होगी। मालूम हो कि छात्रों की उपस्थिति को लेकर कॉलेज प्रशासन द्वारा नोटिस भी चिपकाया गया है।

## पीडीएस दुकानदारों को स्मार्ट वितरण प्रणाली का दिया गया प्रशिक्षण



पीडीएस डीलर को प्रशिक्षण देते एमओ और तकनीकी विशेषज्ञ।

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद प्रखंड के सभी सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानदारों को स्मार्ट पीडीएस वितरण प्रणाली के तहत राशन वितरण की प्रक्रिया समझाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। मंगलवार यह प्रशिक्षण हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले से आए तकनीकी विशेषज्ञ जीतू गुप्ता ने दुकानदारों को नए सॉफ्टवेयर के इस्तेमाल की विस्तृत जानकारी दी। एमओ ने बताया कि अभी लाभुकों के बीच धोती, साड़ी, लुंगी का वितरण किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार की ओर से चावल, गेहूं दिया जायेगा। जबकि राज्य सरकार द्वारा दाल, नमक, चावल तथा धोती-साड़ी का वितरण लाभुकों को किया जाता है। स्मार्ट पीडीएस के तहत अब यह वितरण डिजिटल तरीके से सुनिश्चित किया जायेगा। इस मौके पर नवनिर्वाचित पीडीएस संघ के अध्यक्ष मिथिलेश राम, जमील अहमद, अरबिंद सिंह, प्रवीण चौधरी, अजीत चौधरी, पिंटू कुमार, बिजेंद्र सिंह, प्रमोद सिंह, सूरज पासवान, सूर्य नारायण राम सहित कई पीडीएस दुकानदार उपस्थित थे।

## स्वच्छता मिशन को लेकर बीडीओ ने की जल सहिया के साथ बैठक, दिये कई निर्देश



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को पेयजल स्वच्छता विभाग द्वारा संचालित योजना जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन को लेकर बीडीओ ने जल सहिया के साथ बैठक की।इस दौरान बीडीओ ने जल संयोजन एवं जलकर, स्कीम संचालन एवं रख-रखाव, हर घर जल प्रमाणीकरण, एफटीके के माध्यम से नियमित जल जॉच एवं एमआईएस पोर्टल पर डाटा अपलोड करने का निर्देश दिया। स्वच्छता कॉर्डिनेटर जयप्रकाश सिंह ने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत लक्ष्य के अनुसार व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, शौचालय प्रयोग करने हेतु जागरूकता फैलाने, ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन की संरचनाओं के निर्माण, उपयोग एवं रख-रखाव, 15 वें वित्त से निर्मित संरचनाओं एवं भस्मक के उपयोग एवं रख-रखाव के लिए निर्देशित किया।साथ ही उन्होंने स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए सभी को मिलकर काम करने पर बल दिया। मौके पर मुखिया श्रवण राम समेत दर्जनों की संख्या में जल सहिया मौजूद थे।

### अतिवृष्टि से हुई क्षति से संबंधित मामले को सांसद ने लोकसभा में उठाया

# आपदा से निपटने के लिए सहायता राशि का प्रावधान हो: वीडी राम

आजाद सिपाही संवाददाता





मेदिनीनगर। लोकसभा में नियम 377 के तहत पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने विगत दिनों झारखंड राज्य सहित विशेषकर पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत दोनों जिलें क्रमशः पलामू एवं गढ़वा में अत्यधिक वर्षा होने के कारण अतिवृष्टी से हुयी क्षति से संबंधित अति महत्वपूर्ण मामले को उठाया। श्री राम ने कहा कि विगत दिनों झारखंड राज्य में अत्यधिक वर्षा के चलते पूरा जन-जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। लोगों के घरों में वर्षा का पानी घुस गया है। मकान क्षतिग्रस्त हो गये हैं लोग बेघर हो गये हैं। सड़कों पर टेंट लगाकर रहने के लिए मजबूर हो गये हैं। साल भर में होने वाली वर्षा दो महीनों में हो गयी है। पलामू एवं गढ़वा जैसे जिले जहां अक्सर यहां सुखाड़ जैसी स्थिति स्थिति बनी रहती है, इन जिलों में अत्यधिक वर्षा होने के चलते लोगों के घरों में पानी घुस गया है, गंदी नालियों का पानी भी उनके घरों में घुस गया है, पानी में सांप तैरते नजर आ रहे हैं, अस्पतालों में, स्कूल बंद कर दिये गये हैं। झारखंड राज्य को अपूरणीय क्षति पहुंची है।

सांसद ने कहा कि सदन के माध्यम से मेरा केंद्र सरकार गृह मंत्रालय से अनुरोध है कि झारखंड राज्य को इस आपदा से निबटने के लिए विशेष सहायता राशि देने का प्रावधान किया जाय, ताकि अतिवृष्टि से हुयी क्षति की भरपायी की जा सके, ध्वस्त मकान के जगह पर प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अतिरिक्त मकान बनाने का प्रबंध किया जाय, सड़कों के निर्माण के लिए अलग से राशि आवंटित की जाये, ताकि लोगों का जीवन पटरी पर आ सके।

## पीपीए के फोटोग्राफी प्रतियोगिता में 56 फोटोग्राफरों ने भाग लिया, सुभाष कुमार को मिला प्रथम पुरस्कार

आजाद सिपाही संवाददाता



मेदिनीनगर। पलामू फोटो एसोसियेशन द्वारा चियांकी संगम तट पर विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर मंगलवार को स्पॉट फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 56 फोटोग्राफरों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि व निर्णायक के रूप में मौजूद जेपीए के पूर्व सचिव सुशांत प्रसाद बंटी ने कहा कि पलामू में फोटोग्राफी के क्षेत्र में युवाओं के रुझान अच्छे संकेत है। इससे पता चलता है की युवाओं में फोटोग्राफी लेकर सकारात्मक सोच सामने आ रही है। कार्यक्रम में मौजूद पलामू के वरीय छायाकार सह निर्णायक सैकत चटर्जी ने कहा की पलामू में फोटोग्राफी के लिए काफी संभावनाएं है। युवाओं को इस क्षेत्र में पहल करना चाहिए। एसोसियेशन के अध्यक्ष विनय सिन्हा ने कहा की फोटोग्राफी में रुचि जगना एक अच्छी बात है, साथ ही छायाकारों को इस क्षेत्र में प्रोफेशनल अप्रोच रखने की जरूरत है। पीपीए के संरक्षक विजय कुमार कश्यप ने कहा कि पलामू में अब वेडिंग फोटोग्राफी से काफी युवा जुड़ रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में उपाध्यक्ष अनुज कुमार, कोषाध्यक्ष प्रेम प्रकाश, सुमित कुमार, उमेश कुमार, प्रेम कुमार गुप्ता आदि का सराहनीय योगदान रहा।

**विजयी फोटोग्राफर को मिला पुरस्कार :** पीपीए द्वारा आयोजित फोटोग्राफी प्रतियोगिता में सुभाष कुमार को प्रथम, विवेक कुमार को द्वितीय और प्रेम चंद्रा को तृतीय पुरस्कार मिला। अमित शर्मा एवं रमेश कुमार को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। मासूम आर्ट ग्रुप के द्वारा पुरस्कार प्रायोजित किया गया।

## भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह के पिता पंचतत्व में विलीन

आजाद सिपाही संवाददाता



मेदिनीनगर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व पलामू विभाग संघचालक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह के पिता ध्रुव नारायण सिंह का पार्थिव शरीर राजा हरिश्चंद्र घाट पर आज पंचतत्व में विलीन हो गये। उनके बड़े पुत्र प्रताप सिंह ने मुखाग्नि दी। उनके शव यात्रा में सामाजिक राजनीतिक संगठनों के साथ-साथ संघ परिवार एवं मोहल्लावासी काफी संख्या में शामिल हुए जिनमे झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा बीजेपी झारखंड संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह पलामू प्रमंडल के प्रभारी विकास प्रीतम, डाल्टनगंज विधानसभा विधायक आलोक चौरसिया, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, बीजेपी झारखंड के वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह, पलामू भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी एवं गढ़वा जिलाध्यक्ष ठाकुर महतो प्रेम सिंह, अलख पांडे, मुकेश निरंजन सिंहा, विभाकर नारायण पांडे, परशुराम ओझा, नरेंद्र पांडे, विजय आनंद पाठक मंगल सिंह ईश्वर सागर चंद्रवंशी कृष्णकांत मिश्रा उर्फ कामेश्वर कुशवाहा रामप्रवेश सिंह सुरेंद्र प्रसाद सिंह मनोज सिंह विनोद सिंह कर्नल संजय सिंह अविनाश देव जुगल किशोर भोला सिंह शिवकुमार मिश्र विजय ओझा प्रदीप सिंहा दुर्गा जौहरी उदय शुक्ला दिलीप तिवारी मनोज दुबे सोमेश सिंह शिवदीप सिंह जितेंद्र सिंह बिट्टू सिंह धनंजय सिंह विजय ठाकुर सहित भाजपा एवं विभिन्न संगठनों सैकड़ो नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने ऑन द स्पॉट कई समस्याओं का किया समाधान

आजाद सिपाही संवाददाता



देवघर। जिलावासियों के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार के दौरान झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, बिजली माफी एवं राजस्व से संबंधित मामलों को ऑन स्पॉट निराकरण संबंधित विभाग द्वारा किया गया। आगे सेविका चयन में अनियमितता और पोखरा के प्राकृतिक नेचर बदलने से जुड़े मामलों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारियों को जांच कर प्रगति प्रतिवेदन उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करने का निर्देश दिया। इसके अलावे जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें। ज्ञात हो कि आम जनता की समस्याओं के त्वरित निष्पादन हेतु प्रति सप्ताह मंगलवार, गुरूवार एवं शनिवार को समाहरणालय में पूर्वाह्न 10:30 से 11:30 बजे जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान उपरोक्त के अलावे उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा, नगर आयुक्त रोहित सिन्हा, अपर समाहर्ता हीरा कुमार, जिला नजारत उपसमाहर्ता शैलेष कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश प्रियदर्शी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, डीएमएफटी की टीम एवं संबंधित विभाग के अधिकारी, कर्मी आदि उपस्थित थे।

## बालिका शिक्षा और बाल विवाह रोकथाम पर संगोष्ठी

आजाद सिपाही संवाददाता



मधुपुर। किशोरी बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने और बाल विवाह की रोकथाम के उद्देश्य से स्वयंसेवी संस्था सुकन्या लक्ष्मी जन सहयोग फाउंडेशन लगातार गांव-गांव में जनजागरूकता अभियान चला रही है। इसी क्रम में संस्था की सचिव शिल्पा कुमारी बर्मन ने अपना जन्मदिन फाउंडेशन कार्यालय, मधुपुर में बच्चियों और उनकी माताओं के बीच मनाया।

श्रीमती बर्मन ने बालिकाओं को शिक्षा के महत्व, जीवन मूल्यों तथा आत्मनिर्भरता के रास्तों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, राजनीति, प्रशासन, खेलकूद और उद्योग-धंधों में पुरुषों के साथ बराबरी से कदमताल कर रही हैं, लेकिन ग्रामीण इलाकों में अब भी जागरूकता की कमी के कारण बच्चियों की पढ़ाई आठवीं-नौवीं कक्षा के बाद रोक दी जाती है और कम उम्र में उनका विवाह कर दिया जाता है। यह न केवल कानूनी अपराध है बल्कि समाज के विकास में भी एक बड़ी रुकावट है। फाउंडेशन की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए सचिव ने बताया कि संस्था पिछले तीन वर्षों से देवघर जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में शिक्षा, बाल विवाह रोकथाम, खेलकूद और स्वरोजगार से जुड़ी योजनाओं पर लगातार काम कर रही है। अब तक संस्था ने– लगभग 3000 गरीब परिवारों की बच्चियों की शादी में सहयोग, 3000 बालिकाओं की पढ़ाई में मदद, 107 स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर दवा व जांच की सुविधा, तथा 1200 महिलाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार से जोड़ने का कार्य किया है। संगोष्ठी का समापन सामूहिक केक काटने और बच्चियों को शैक्षिक सामग्री वितरण के साथ हुआ।

## चार पूजा स्पेशल ट्रेनें चलायी जायेंगी

मधुपुर/आसनसोल। त्योहारों को लेकर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने हावड़ा और रक्सौल, सियालदह और गोरखपुर, आसनसोल और पटना तथा आसनसोल और गोरखपुर के बीच चार स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। 03043 हावड़ा-रक्सौल पूजा स्पेशल ट्रेन दिनांक 27.09.2025 और 15.11.2025 (08 ट्रिप) के बीच प्रत्येक शनिवार को रात 11:00 बजे हावड़ा से रवाना होगी और अगले दिन शाम 4:15 बजे रक्सौल पहुँचेगी तथा 03044 रक्सौल-हावड़ा पूजा स्पेशल दिनांक 28.09.2025 और 16.11.2025 (08 ट्रिप) के बीच प्रत्येक रविवार को शाम 5:45 बजे रक्सौल से रवाना होगी और अगले दिन रात 10:50 बजे हावड़ा पहुंचेगी। यह स्पेशल ट्रेन अपने मार्ग में दोनों दिशाओं में पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल के दुगार्पुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर और जसीडीह स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में सामान्य द्वितीय श्रेणी, शयनयान श्रेणी और वातानुकूलित श्रेणी के कोच उपलब्ध होंगे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में राजस्व से संबंधित बैठक का किया गया आयोजन



देवघर (आजाद सिपाही)। उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार, भू-हस्तांतरण, भू-अर्जन से जुड़ी विभिन्न विषयों के साथ राजस्व संग्रहण की समीक्षा बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि राजस्व से जुड़े विवादों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाये, ताकि प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे। इसके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त ने देवघर बासुकीनाथ फोर लेन कार्य में हो रही देरी को लेकर संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द शेष बचे कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में उपरोक्त के अलावे डीएफओ अभिषेक भूषण, अपर समाहर्ता हीरा कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, देवघर रवि कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, मधुपर राजीव कुमार, जिला भूमि सुधार उपसमाहर्ता अमर प्रसाद, रेलवे के डिप्टी चीफ इंजीनियर, आरसीडी, नेशनल हाइवे, एनएचआई के कार्यपालक अभियंता, सभी अंचलों के अंचल अधिकारी, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, एवं संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय मध्य देशीय वैश्य सभा की बैठक



देवघर (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय मध्य देशीय वैश्य सभा, देवघर जिला कमेटी की एक बैठक प्रदेश अध्यक्ष कुंदन कुमार गुप्ता के कास्टर टाऊन स्थित निजी आवास परिसर में संपन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश संरक्षक शंकर साह एवं जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि के तौर पर अखिल भारतीय मध्य देसीय वैश्य सभा के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद साह मुख्य रूप से मौजूद थे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि देवघर शाखा द्वारा आयोजित बाबा गणिनाथ गोबिंद का वार्षिक पुजन जयंती समारोह का 45 वां वार्षिक जयंती समारोह 6 सितंबर, 2025 को देवघर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 28 स्थित भगवान पैलेस शहिद आश्रम रोड देवघर (झारखंड) में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य बिंदु: 1. तिथि और स्थान: 6 सितंबर, 2025, भगवान पेलेस शाहिद आश्रम रोड देवघर (झारखंड)। 2. आयोजन: बाबा गणिनाथ गोविंद जी की 45 वां वार्षिक जयंती समारोह। 3. आयोजक: अखिल भारतीय मध्य देसीय वैश्य गणिनाथ सेवा ट्रस्ट (कर्ण कोल) एवं अखिल भारतीय मध्य देशीय वैश्य सभा, देवघर शाखा युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद साह ने कहा कि यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह स्थानीय संस्कृति और समुदाय के लिए भी एक महत्वपूर्ण अवसर है। इस समारोह में स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं की भागीदारी एवं झारखंड राज्य के साथ-साथ अन्य प्रदेश एवं देवघर जिला के तमाम हलवाई समाज का महाजुटान होता आया है इस बार आयोजन को और भी विशेष बनाया जायेगा। प्रदेश अध्यक्ष कुंदन कुमार गुप्ता ने कहा कि जयंती समारोह की सफलता को लेकर विभिन्न पूजा समितियां द्वारा तैयारी अंतिम चरण में पूरी की जा रही है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जयंती समारोह समिति का चयन किया गया, जिसमें युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष को अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद साह को अध्यक्ष बनाया गया। सचिन रमाकांत साह सेवानिवृत्ति फौजी, कोषाध्यक्ष आदित्य कुमार और उपकोषाध्यक्ष अमित कुमार को बनाया गया है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने से बैठक में उपस्थित युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद साह, प्रदेश अध्यक्ष कुंदन कुमार गुप्ता, प्रदेश संरक्षक शंकर साह ,प्रदेश वरीय उपाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता और अनेकों गणमान्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## हार्वे मध्य विद्यालय में छात्र-छात्राओं के बीच नोटबुक का वितरण



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र के हार्वे मध्य विद्यालय में मंगलवार को विद्यार्थियों के बीच नोटबुक का वितरण किया गया। प्रधानाध्यापक रंजीत कुमार व उपस्थित शिक्षकों ने संयुक्त रूप से विद्यार्थियों को नोटबुक उपलब्ध कराया। प्रधानाध्यापक ने विद्यार्थियों से कहा कि आप लोगों को पढ़ने के दौरान लिखने में असुविधा नहीं हो, कॉपी के लिए परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। इसलिए सरकार ने आप सबको कॉपी उपलब्ध कराया है। सभी विद्यार्थी अपना गृह कार्य व विद्यालय का कार्य कॉपी में करें। सभी विद्यार्थियों ने खुशी जाहिर की।

# पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने पार्टी नेताओं के साथ संगठन की मजबूती पर की चर्चा

### भाजपा नेता डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी और कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता



अर्जुन मुंडा को मोमेंटो देते भाजपा नेता डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी।

विश्रामपुर (पलामू)। पलामू दौरे पर आये पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने मंगलवार को विश्रामपुर के आरसीयू परिसर स्थित गेस्ट हाउस में पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ संगठन की मजबूती पर चर्चा किया। इस दौरान आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने अर्जुन मुंडा पूर्व को मोमेंटों व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी पुष्पगुच्छ देकर श्री मुंडा का स्वागत किया। श्री मुंडा ने पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से एक- एक कर बातें कर सबका हालचाल लिया, वहीं पार्टी व संगठन की मजबूती पर भी विस्तृत चर्चा किया। डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी से मेडिकल कॉलेज व अन्य शिक्षण संस्थानों को जानकारी ली। श्री चंद्रवंशी ने उन्हें बताया कि करीब एक सौ एकड़ में फैले क्षेत्र में अवस्थित विभिन्न शिक्षण संस्थानों में दस से पंद्रह हजार विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। मौके पर भाजपा के जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, भाजपा के वरिष्ठ नेता अलखनाथ पांडेय, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, बिहारी लाल गुप्ता, बबन राम, अमरेश तिवारी, लधीरन तिवारी, उपेंद्र तिवारी, रजनीश चंद्रवंशी सहित कई भाजपा नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पूर्व मुख्यमंत्री ने दिवंगत भाजपा नेता टिकैत चौबे के परिजनों से की मुलाकात, जाना हालचाल



विश्रामपुर (पलामू) (आजाद सिपाही)। पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने मंगलवार को रेहला थाने के केतात गांव पहुंचकर पार्टी के दिवंगत भाजपा नेता सुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे के परिजनों से मुलाकात कर न सिर्फ हाल चाल लिया बल्कि हरसंभव मदद करने का भरोसा भी दिलाया। इस दौरान दिवंगत नेता के सभी परिजन मौजूद थे। मालूम हो कि सुशील कुमार चौबे का निधन हृदयाघात से पिछले माह में हो गया था। उनके निधन के दूसरे दिन ही पूर्व मुख्यमंत्री अर्जन मुंडा उनके गांव आकर परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दिया था। पूर्व मुख्यमंत्री श्री मुंडा ने काफी देर तक उनके परिजनों से मिलकर एक- एक सदस्यों से हाल चाल पूछ कर पारिवारिक स्थिति की जानकारी लिया। श्री मुंडा ने कहा पार्टी में उनके योगदानों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने काफी ईमानदारी, निष्ठा व समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया था। यही कारण था कि उनकी छवि अन्य लोगों से अलग थी। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अलखनाथ पांडेय, डॉ ईश्वरसागर चंद्रवंशी, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, अशोक चौबे, विनय चौबे, शिवबंश मिश्रा, उपप्रमुख सत्येंद्र नारायण सिंह, अमरेश तिवारी, रासबिहारी तिवारी, डॉ बीपी शुक्ला, सुनील पांडेय सहित कई लोग मौजूद थे।

# वाहन जांच अभियान में दो लाख रुपये जुर्माना में वसूली



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिला परिवहन पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल के द्वारा अरमाई बायपास रोड में वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें बिना हेलमेट पहने मोटरसाइकिल वाहन ,ट्रक, हाइवा, कंटेनर, पिकअप, ट्रैलर, वाहनों का जांच अभियान चलाया गया, जिसमें सभी वाहनों से कागजात से संबंधित त्रुटियों को जांच किया गया। ज्ञात हो की आवश्यक दस्तावेज जैसे इंश्योरेंस ड्राइविंग लाइसेंस, ओवरलोड, परमिट, पोलूशन, टैक्स नहीं लेकर यात्रा करने तथा वाहन से संबंधित कागजात प्रस्तुत नहीं करने पर जुर्माना वसूला गया। जांच की इस प्रक्रिया मे दंड राशि वाहन से संबंधित आवश्यक कागजात नहीं प्रस्तुत करने पर वाहनों से 2.05 लाख रूपये (दो लाख पांच हजार रुपये) की दंड राशि वसूली गयी।

# डुमरी में ब्राउन शुगर के दो कारोबारी गिरफ्तार

**पुलिस ने किया 11 पुड़िया, 2.96 ग्राम खुला ब्राउन शुगर बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**डुमरी।** डुमरी प्रखंड के नवाडीह चौक पर नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ डुमरी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। इस कार्रवाई के बाद नशे के कारोबारी के बीच हड़कंप मचा हुआ है।

## दो लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

चैनपुर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ललित मीणा के नेतृत्व में डुमरी पुलिस ने नवाडीह चौक पर छापेमारी कर ब्राउन शुगर बेचने वालों का भंडा फोड़ करते हुए दो लोगों को हिरासत में लिया है।



एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि यहां एक घर में ब्राउन शुगर छुपाकर रखा गया है। इसी सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई की। जिसमें पुलिस को सफलता मिली। इस छापेमारी के दौरान पुलिस ने जोहान एक्का के पुत्र 19 वर्षीय एडिक एक्का के घर से 11 पुड़िया और 2.96 ग्राम खुला ब्राउन शुगर बरामद किया।

## एसडीपीओ ने मीडिया को बताया

मौके से एडिक एक्का और अमित टोप्पो उर्फ बॉयलर को गिरफ्तार किया गया। एसडीपीओ ललित मीणा ने कहा कि नवाडीह चौक के समीप नशे के इस व्यापार की सूचना मिल रही थी, जिसके अलोक में छापेमारी की गयी। आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है और इसमें संलिप्त अन्य लोगों पर भी कार्रवाई होगी।

## नशे के कारोबारियों की टूटी कमर

डुमरी में नशे का कारोबार इतना फैला हुआ है कि अधिकतर युवा इसकी चपेट में आते जा रहे हैं। यह कार्रवाई सिर्फ दो आरोपियों की गिरफ्तारी तक सीमित नहीं रहेगी ,यह पूरे क्षेत्र में फैले नशे के कारोबारियों की कमर तोड़ने जैसा है। नशे की गिरफ्त से समाज को सुरक्षित रखने के लिए पुलिस-प्रशासन और समाज को मिलकर काम अभियान की तरह करना होगा।

### दो वर्षों से कटी हुई है बागबोथा की बिजली

# पुलिस पिकेट, मोबाइल टावर और बिजली की मांग



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** रायडीह प्रखंड क्षेत्र के सुरसांग थाना अंतर्गत कुशिया झारन लोंगे पानी कोंडरा के ग्रामीण कोंडरा मुखिया लंकेश्वर बड़ाइक की अगुवाई में मंगलवार की अपराह्न 3 बजे उपायुक्त कार्यालय पहुंचे और क्षेत्र की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। मुखिया लंकेश्वर बड़ाइक ने बताया कोंन्डरा पंचायत क्षेत्र में आए दिन बकरी गाय वाहन व घरों में चोरी की घटनाएं हो रही है। सुरसांग थाना दूर होने से ग्रामीणों को समस्याएं होती है। वही उपायुक्त से मिलने आए बाग बोथा के ग्रामीणों ने बताया 2 वर्षों से गांव का ट्रांसफार्मर खराब है बिजली विभाग को आवेदन देकर ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की गयी थी विभाग द्वारा स्टॉक नहीं है होगा तो लगा दिया जायेगा का आश्वासन दिया गया था। लेकिन 2 साल बीतने के बाद भी अब तक ट्रांसफार्मर नहीं लगा। वही डोंगियारी कुशिया झारण और लोंगे पानी के ग्रामीणों ने बताया बिजली की सुविधा नहीं मिलने से हम लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं कई बार बिजली विभाग से गुहार लगाई गई लेकिन सुनवाई नहीं हुई। विभाग द्वारा सिर्फ टाल मटोल किया जाता है। सुरसांग गांव के ग्रामीणों ने बताया क्षेत्र में टावर की समस्या है फोन में बात करने के लिए पहाड़ों में चढ़ना पड़ता है। राशन का ठेपा लगाने के लिए पहाड़ों में जाना पड़ता है जिससे दिन भर बर्बाद हो जाता है। ग्रामीणों ने क्षेत्र में टावर लगाने की मांग की है।

# लायंस क्लब ने मनाया पदस्थापना समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** लायंस क्लब गुमला का पदस्थापना समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि जिला 322 एके जिला पाल लायन पीएमजेएफ संजय कुमार, पदस्थापना पदाधिकारी पीएमजेएफ राहुल वर्मा, फर्स्ट वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर शुभ्रा मजूमदार, पूर्व जिला पाल माधव लखोटिया, पूर्व जिला पाल सिद्धार्थ मजूमदार और जिला पीआरओ अरुण कुमार सिंह थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने लायंस क्लब के 35वें पदस्थापना समारोह की सराहना की और कहा कि गुमला जिला का लायंस क्लब पूरे जिला में अपना एक विशेष स्थान रखता है। उन्होंने कहा कि इस क्लब के सदस्य बहुत ही अनुशासित हैं और सभी कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। इंस्टॉलिंग ऑफिसर लायन राहुल वर्मा ने कहा कि वह गुमला जिला में 10वीं बार आ रहे हैं और यहां का पदस्थापना समारोह करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह क्लब की खास बात है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में मेंबर्स की उपस्थिति होती है और सभी एकजुट होकर काम करते हुए क्लब का नाम रोशन करते हैं। लायन सिद्धार्थ मजूमदार ने कहा कि लायंस क्लब गुमला का जिला में एक पहचान है और इसे सभी लोग जानते हैं। उन्होंने कहा कि इस क्लब के कार्यशैली और कार्य करने की क्षमता बहुत ही सराहनीय है। लाइन माधव लखोटिया ने भी इस क्लब को हर संभव मदद करना का आश्वासन देते हुए क्लब की भूरी भूरी प्रशंसा की। सर्वप्रथम पदस्थापना समारोह के चेयरपर्सन एमजेएफ लाइन शंकर लाल जाजोदिया ने आगत अतिथियों का स्वागत किया और कहा कि इस पदस्थापन समारोह में सभी सदस्य दूर-दूर से आए हैं, उन्हें हार्दिक धन्यवाद और बधाई। नये अध्यक्ष मुरली मनोहर प्रसाद ने कहा कि मैं अपने कर्तव्य का पालन सच्ची निष्ठा और श्रद्धा के साथ करूंगा और टीम भावना से साथ काम करूंगा। सभी सदस्यों के मान सम्मान का ख्याल रखूंगा और जो भी कार्य पिछले साल हुआ है ,उससे अधिक बढ़ चढ़कर कार्यक्रम करूंगा और जितना हो सके जिला के निर्देश का अनुकरण करते हुए सभी कार्यों का निष्पादन करूंगा। धन्यवाद ज्ञापन लाइन दामोदर कसेरा ने की। मंच का संचालन ला पवन कुमार अग्रवाल एवं ला महेश प्रसाद गुप्ता ने सफलतापूर्वक किया।

## झानद और ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच की सभा आज

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल व ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच बिशुनपुर इकाई के बैनर तले 20 अगस्त 2025 को पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत प्रखंड मुख्यालय बिशुनपुर ब्लॉक के पास सभा बुलायी गयी है। यह सभा बिशुनपुर प्रखंड के हजारों लोग जो अपना मेहनत का पैसा सहारा इंडिया, एपीलाइन, साईं प्रकाश, विश्वामित्र, वेलफेयर, पल्स, बेड़ो बैंक, बारिश, इत्यादि दर्जनों दर्जन ननबैंकिंग कंपनी में करोड़ों रुपए जमा मेहनत के पैसे मैच्योरिटी होने के बावजूद भुगतान नहीं होने के विरुद्ध तथा जल्द भुगतान की मांग को लेकर बुलायी गयी है। सभा दिन के 11 बजे से रखी गयी है। सभा में मुख्य रूप से ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह भाग लेंगे।

# स्थायी शेड युक्त पड़ाव की मांग को लेकर चैंबर ने श्रम अधीक्षक से की मुलाकात



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** 19 अगस्त मंगलवार को गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधि मंडल चैंबर अध्यक्ष राजेश सिंह की अध्यक्षता में गुमला के नवनियुक्त श्रम अधीक्षक धीरेंद्र नाथ महतो से उनके कार्यालय में मिले और पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया और चैंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यशैली के बारे में अवगत कराया। सर्वप्रथम सचिव बबलू वर्मा ने उपस्थित पदाधिकारीयों का परिचय कराया तत्पश्चात श्रम विभाग और गुमला के व्यापारियों के बारे में समन्वय बनाकर सकारात्मक रूप से कार्य करने की और जो भी परेशानी होती है उसके बारे में विस्तार से चर्चा हुई। चैंबर अध्यक्ष राजेश सिंह ने विशेष रूप से एक मांग किया के प्रति दिन दैनिक मजदूर जो बाहर से काम करने आते हैं उनके लिए एक स्थायी शेड युक्त पड़ाव का व्यवस्था कर दिया जाये। पदाधिकारी की तरफ से सकारात्मक आश्वासन दिया गया और आने वाले दिनों में व्यापारियों के साथ एक संयुक्त बैठक कर अन्य बिंदुओं पर चर्चा की जायेगी। मौके पर चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह के साथ सचिव बबलू वर्मा सह सचिव प्रणय साहू पीआरओ प्रतीक अग्रवाल कार्यकारिणी सदस्य विकास सिंह आदि उपस्थित थे।

## पतराटोली की युवती ने रांची में लगायी फांसी

**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी थाना क्षेत्र के सीसी करमटोली पंचायत अंतर्गत सीसी पतराटोली गांव की निवासी अनिशा श्वेता ने रांची के मिलन चौक स्थित महतो लॉज के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार अनीशा श्वेता उषा मार्टिन विश्व विद्यालय अनगड़ा के नर्सिंग की छात्रा थी। साथ ही मृतिका ने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है। जिसमें उसने अपने मौत का जिम्मेदार खुद को बताया है। वही सीसी पतराटोली गांव के ग्रामीण दानियल कुजूर ने बताया कि अनीशा श्वेता ने एक साल पूर्व ही रांची पढ़ाई के लिए गयी हुई थी। वही श्वेता सहित तीन बहन थी। दीपांजलि कुजूर, वैशाली कुजूर तीनो बहनों में से अनिशा श्वेता सबसे छोटी बहन थी। वही बड़ी बहन दिपांजली गांव के ही जोलसन कुजूर से शादी कर ली व एक भाई दिनीष प्रीतम था। उसने भी सन 2019 में भी जहर खाकर आत्महत्या कर लिया था।

Govt. of Jharkhand
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department, Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002
e-mail— eercdapfsdran-jhr@nic.in

e-Procurement very Short Notice
e-Tender Reference No .-RCD/FSD/AP/RAN/09/25-26 Dated 18.08.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report for Widening and Strengthening/Reconstruction of 1) Kajra more (PWD road) to Pabiya (A.D.B road) via Mohanpur, Bena, Kashitand Road 2) Asanhariya (PWD road) to Basti Palajori (A.D.B road) via Laibani, Nawakol Road. 3) Karmatand bazar bypass Road including replacement of culverts and bridges, proposal of new culverts and bridges etc., complete Land Acquisition Proposal including ownership details, Resettlement and Rehabilitation Proposal and Forest Diversion Proposal including clearance of all stages etc as required all complete as per latest guidelines, at Jamtara District in the state of Jharkhand from Consultants empanelled in Category-I with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Tentative Length | 35 Km |
| 3- | Work completion time | 60 Days |
| 4- | Cost of Tender Document & Earnest Money Deposit (EMD) | Cost of Tender Document - Rs 5,000/- (Rupees Five Thousand)(Non-Refundable) through online mode only. EMD :- Rs 70,000/- (Rupees Seventy Thousand) through online mode only. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in) by Internet banking/ NEFT/ RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5- | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 21.08.2025, 05.00 PM |
| 6- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 28.08.2025, 12.30 PM |
| 7- | Date and Timing of Bid opening | 29.08.2025, 12.30 PM |
| 8- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi-834002, Mobile No-8051090751 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Field Survey Division, A.P
Road Construction Department, Ranchi

PR 359851 Road (25-26)_D

# राजकीय उच्च विद्यालय ढिढौली में पौधरोपण





आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** शांति इंडस्ट्री गुमला के द्वारा 14 अगस्त को राजकीय उच्च विद्यालय ढिढौली गुमला के प्रांगण में 100 पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शांति इंडस्ट्री के मालिक संजय कुमार अग्रवाल, प्रधानाध्यापक अब्दुल रजाक, शिक्षक रविंद्र साहू, गौतम देवरिया, बीके ममता, कुसुम, मंगल, अमित तथा विद्यालय के अन्य शिक्षक एवं विद्यार्थियों के सहयोग से विद्यालय प्रांगण में 100 पौधारोपण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# कामडारा में ग्रामीणों ने श्रमदान कर कच्ची सड़क की मरम्मत की

आजाद सिपाही संवाददाता

**कामडारा।** कामडारा ग्रामीणों ने एक किलोमीटर कच्ची पथ का मरम्मती श्रमदान से किया। प्राप्त जानकारी अनुसार प्रखंड के कामडारा जामटोली गांव के ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से श्रमदान के माध्यम से मंगलवार को एक किलोमीटर कच्ची पथ का मरम्मती कार्य किया। ग्रामीणों ने जरिया सड़क से गांव जामटोली होते हुए कर्बला बगीचा वाली कच्ची पथ तक और जामटोली के रास्ते तुरबूल चौक के समीप पक्की पथ तक के रास्ते का श्रमदान कर सड़क का मरम्मती कार्य पूर्ण किया। इधर ग्रामीणों ने बताया कि सड़क काफी जर्जर हालत थी और



सड़क में चलना दुभर हो गया था देखा कि सरकार इस सड़क के मरमती अथवा निर्माण में कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रही है तब हम ग्रामीण श्रमदान कर सड़क को ठीक करने का निर्णय लिया और इस सड़क की मरम्मती की गयी। जिसमे पंचानन सिंह ओमप्रकाश सिंह अमन तोपनो, भड़िया तोपनो तुलसी लोहरा, बसंत सिंह, हिलारूस विसराम, निरंजन सिंह, बिरसाव तोपनो, अनिल कंडूलना, रमेश सिंह,अमन तोपनों,झमन सिंह, भागीरथी सिंह, अनिल कंडुलना, करमा तोपनों,दुखन तोपनों, अमर हंस, दिगाम्बर सिंह, बिजय सिंह समेत अन्य गांव के सभी लोगों ने श्रमदान किया।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड थाना क्षेत्र के हंसनगर की रहने वाली 14 वर्षीय किशोरी वर्षा भारती (काल्पनिक नाम) पिता स्व रवि भारती के साथ बलात्कार की घटना को अंजाम देने वाले 19 वर्षीय युवक तौहीद अंसारी पिता इलयास अंसारी सिसई मेन रोड निवासी को सिसई पुलिस ने गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया है। घटना के संबंध में पीड़िता की मां रंजु भारती उम्र 40 वर्ष पति स्व रवि भारती हंसनगर सिसई ने थाने में मेन रोड सिसई निवासी युवक तौहीद अंसारी के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराते हुए कहा कि मेरी 14 वर्षीय नाबालिक बेटी रिधिमा वर्षा नेशनल पब्लिक स्कूल सिसई में 9 वीं कक्षा की छात्रा है। तौहीद अंसारी स्कूल आने जाने के क्रम में करीब आठ नौ महीना से पीछा कर रहा था और बातचीत करने का दबाव बना रहा था। बात नहीं करने पर जान से मारने की धमकी देता था।

# जन शिकायत निवारण दिवस में कई मामलों का ऑन स्पॉट समाधान

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस जन संवाद कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए नागरिकों ने भाग लिया और अपनी व्यथा, समस्याएं एवं आवश्यकताओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण दिवस में नागरिकों की समस्याएं राशन, आवास, स्वास्थ्य, नगर निकाय व्यवस्था, सड़क निर्माण, नशा मुक्ति, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा आदि विषयों से जुड़ी थीं, जिनमें कई समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया गया, जबकि शेष मामलों पर त्वरित एवं संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई के निर्देश दिये गये।



**11 हजार वोल्ट तथा एलटी तार हटाने हेतु आवेदन प्राप्त :** तिर्रा गांव निवासी ललिता देवी ने बताया कि इनके घर के ऊपर 11 हजार वोल्ट का तार तथा एलटी लाईन का तार लगा हुआ । जिससे कभी भी किसी प्रकार की दुर्घटना हो सकती है। उन्होंने जन शिकायत निवारण दिवस में आकर अपनी समस्या उपायुक्त के समक्ष रखी। उन्होंने बताया कि बारिश के दिनों में तथा तेज हवा चलने से घरवालों में डर का माहौल बना रहता है। इनके आवेदन पर संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया है।

**करंज टोली वार्ड नंबर तीन में क्रशर प्लांट स्थापित किये जाने की शिकायत पर जांच के आदेश :** करंज टोली वार्ड नंबर तीन के निवासियों का कहना है कि उक्त गांव में शिवालिक कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा क्रशर प्लांट स्थापित किया जा रहा है। क्रशर प्लांट लगाए जाने से ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। विशेषकर बच्चे एवं बुजुर्ग इससे अधिक प्रभावित होंगे। ग्रामीणों ने उपायुक्त से मिलकर इस संबन्ध में आवेदन सौंपा है। उनका कहना है कि इस गांव में क्रशर प्लांट नहीं लगाया जाये। इनके आवेदन पर जिला खनन पदाधिकारी को जांच एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिये गये हैं।

**रायडीह प्रखंड अंतर्गत स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय, केमटे में शिक्षक की कमी को दूर करने के निर्देश :** रायडीह प्रखंड अंतर्गत केमटे पंचायत में स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय, केमटे में वर्तमान में मात्र तीन महिला शिक्षक पदस्थापित हैं। जिससे कि बच्चों की अच्छों की पढ़ाई बाधित होती है तथा कक्षा संचालन में भी काफी कठिनाई आती है। शिक्षक की कमी के कारण कई अभिभावक अपने बच्चे को अन्यत्र किसी विद्यालय में नामांकित करवा रहे है। जन शिकायात निवारण दिवस में जनप्रतिनिधि द्वारा उपायुक्त से मिलकर यह समस्या बतायी गयी। उन्होंने कहा कि उक्त विद्यालय में विषयवार शिक्षकों की आवश्यकता है। जिससे बच्चों की पढ़ाई सुचारु रूप से हो और विद्यालय का संचालन भी सही से हो सके।

## इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग

पालकोट गांव निवासी मालावती देवी को पित्तनली में गांठ की समस्या है। उनका इलाज रांची के कई सरकारी अस्पताल में कराया गया। लेकिन डॉक्टरों द्वारा बताया गया कि इस बीमारी को सर्जरी के जरिए ही ठीक किया जा सकता। आवेदक का कहना है कि डॉक्टर द्वारा सर्जरी किसी निजी अस्पताल में कराया जाने की बात कही गई। लेकिन इनकी आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है। लेकिन परिवार सर्जरी कराने में असमर्थ है। इनके आवेदन पर उपायुक्त महोदया ने संज्ञान लेते हुए सिविल सर्जन,गुमला को आवश्यक कार्रवाई एवं सहयोग के निर्देश दिये हैं।

कार्यालय नगर परिषद् रामगढ़

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि रामगढ़ नगर परिशद् कार्यालय के द्वारा निकाले गए अति–अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या – NIT/RGH/NP/23/2024-25 जिसका PR 346779 (District) 2024-25 (D) में प्रकाशित कुछ योजनाओं का नाम टंकणीय भूल के कारण संशोधन की जाती है।

| क्र0सं0 | पूर्व में प्रकाशित योजना का नाम | संशोधित योजना का नाम |
|---|---|---|
| 1 | Laying of Pavers Block from (a) H/O Chitranjan Mahto to Quarter No. D-3 (b) Quarter No D-2 to PCC road in ward no 13. | Laying of Pavers Block and construction of Chabutra at Ansh Chauhan Mohalla, Subhash Nagar in ward no 13. |
| 2 | Laying of Pavers Block from Argada Check post Black top road to H/O of Ram Karmali and H/O Indrajeet Prasad to H/O of Kagu Munda via H/O of Akhtar Khan in ward no 12. | Laying of Pavers Block fromH/O Indrajeet Prasad to H/O of Kagu Munda via H/O of Akhtar Khan in ward no 12. |
| 3 | Laying of Pavers block (1) at Sirka Bazar (2) from Mustaqin Shop to H/O Maulana Wuhab (3) H/O Mustaqim to H/O Naushad in ward no 16. | Laying of Pavers block (1) at Sirka Bazar (2) from Mustaqin Shop to H/O Maulana Wuhab in ward no 16. |

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद् रामगढ़

PR 359856 District(25-26)#D

## सीपी चौधरी ने झारखंड के मजदूरों के अपहरण का मामला लोकसभा में उठाया

**कहा, अपहरण के तीन माह बाद भी अपहृत मजदूरों के संबंध में कोई सूचना नहीं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने मंगलवार को लोकसभा में पश्चिमी अफ्रीका के नाइजर के तिल्लाबेरी में कार्यरत झारखंड के गिरिडीह जिले के पांच मजदूरों के अपहत किये जाने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि यह घटना गुजरे 25 अप्रैल की है। इस बीच तीन महीना भी गुजर चुका है, लेकिन उनके संबंध में अभी तक कोई ठोस सूचना परिजनों को नहीं मिली है। स्थिति यह है कि इन अपहत मजदूरों के परिवार भावनात्मक एवं आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस घटना में 12 सुरक्षाकर्मी की हत्या भी हो चुकी है। ये सभी कल्पतरु प्रोजेक्ट इंटरनेशनल लिमिटेड परियोजना में कार्यरत थे। कहा कि एमइए और भारतीय दूतावास में स्पष्ट सूचना उपलब्ध करायी जाये कि अपहत मजदूरों की स्थिति क्या है, वे कहां है और किस प्रकार की रिहाई की कारवाई जारी है? यदि कोई जीवित प्रमाण (प्रूफ ऑफ लाइफ) प्राप्त हुआ है तो उसका विवरण साझा किया जाये।

सांसद ने अपहत मजदूरों की रिहाई एवं सुरक्षा सुनिश्चित सुनिश्चित करने के लिए क्या विशेष मिशन, समयबद्ध, आर्थिक कार्य योजना और राहत पैकेज जैसे राहत पैकेज (जैसे चिकित्सा, मनोविज्ञान समर्थन, आर्थिक सहायता आदि) तैयार की गयी है, के बारे में भी जवाब मांगा है। साथ ही मजदूरों की परिवारों को सरकार द्वारा क्या सहायता और मुआवजा दिया प्रदान किया जा रहा है, विशेष कर तब जब ये परिवार वित्तीय रूप से बेहद निर्बल हैं,को लेकर भीजवाब मांगा है। उन्होंने इस मामले को इस मामले को नियम 377 के अधिसूचना क्रम संख्या 29 के तहत लोकसभा में उठाया।

## मोहबनी में बस और पिकअप में टक्कर, एक दर्जन लोग घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**गोविंदपुर।** मोहबनी पंचायत के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। मंगलवार की सुबह एक बस और पिकअप वैन की सीधी टक्कर में लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गये। घायलों में बस के यात्री और पिकअप वैन में सवार लोग दोनों शामिल हैं।

यह हादसा सुबह करीब 10 बजे हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस तेज रफ्तार से आ रही थी और अचानक एक मोड़ पर सामने से आ रही पिकअप वैन से जा टकरायी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गये। पिकअप वैन में सवार कई लोग फंस गये, जिन्हें स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से बाहर निकाला गया। हादसे की सूचना मिलते ही गोविंदपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की सहायता से सभी घायलों को तुरंत पास के अस्पतालों में पहुंचाया। कुछ गंभीर रूप से घायल लोगों को धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसएनएमएमसीएच) रेफर किया गया है। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है, लेकिन प्रथम दृष्टया यह हादसा बस की तेज रफ्तार और ड्राइवर की लापरवाही की वजह से हुआ प्रतीत होता है। इस हादसे के बाद हाईवे पर कुछ देर के लिए यातायात बाधित हो गया था, जिसे पुलिस ने तुरंत नियंत्रित कर सुचारू किया। इस घटना ने एक बार फिर हाईवे पर सुरक्षा उपायों और तेज रफ्तार वाहनों के खतरों को लेकर सवाल खड़े कर दिये हैं।

## महुदा इंटर कॉलेज में तिरंगे का अपमान का वीडियो वायरल

**महुदा (आजाद सिपाही)।** स्वतंत्रता दिवस पर महुदा इंटर कॉलेज में तिरंगा फहराने के दौरान हुई लापरवाही का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि कॉलेज सचिव दीपनारायण शर्मा ध्वज फहराते समय रस्सी इतनी जोर से खींचते हैं कि राष्ट्रीय ध्वज टूटकर जमीन पर गिर जाता है। यह दृश्य कॉलेज के छात्रों और शिक्षकों की मौजूदगी में हुआ और किसी ने मोबाइल पर रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर डाल दिया। वीडियो सामने आते ही स्थानीय लोगों ने नाराजगी जताई और इसे राष्ट्रीय ध्वज का अपमान बताते हुए जिम्मेदार पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि यह घटना गंभीर लापरवाही ही नहीं, बल्कि देश की गरिमा से जुड़ा मुद्दा है। प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग हो रही है। गौरतलब है कि कॉलेज सचिव दीपनारायण शर्मा पहले भी विवादों में घिरे रहे हैं।

## बाबूलाल मरांडी से भेंट कर बीएसएल विस्तारीकरण की पहल का आग्रह किया



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी से रांची में मिलकर बीएसएल के प्रस्तावित विस्तारीकरण को शीघ्र प्रारंभ करने और बीजीएच को सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल बनाने के लिए गम्भीर पहल करनेका आग्रह किया है। इस बाबत जारी प्रेस विज्ञप्ति में कुमार अमित बताया कि नेता प्रतिपक्ष को ज्ञापन सौंपते हुए बोकारो में जारी महाहस्ताक्षर अभियान से अवगत कराया गया। श्री मरांडी ने जारी इस अभियान के तहत प्रधानमंत्री को पोस्टकार्ड लिख कर इस अभियान को समर्थन दिया है। साथ ही,बोकारो सहित झारखण्ड के विकास को गति देने एवं यहां के युवाओं को रोजगार का अवसर उपलब्ध कराने वाले वाले इस प्रस्तावित परियोजना को शीघ्र प्रारंभ करने हेतु उच्च स्तरीय पहल करने की भी बात कही।


**Govt. of Jharkhand**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department,**
Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002 e-mail— eercdapfsdran-jhr@nic.in

**e-Procurement very Short Notice**

e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/11/25-26 Dated 18.08.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Consultancy services for preparation of Detailed project report for Saico to Maranghada road via Dombari, Buru road including replacement of culverts and bridges, proposal of new culverts and bridges etc., complete Land Acquisition Proposal including ownership details, Resettlement and Rehabilitation Proposal and Forest Diversion Proposal including clearance of all stages etc as required all complete as per latest guidelines, at Khunti in the state of Jharkhand from Consultants empanelled in Category-I with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2 | Tentative Length | 14.200 Km |
| 3 | Work completion time | 60 Days |
| 4 | Cost of Tender Document & Earnest Money Deposit (EMD) | Cost of Tender Document - Rs 5,000/- (Rupees Five Thousand) (Non-Refundable)through online mode only. EMD :- Rs 30,000/- (Rupees Thirty Thousand) through online mode only. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in) by Internet banking/ NEFT/ RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5 | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 21.08.2025, 05.00 PM |
| 6 | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 28.08.2025, 12.30 PM |
| 7 | Date and Timing of Bid opening | 29.08.2025, 12.30 PM |
| 8 | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi- 834002, Mobile No-8051090751 |

For further information please go through the website http://jharkhand tenders.gov.in

Executive Engineer
Field Survey Division,A.P
Road Construction Department, Ranchi

PR.NO.359842 Road(25-26):D


## धनबाद जिला डेकोरेशन एसोसिएशन शाखा जोरापोखर का त्रिवार्षिक चुनाव संपन्न



**झरिया/ जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** धनबाद जिला डेकोरेशन एसोसिएशन शाखा जोरापोखर का त्रिवार्षिक चुनाव मंगलवार को भागा रेलवे के समीप स्थित आशीर्वाद विवाह भवन में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। चुनाव में कुल 81 मतदाताओं में से 78 ने मतदान किया, जिनमें 5 महिला मतदाता भी शामिल थीं। इस चुनाव में अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए कुल 6 प्रत्याशी मैदान में थे। अध्यक्ष पद के लिए प्रदीप मुखर्जी और गौतम कुमार रंजन के बीच सीधी टक्कर हुई, जिसमें गौतम कुमार रंजन ने 44 मत प्राप्त कर विजय हासिल की वहीं प्रदीप मुखर्जी को 33 मत मिले जबकि 1 मत रद्द हुआ। सचिव पद पर रमेश पांडेय और राजेंद्र विग आमने-सामने थे। दोनों प्रत्याशियों को 39-39 मत मिले। बराबरी की स्थिति में लॉटरी की प्रक्रिया अपनाई गई, जिसमें राजेंद्र विग विजयी घोषित किए गए। कोषाध्यक्ष पद पर भी कड़ा मुकाबला हुआ। मधुसूदन सेन को 38 और समीमउद्दीन को 40 मत मिले। समीमउद्दीन ने जीत दर्ज करते हुए यह पद अपने नाम किया। चुनाव के लिए तीन मतपेटियां बनायी गयी थींअध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष पद हेतु। मुख्य चुनाव पदाधिकारी की जिम्मेदारी मंजीत सिंह ने निभायी, जबकि भरत जी भगत, चंदन सेन, समीरण सरकार, जयंतो दत्ता, राजेश गुप्ता, ओमप्रकाश और जमुना राम ने चुनाव प्रक्रिया को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभायी।

## गोल संस्थान ने धूमधाम से मनाया 28वां स्थापना दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** कोयलांचल में मेडिकल व इंजिनियरिंग की तैयारी कराने वाली विश्वनीय एवं भरोसेमंद संस्थान गोल इंस्टीट्यूट ने सोमवार को बड़े हर्ष और उल्लास के साथ अपना 28वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर संस्थान ने अपनी अब तक की उपलब्धियों का स्मरण किया साथ ही आने वाले वर्षों में विद्यार्थियों को नयी उंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प भी लिया। समारोह की शुरूआत अध्ययनरत छात्रों की उपस्थिति में गोल के सभी शिक्षकगण एवं सदस्यों ने दीप प्रज्वलन एवं केक काटकर की। पूरे कैंपस को आकर्षक रूप से सजाया गया जहां वातावरण उत्साह एवं उमंग से भरा हुआ था। विदित हो कि 1997 में गोल संस्थान के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक बिपिन सिंह के द्वारा एक छोटे से प्रयास के रूप में शुरू हुआ यह सफर आज एक विशाल आंदोलन का रूप ले चुका है। पिछले 28 वर्षों में गोल इंस्टीट्यूट ने मेडिकल एवं इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी में अपनी अलग पहचान बनायी है और अब तक लगभग 18,000 से अधिक विद्यार्थियों ने सफलता हांसिल कर संस्थान को गौरवान्वित किया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोल धनबाद के केंद्र निदेशक श्री संजय आनंद ने कहा कि हमारी सबसे बड़ी ताकत हमारे विद्यार्थी हैं। उनकी मेहनत, लगन और विश्वास ने ही हमें यहां तक पहुंचाया है। 28 वर्षों की यह यात्रा केवल संस्थान की नहीं बल्कि उन सभी छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों की साझा मेहनत और समर्पण का परिणाम है। गोल संस्थान धनबाद के अकादमिक विशेषज्ञ दीपक कुमार एवं भारती सिन्हा ने कहा कि धनबाद में शुरूआती वर्ष से ही विषय विशेषज्ञ शिक्षक देश के विभिन्न जगहों से आकर यहां के छात्रों को उच्च कोटी की शिक्षा मुहैया कराते रहें है। हर सफलता के पीछे विद्यार्थियों की मेहनत और परिवारों का विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। हमारी टीम हमेशा यही प्रयास करती रही है कि हर छात्र को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासित माहौल और सफलता की सही दिशा मिले। आने वाले वर्षों में हम और अधिक मेहनत तथा समर्पण के साथ विद्यार्थियों को उनके सपनों की मंजिल तक पहुचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम को सफल संचालन करते हुए अरूण, सुनील, रानी, पूजा, उमेश, मो वसिम, दिलीप सहित गोल टीम के सभी सदस्य एवं शिक्षकगण इस 28 वर्षों की गौरवशाली यात्रा का हिस्सा बनने पर गर्व महसूस करते हुए संस्थान की निरंतर प्रगति की कामना की।

## सिविल सर्जन ने वृंदावन नर्सिंग होम का किया निरीक्षण



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी अजय नाथ झा के निर्देश पर मंगलवार को सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद ने सेक्टर-4, सिटी सेंटर स्थित वृंदावन नर्सिंग होम का उच्च स्तरीय जांच कमिटी गठित कर स्वयं निरीक्षण किया। यह मामला साप्ताहिक जनता दरबार के दौरान आया। इसमें तिलका देवी के द्वारा अपने पति मुटूक रजवार के ऑपरेशन में गड़बड़ी होने के कारण वृंदावन नर्सिंग होम, बोकारो के खिलाफ प्राप्त शिकायत के आधार पर स्थली निरीक्षण किया गया। सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण उच्च स्तरीय गठित कमिटी के साथ स्वयं अस्पताल में भर्ती मरीज तथा उनके परिजनों से मिले। मरीज की स्थिति के बारे में अस्पताल के सर्जन से पूछताछ की गई तथा मरीज के बेटे को मरीज की सारी वस्तु स्थिति से अवगत कराया। रिम्स, रांची के हेपेटोबिलरी सर्जन से बात कर वृंदावन नर्सिंग होम बोकारो के प्रबंधन को मरीज की बेहतर स्थिति के लिए किसी भी तरह की सहायता हेतु तथा रिम्स, रांची भेजने के संदर्भ में एम्बुलेंस की व्यवस्था कराने एवं आर्थिक सहायता हेतु निर्देश दिया गया। मौके पर उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ एनपी सिंह, डॉ सौरव कुमार, डॉ निशांत कुमार, आयुष्मान के कार्डिनेटर अभिजीत बनर्जी सहित अन्य उपस्थित थे।

## बीआइटी सिंदरी में विशेषज्ञ सत्र आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया/ सिंदरी।** 19 अगस्त को मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग, बीआईटी सिंदरी द्वारा आयोजित तथा एआइसीटीइ ट्रेनिंग एंड लर्निंग (एटीएएल) अकादमी प्रायोजित फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) के दूसरे दिन उद्योग एवं शिक्षाजगत के विशिष्ट विशेषज्ञों के विचारोत्तेजक सत्रों का आयोजन हुआ। चल रहे इस एफडीपी का विषय है मेटल एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग एवं इंडस्ट्री 4.0 उपकरण, तकनीक और गुणधर्म। दिन की शुरूआत डॉ. मनीदिप्तो मुखर्जी, प्रधान वैज्ञानिक, सेंट्रल मैकेनिकल इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीएमइआरआइ), दुगार्पुर, पश्चिम बंगाल के व्याख्यान से हुई। इस क्षेत्र में एक दशक से अधिक का अनुभव रखने वाले डॉ. मुखर्जी ने मेटल एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग विनिर्माण प्रतिमानों में क्रांति विषय पर अपने विचार साझा किए और प्रतिभागियों को गहन तकनीकी ज्ञान एवं नवीन रणनीतियों से अवगत कराया। इसके पश्चात राजीव रंजन, पूर्व प्रमुख (कस्टमर क्वालिटी वेल्डिंग), टाटा मोटर्स, भारत ने एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग के लिए इंडस्ट्री 4.0 विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। 35 वर्षों के समृद्ध औद्योगिक अनुभव के आधार पर श्री रंजन ने उन्नत विनिर्माण प्रणालियों की नवीन पद्धतियों और उनके व्यावहारिक अनुप्रयोगों पर मूल्यवान दृष्टिकोण साझा किए।

इन सत्रों में प्रमुख अध्यापकों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें डॉ ओम प्रकाश, प्रो. कुलदीप कुमार, डॉ. चैतन्य शर्मा, डॉ. धनश्वर महतो, प्रो. अनीश कुमार, डॉ. सूर्य नारायण पांडा, श्री प्रभाकर, श्री बुधराम बोइपाई, डॉ. सुमित कुमार शर्मा, श्रीमती किर्ति माधवी तथा डॉ. सुमनथ साहा शामिल रहे। उनकी सहभागिता ने विचार-विमर्श को और अधिक समृद्ध बनाया और एफडीपी की सामूहिक भावना को प्रबल किया। दिनभर की गतिविधियों का कुशल संचालन डॉ. चैतन्य शर्मा और डॉ. ओम प्रकाश द्वारा किया गया, जिससे सभी प्रतिभागियों को एक सुचारु एवं प्रभावी अनुभव प्राप्त हुआ।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 14/2025–26**
**दिनांक– 18.08.2025**

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 01.09.2025 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 02.09.2025 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 02.09.2025 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7 .निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बारियातु के ग्राम–बिरबिर में मंडप से पाहनटोला होते हुए डैम तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2235200/- | 45 000 /- | 5000/ - | 45 (Forty Five )Days |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बारियातु के ग्राम–चुम्बा में देवी मंडप से बिरहोरी पतरा तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2069600/- | 415 00/- | 5000/ - | 45 (Forty Five )Days |
| 3 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बारियातु के ग्राम–मनातु में छापर नदी से बुलबुलीया धाम मंदिर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 745100/- | 15000/ - | 1250/ - | 30 (Thirty ) Days |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhand.gov.in पर देखें ।

PR 359790 (Building)25-26*D

कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार


## आइएसएम के विस्थापित अनिश्चितकालीन धरना पर



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** मैथन स्थित बीएसके कॉलेज के समीप आइआइटी आइएसएम के लिए हो रहे जमीन अधिग्रहण के दौरान विस्थापित हो रहे करीब 26 लोगों ने वैकल्पिक व्यवस्था एवं मुआवजे की मांग करते हुए सोमवार से भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ग्रामीण के जिला अध्यक्ष दीपा दास के नेतृत्व में मैथन स्थित कल्याण गुरुकुल के समीप अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गये। इस दौरान धरना स्थल पर पूर्व विधायक अपर्णा सेनगुप्ता भी पहुंची और प्रबंधन से मांग किया कि बिना भेदभाव किया विस्थापित हो रहे लोगों को वैकल्पिक व्यवस्था किया जाये।

## तृतीय सोपान परीक्षण शिविर का समापन

**मिहिजाम (आजाद सिपाही)।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, चितरंजन में तीन दिवसीय गाइड्स तृतीय सोपान परीक्षण शिविर का समापन समारोह सम्पन्न हुआ। आयोजित शिविर में कोलकाता संभाग के विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों से पहुंचे गाइड्स ने भाग लिया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में चिरेका सीपीओ रंजन मोहंती तथा विशिष्ट अतिथि चिरेका डीजीएम श्री यू.के. मैती उपस्थिति हुए। समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रंजन मोहंती ने कहा अनुशासन, सेवा भावना और सामूहिकता यही जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता की कुंजी हैं। गाइड्स को चाहिए कि वे इन गुणों को अपने जीवन में आत्मसात करें। छात्राओं ने सामुदायिक सेवा की भावना को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। समापन से पूर्व गाइड्स ने पैदल यात्रा करते हुए चितरंजन स्थित चिल्ड्रन पार्क का भ्रमण किया, जहां उन्होंने हाइकिंग एवं मार्गदर्शन कौशल से जुड़ी व्यावहारिक प्रशिक्षण गतिविधियों में भाग लिया।

## जनता दरबार में पहुंची महिला को आधे घंटे में दिया गया पेंशन का लाभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** समाहरणालय परिसर में प्रत्येक सप्ताह आयोजित होने वाले जनता दरबार में आज मंगलवार को कुल 56 से अधिक मामलों पर सुनवाई की गई। जनता दरबार में पहुंची नावाडीह प्रखंड अंतर्गत मुंगोरंगामाटी पंचायत के निवासी बबीता कुमारी को विधवा पेंशन का लाभ दिया गया। बबीता कुमारी का पति भुवनेश्वर कुमार महतो जिसका तेलंगाना के पटनचेरू में काम के दौरान दिनांक 13 जून, 2024 को निधन हो गया था, उनके पीछे एक वृद्ध मां, एक वर्ष की पुत्री एवं पत्नी को छोड़ गए है। परिवार का भरण पोषण उन्हें के सहारे था। बबीता कुमारी ने बताया कि अभी तक उन्हें पेंशन का लाभ नहीं दिया जा रहा है और न ही आवास एवं अन्य कोई लाभ मिला है। जिससे परिवार का भरण पोषण करना मुश्किल हो गया है। इस पर उपायुक्त ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि उक्त महिला को विधवा पेंशन का लाभ दिया जाय। सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी ने निर्देश पर अमल करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी नावाडीह से टेलीफोन से बात की। जिसके बाद तुरंत आधे घंटे के अंदर उक्त महिला को पेंशन का लाभ दिया गया। इस दौरान उक्त महिला ने उपायुक्त का आभार जताया। जनता दरबार में एक मामला बीएसएल में कार्यरत ठेका श्रमिक से संबंधित आया। श्रमिक ने दुर्घटना के बाद समुचित उपचार - आर्थिक सहायता का अभाव, परिवार के भरण-पोषण की समस्या आदि की शिकायत उपायुक्त के समक्ष रखी। ठेका श्रमिक स्टेशन रोड कुमीर्डीह निवासी रघुनाथ गोरांई ने बताया कि बीएसएल के ठेका कंपनियों के माध्यम से प्लांट में कार्य करने के दौरान वह दुर्घटनागस्त हो गये। उनका दोनों पैर कट गया है। साथ ही बताया गया कि घटना के समय कंपनी द्वारा जो तय किया गया, उसका अनुपालन नहीं हो रहा है। संबंधित कंपनी किसी भी तरह की सहायता देने में आनाकानी कर रही है। उधर, पैर से दिव्यांग हो जाने के कारण परिवार के समक्ष भरण झ पोषण की भी समस्या उत्पन्न हो गई है। इस पर उपायुक्त ने गंभीर रुख अपनाते हुए कहा कि बीएसएल में कार्यरत कोई भी कर्मी-चाहे वह स्थायी हो या ठेका श्रमिक-बीएसएल परिवार का हिस्सा है। ऐसे में किसी भी दुर्घटना की स्थिति में उसका इलाज कराना और उसका साथ देना प्रबंधन की नैतिक जिम्मेदारी है।


**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Limited**
(CIN: U40108JH2013SGC001704)
**Office of General Manager**
Transmission Zone-I, Kusai Colony, Doranda, Ranchi
Ph.- 2490513 Email:- gm.jusnl@gmail.com

**TENDER NOTICE**

Sealed Tenders in two parts Part-I (Technical and Commercial) and Part-II (price part) in separately sealed envelopes are invited from the reputed tenderers having good experience of following similar type of Civil works and having sound financial status:

| NIT.NO. | Name of works | Estimated cost (In Rs.) | Earnest money to be deposited (In Rs.) | Cost of BOQ (Non-Refundable) (In Rs.) | Last date and time for submission of Tender | Date and time for opening of Tender (Part-I) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 327/PR/JUSNL/2025-26 | Construction of collapsed boundary wall at southern side switchyard at 132/33 KV G/S/S, Namkum, Ranchi. | 9,63,100.00 | Rs 19,300.00 | Rs 1,250/- + 18% GST= Rs 1,476/- | Up to 3:00 P.M. on 10/09/2025 | At 3.30 P.M. on 11/09/2025 | 02 Month |

1. Tender documents **can be purchased from the office of the undersigned from any working day till one day before** the date of submission of Tender in working hours after depositing cost of BOQ (Non- refundable) in shape of Bank Draft in favour of Manager (F&A), Transmission Zone-I, payable at Ranchi.
2. Tenderer will have to submit the Earnest Money in shape of original Bank Draft along with all documents as per Eligibility Condition/ Criteria, otherwise tender may be considered for rejection. All certificate must be valid along with others terms and condition of contract as on the date of opening of Part-I of the tender.
3. Tenderer will have to submit an affidavit for declaration by the tenderer that their close members, blood relations/ proxies are not employed in any office of the Jharkhand Urja Vikas Nigam Limited & its subsidiary companies in the prescribed format in original.
4. Tenderers should satisfy himself and get acquainted with actual site condition of works by Inspection of site, before submitting their tender papers. No claim in this regard shall be entertained afterward.
5. Any company/ bidder will not be allowed to participate in tender whose any matter of litigation/ proceeding with JUVNL & its subsidiary companied are pending with department, in any court or in any vigilance department of State government.
6. Any Company / bidder debarred and blacklist by JUVNL and its subsidiary company or any State government/ Central Govt./ State PSU & Central PSU will not be entitled to participate in tender.
7. The undersigned reserves the right to extend the date of availability of tender documents on website, submission and opening of tender / distribution of the work among the tenderers or reject any or all the tenders without assigning any reason thereof.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-I, Ranchi

PR 359783 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd) 25-26 (D)

# पीएम नरेंद्र मोदी से मिले चीन के विदेश मंत्री दोनों देशों के संबंध मजबूत करने पर की बात

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने मंगलवार शाम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने पीएम मोदी से दोनों देशों के बीच बेहतर होते रिश्तों को लेकर बात की। इससे पहले चीनी विदेश मंत्री वांग यी और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के बीच चीन-भारत सीमा के सवाल पर 24वीं विशेष प्रतिनिधि स्तर की वार्ता हुई। बैठक को लेकर चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि चीनी विदेश मंत्री वांग यी और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने चीन-भारत सीमा मुद्दे और द्विपक्षीय संबंधों पर व्यापक, गहन चर्चा की। वांग यी ने कहा कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग की कजान में प्रधानमंत्री मोदी के साथ बैठक के दौरान बनी



महत्वपूर्ण सहमति ने चीन-भारत संबंधों को बेहतर बनाने और सीमा मुद्दे को ठीक से संभालने के लिए दिशा तय की।

## भारत को फर्टिलाइजर और रेयर-अर्थ मेटल देगा चीन

चीन भारत को खाद, रेयर अर्थ मटेरियल और टनल बोरिंग मशीन की सप्लाई करेगा। चीन के विदेश मंत्री मंत्री वांग यी ने भारत के विदेश मंत्री डॉ एस. जयशंकर को आश्वासन दिया कि इन जरूरतों को पूरा किया जाएगा। वांग यी 18 अगस्त को दो दिन के दौरे पर भारत पहुंचे। उन्होंने सोमवार को जयशंकर के साथ द्विपक्षीय बातचीत की थी। इस दौरान दोनों देशों ने आपसी रिश्तों को आगे बढ़ाने और सहयोग बनाये रखने पर सहमति जताई।

चीन की सरकारी एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक वांग यी ने कहा- दुनिया में हालात तेजी से बदल रहे हैं। फ्री ट्रेड और अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। भारत और चीन, जो सबसे बड़े विकासशील देश हैं और जिनकी आबादी मिलकर 2.8 अरब से ज्यादा है, उन्हें जिम्मेदारी दिखाते हुए एक-दूसरे का सहयोग करना चाहिए। वांग यी ने 19 अगस्त को भारत के ठरअ अजित डोभाल के साथ सीमा मुद्दे पर बात की। वांग यी ने कहा कि पिछले कुछ सालों में जो समस्याएं आयी हैं, वे दोनों देशों के लोगों के हित में नहीं थीं। उन्होंने पिछले साल अक्टूबर में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई मुलाकात का जिक्र भी किया।

# सुप्रीम कोर्ट ने पूछा : राष्ट्रपति ने सलाह मांगी तो दिक्कत क्या है


नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को राष्ट्रपति और राज्यपालों के बिलों पर हस्ताक्षर करने के लिए डेडलाइन लागू करने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली 5 जजों की संविधान पीठ ने पूछा, 'जब खुद राष्ट्रपति ने राय मांगी है तो इसमें दिक्कत क्या है? क्या आप वाकई इसे चुनौती देना चाहते हैं। बेंच ने कहा कि कोर्ट इस मामले में सलाहकारी अधिकार-क्षेत्र में बैठी है, यानी अभी यह कोई अंतिम आदेश नहीं बल्कि केवल राय देने की प्रक्रिया है। केंद्र सरकार की तरफ से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि ने सुप्रीम कोर्ट के अप्रैल 2025 वाले फैसले पर कहा कि क्या अदालत संविधान को फिर से लिख सकती है? कोर्ट ने गवर्नर और राष्ट्रपति को आम प्रशासनिक अधिकारी की तरह देखा, जबकि वे संवैधानिक पद हैं। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, 'संविधान सभा ने जानबूझकर गवर्नर और राष्ट्रपति के लिए कोई समय सीमा नहीं रखी थी।' इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि तमिलनाडु मामले में दखल इसलिए देना पड़ा, क्योंकि गवर्नर लंबे समय तक बिलों पर बैठे रहे और लोकतांत्रिक प्रक्रिया रुक गयी।

# बेरमो विधायक कुमार जयमंगल महागठबंधन की बैठक में हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**भोजपुर।** बेरमो विधायक कुमार जयमंगल (अनुप सिंह) आरा (भोजपुर) में जननायक राहुल गांधी, तेजस्वी यादव, दीपांकर भट्टाचार्य, मुकेश साहनी की होने वाली ऐतिहासिक वोटर अधिकार यात्रा को सफल बनाने की दिशा में कांग्रेस कमेटी कार्यालय के समीप होटल पार्क व्यू में महागठबंधन की एक महत्वपूर्ण एवं विस्तृत बैठक में सम्मिलित हुए।

बैठक में भोजपुर जिला के वर्तमान सांसद, पूर्व सांसद एवं वर्तमान विधायक एवं पूर्व विधायक, जिला परिषद के प्रतिनिधि, वर्तमान एवं पूर्व जिला



अध्यक्ष सहित महागठबंधन के अग्रणी संगठनों के सभी साथियों के साथ विचार-विमर्श हुआ। इस दौरान यात्रा की तैयारियों, सभा स्थल की सुनिश्चितता और प्रत्येक व्यक्ति को अपने-अपने दायित्व के अनुसार अधिक से अधिक जनसमूह को जोड़ने की रणनीति पर चर्चा की गयी।

सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने अपनी-अपनी राय साझा करते हुए इस बात पर जोर दिया कि राहुल गांधी की यात्रा और सभा को ऐतिहासिक बनाने हेतु अधिक से अधिक मतदाताओं, कार्यकर्ताओं और आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित की जाये।

## मुंबई में लगातार बारिश से सड़कें डूबीं

**नयी दिल्ली।** महाराष्ट्र के कई जिलों में मंगलवार को तेज बारिश जारी है। पिछले दो दिनों में बारिश से जुड़े हादसों में 6 लोगों की मौत हो गई। अगले 48 घंटे मुंबई, ठाणे, रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिले में रेड अलर्ट है। बीते दो दिन में 14 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से 8 नांदेड़ से थे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि सेना रेस्क्यू में जुटी है। करीब 500 लोगों का रेस्क्यू किया गया है। मुंबई में करीब 300` बारिश हुई है। मीठी नदी का जलस्तर घट रहा है। हालांकि अभी भी कई इलाकों में अलर्ट है। सुबह मीठी नदी का जलस्तर 3.9 मीटर बढ़ने के कारण कुर्ला क्रांति नगर एरिया से 350 से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू किया गया। शहर में आज भी स्कूल-कॉलेज, गवर्नमेंट और सेमी-गवर्नमेंट ऑफिस बंद हैं। सेंट्रल रेलवे ने 14 ट्रेनें (7 जोड़ी) कैंसिल कर दी हैं।






## गाजा में सीजफायर पर हमास सहमत

**गाजा।** हमास ने गाजा में सीजफायर और इजराइली बंधकों की रिहाई के समझौते पर सहमति जताई है। अमेरिका, मिस्त्र और कतर की मध्यस्थता के बाद यह प्रस्ताव अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ ने जून में पेश किया था। इसके तहत शुरूआती 60 दिनों के सीजफायर के दौरान हमास जिंदा बचे इजराइली कैदियों को दो चरणों में रिहा करेगा। साथ ही स्थायी युद्धविराम पर बातचीत होगी। हालांकि, इस पर अब तक इजराइल की प्रतिक्रिया नहीं आई है। इससे पहले 12 अगस्त को नेतन्याहू ने कहा था कि वह किसी समझौते को तभी स्वीकार करेगा जब सभी बंधकों को एक बार में रिहा कर दिया जायेगा।




























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**